SUPREME SUPERSPECIALITY HOSPITAL | SUPREME HEART CARE
आयुष्मान भारत (PMJAY)
महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना (MJPJAY)
और
मुख्यमंत्री वैद्यकीय सहायता निधि (CMRF)
की सुविधा अब सुप्रीम हॉस्पिटल गोंदिया में उपलब्ध
Vivekanand Colony, Hadditoli Gondia (Maharashtra) 441601
www.supremehospital.org
0718223221, 7378738884, 7507716433, 8624920084

बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) में एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 25 अप्रैल 2026 | दिन - शनिवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 87 | मूल्य - 5 रुपये

● बालाघाट ● वारासिवनी ● कटंगी ● बैहर ● मलाजखंड ● लांजी ● किरनापुर ● परसवाड़ा ● लालबर्रा ● गोंदिया - भंडारा ● तिरोड़ा ● आमगांव ● गोरेगांव ● सालेकसा ● देवरी ● साकोली

SAHAYOG HOSPITAL
7 Years
निःशुल्क एंजियोग्राफी शिविर
6 मार्च – 30 जून 2026
आयुष्मान भारत योजना (PMJAY) एवं MJPJAY के अंतर्गत निःशुल्क एंजियोप्लास्टी की सुविधा उपलब्ध
91 8888 001 426 / 07182 250006 / 07

THE MEGA STORE
sangam STORES
MAIN ROAD, GONDIA,
M. 7304444505
spykar | ARROW | KILLER | VERCELLI | Manyavar | CITRUS | U.S. POLO ASSN. | Raymond | OCM | TURTLE | J. HAMPSTEAD
● Coat, Pant, Sherwani ● Suiting Shirting

## ईरान के विदेश मंत्री अराघची अमेरिका के साथ वार्ता के लिए इस्लामाबाद पहुंचे

**इस्लामाबाद, (भाषा)।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची अमेरिका के साथ वार्ता के दूसरे दौर के सिलसिले में शुक्रवार देर रात इस्लामाबाद पहुंचे। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। अराघची के साथ एक प्रतिनिधिमंडल भी है जिसमें सरकारी प्रवक्ता इस्माइल बुकाई भी शामिल हैं। अराघची पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफऔर पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल जनरल सैयद आसिम मुनीर से मुलाकात करेंगे। वे शांति वार्ता के दूसरे दौर के लिए अमेरिकी अधिकारियों से भी मिल सकते हैं।

''पाकिस्तानी मध्यस्थता टीम के साथ महत्वपूर्ण चर्चाओं के बाद, अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता का दूसरा दौर इस्लामाबाद में होने की उम्मीद है।'' उन्होंने कहा कि वार्ता प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए एक अमेरिकी सुरक्षा दल पहले से ही इस्लामाबाद में मौजूद है। इस बीच, व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम एशिया मामलों के लिए अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार जेरेड कुशनर ईरान के साथ वार्ता के दूसरे दौर के लिए शनिवार को पाकिस्तान रवाना होंगे। अमेरिका और ईरान के बीच गत 11 और 12 अप्रैल को हुई पहली दौर की वार्ता बेनतीजा रही थी।

## मौसम विभाग की चेतावनी! अब सताएगी भीषण गर्मी, 7 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट..

नई दिल्ली।

***भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली और उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में तेज गर्मी का अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने बताया है कि 18 अप्रैल से हरियाणा के ऊपर से हीट वेव कंडीशन स्टार्ट हुई थी और धीरे-धीरे उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड,***

मध्य प्रदेश और दिल्ली के ऊपर बढ़ गई है। आने वाले दो सप्ताह तक भीषण गर्मी से राहत मिलने के कोई आसार नहीं हैं। पूरे देश में तापमान सामान्य से ऊपर बना रहेगा। देश के उत्तर-पूर्वी राज्यों में बारिश के कारण गर्मी से राहत मिल सकती है, लेकिन मैदानी इलाकों में तापमान कम होने की कोई संभावना नहीं है।

### इन राज्यों में बारिश के आसार

उत्तर पूर्वी भारत में बारिश होने की संभावनाएं ज्यादा हैं। असम और मेघालय में 25 से 27 अप्रैल तक 50 से 60 किमी घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इसके साथ ही भारी बारिश की भी चेतावनी नॉर्थ ईस्ट इंडिया के लिए और पश्चिम बंगाल और सिक्किम के लिए 25 से 27 अप्रैल तक दी गई है। झारखंड में 26 और 27 अप्रैल और मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में 23 और 24 अप्रैल को ओलावृष्टि हो सकती है। 30 अप्रैल से 6 मई के बीच एक पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय प्रदेशों को प्रभावित कर सकता है। साथ ही नॉर्थ इंडिया, सेंट्रल इंडिया और ईस्ट इंडिया के ऊपर वेस्टर्ली वेस्टली हवाएं चलती रहेंगी। अगले सप्ताह जम्मू कश्मीर और पहाड़ी राज्यों में हल्की बारिश हो सकती है। ईस्ट और नॉर्थ ईस्ट इंडिया में भारी बारिश भी हो सकती है। इसके अलावा केरल, लक्षद्वीप और कर्नाटक में भी बारिश होने की संभावना है।

### दिल्ली और यूपी में हीटवेव का अलर्ट

राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश और उसके सटे हुए छत्तीसगढ़ में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। छत्तीसगढ़, बिहार और विदर्भ के लिए भी हीट वेव की वार्निंग जारी की गई है। केरल के लिए भी हीट वेव की वार्निंग्स पहले सप्ताह के लिए जारी की गई है। पूरे भारत में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है। अगले सप्ताह राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, विदर्भ, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखंड में भी हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही जो अधिकतम तापमान लगभग पूरे देश में सामान्य से ऊपर रहने की संभावना है। गर्म रात की चेतावनी राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश के लिए जारी की गई हैं। अगले सप्ताह हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर बने रहने की संभावना है।

### पिछले सप्ताह कैसा रहा मौसम?

पिछले सप्ताह में 18 अप्रैल से हरियाणा के ऊपर से हीट वेव कंडीशन स्टार्ट हुई थी और धीरे-धीरे उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और दिल्ली के ऊपर बढ़ी। हरियाणा और उड़ीसा में एक-एक दिन वार्म नाइट कंडीशंस भी पिछले सप्ताह दर्ज की गई हैं। अत्यंत भारी वर्षा असम मेघालय में 21 अप्रैल को देखने को मिली है। इसके साथ ही भारी से बहुत भारी वर्षा असम मेघालय में 19 और 20 अप्रैल को भी देखने को मिली है। भारी वर्षा हमें नागालैंड, मणिपुर, त्रिपुरा, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय और उड़ीसा में भी एक-एक दिन देखने के लिए दर्ज की गई है। मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, कर्नाटक, तेलंगाना, हरियाणा, पश्चिम बंगाल और मेघालय में इस सप्ताह में ओलावृष्टि दर्ज की गई है। नॉर्थ इंडिया, नॉर्थ वेस्ट इंडिया, सेंट्रल इंडिया और नॉर्थ ईस्ट इंडिया में लगभग सभी जगह दो से 4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान अपने नॉर्मल से ऊपर रहा है।

॥ श्री जीणमाता की जय ॥ ॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero | BAJAJ | HONDA | TVS
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

## आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका..

## सांसद राघव चड्ढा समेत 7 राज्यसभा सदस्यों ने पार्टी छोड़ी, भाजपा में शामिल होने का किया ऐलान..

नई दिल्ली। (भाषा)।

***आम आदमी पार्टी (आप) को शुक्रवार को तब बड़ा झटका लगा जब राघव चड्ढा, संदीप पाठक और अशोक मित्तल सहित इसके सात राज्यसभा सदस्यों ने पार्टी छोड़ दी। चड्ढा ने पाठक और मित्तल के साथ संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आम***



आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्यों में से दो-तिहाई ने पार्टी छोड़ दी है और वे एक गुट के रूप में भाजपा में शामिल होंगे। चड्ढा ने कहा कि पार्टी सांसद हरभजन सिंह और स्वाति मालीवाल भी आप छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, ''आप, जिसे मैंने अपने खून-पसीने से सींचा और जिसे मैंने अपनी जवानी के 15 साल दिए, वह अपने सिद्धांतों, मूल्यों और मूल नैतिक मूल्यों से पूरी तरह भटक गई है।''हाल ही में चड्ढा को राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के उपनेता पद से हटा दिया गया था और उनकी जगह मित्तल को नियुक्त किया गया था। उन्होंने कहा, ''राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के 10 सदस्य हैं। इनमें से दो-तिहाई से अधिक सांसद इस पहल में हमारे साथ हैं।'' चड्ढा ने कहा, ''उन्होंने पहले ही हस्ताक्षर कर दिए हैं, और आज सुबह हमने राज्यसभा के सभापति को हस्ताक्षरित पत्रों एवं अन्य औपचारिक दस्तावेज सहित सभी आवश्यक कागजात सौंप दिए हैं।'' अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए चड्ढा ने कहा कि पार्टी अब देश के लिए नहीं, बल्कि अपने ही फायदे के लिए काम कर रही है। चड्ढा ने कहा, ''पिछले कुछ वर्षों में, मुझे यह महसूस होने लगा है कि मैं गलत पार्टी में सही व्यक्ति हूं। आज, मैं आप से अलग होने और जनता के साथ अधिक निकटता से काम करने के अपने निर्णय की घोषणा करता हूं।''इस दौरान राज्यसभा सदस्य संदीप पाठक ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि ऐसी स्थिति उत्पन्न होगी, लेकिन ऐसा हो गया है। पाठक ने कहा, ''मैं दस साल तक इस पार्टी से जुड़ा रहा। और आज मैं आम आदमी पार्टी से अलग हो रहा हूं।''गौरतलब है कि पंद्रह अप्रैल को, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फेमा जांच के तहत पंजाब में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल से जुड़े व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की थी।

### पंजाब के लोग पाला बदलने वालों को माफ नहीं करेंगे : संजय सिंह

आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने शुक्रवार को अपनी पार्टी के राज्यसभा सदस्यों के दलबदल की कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन लोटस' का हिस्सा बताया और कहा कि पंजाब की जनता पार्टी छोड़ने वाले उन सात सदस्यों को कभी माफ नहीं करेगी। बड़े पैमाने पर दलबदल कर आप के राज्यसभा सदस्यों के भाजपा से जुड़ने के बाद संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, सिंह ने पार्टी पर पंजाब में भगवंत मान सरकार के अच्छे कार्यों में बाधा डालने की साजिश रचने का आरोप लगाया। सिंह ने कहा कि पंजाब की जनता आम आदमी पार्टी को धोखा देने वाले सांसदों को कभी माफ नहीं करेगी।

### आप छोड़कर दलबदल कानुन में क्यों नही फंसे राघव चड्ढा..

गौरतलब है कि राघव चड्ढा के साथ ही अन्य छह सांसद भी भाजपा में चले गए, और इस तरह से चूंकि तकनीकि रुप से उन्होंने पार्टी का विलय भाजपा में कर दिया, जिससे कि वे दल बदल कानुन से बच गए हैं। दरअसल संविधान की दसवीं अनुसूची के अनुसार, अगर कोई सांसद अकेला पार्टी छोड़ता है, तो उसकी सदस्यता रद्द हो जाती है, लेकिन अगर किसी पार्टी के दो-तिहाई विधायक या सांसद एक साथ किसी दूसरी पार्टी में विलय करते हैं, तो उन पर दलबदल कानून लागू नहीं होता। इस मामले में अगर राघव चड्ढा अकेले ही आम आदमी पार्टी छोड़ते, तो दल-बदल विरोधी कानून तहत उनकी राज्यसभा सदस्यता रद्द हो जाती। ऐसे में राघव चड्ढा ने अपने साथी राज्यसभा सांसदों संदीप पाठक और अशोक कुमार मित्तल के साथ घोषणा की कि आम आदमी पार्टी के पास राज्यसभा के 10 सांसद हैं, जिनमें से सात यानी दो तिहाई अब पार्टी छोड़ रहे हैं और बीजेपी में विलय कर रहे हैं।

### आप ने क्यों नहीं किया निष्कासित ?

उधर आम आदमी पार्टी ने भी राघव चड्ढा को पार्टी से बर्खास्त नहीं किया। इसके पीछे सीधी सी वजह ये थी कि अगर पार्टी किसी सांसद को निकालती है, तो वह सांसद सदन में अपनी सदस्यता बरकरार रखता है। 'आप' नहीं चाहती थी कि चड्ढा पार्टी से बाहर रहकर भी सांसद बने रहें। हालांकि, राघव चड्ढा ने फिर भी पर्याप्त संख्या बल जुटाकर इस मामले को खत्म कर दिया और सीधे भाजपा में विलय का रास्ता चुन सदस्यता को बरकरार रखने में सफल हुए।

## अमेरिका ने चीन की तेल रिफाइनरी और 40 नौवहन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए

**वाशिंगटन, (एपी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नीत प्रशासन ने चीन की एक प्रमुख तेल रिफाइनरी और ईरानी तेल के परिवहन में शामिल लगभग 40 नौवहन कंपनियों और टैंकरों पर आर्थिक प्रतिबंध लगाये हैं। अमेरिका ने इस महीने फारस की खाड़ी के होर्मुज जलडमरूमध्य पर नाकेबंदी प्रभावी की है, जो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण है। ये प्रतिबंध राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के शी चिनफिंग के चीन में होने वाली मुलाकात से ठीक कुछ सप्ताह पहले लगाए गए हैं। शुक्रवार को लगाए गए प्रतिबंधों में हेंगली पेट्रोकेमिकल की डालियान बंदरगाह शहर में स्थित कंपनी भी शामिल है, जिसकी प्रतिदिन लगभग 400,000 बैरल कच्चे तेल को संसाधित करने की क्षमता है। अमेरिका वित्त मंत्रालय का कहना है कि हेंगली को 2023 से ईरान से कच्चे तेल की खेप मिल रही है और इससे ईरानी सेना को करोड़ों डॉलर का राजस्व प्राप्त हुआ है।

SONO VIEW
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
SONOGRAPHY | X-RAY | CT SCAN | MRI CENTER
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectic & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body CT Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182-231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com

## कोहली और देवदत्त का धमाल, आरसीबी ने गुजरात टाइटन्स को पांच विकेट से हराया..

बेंगलुरु, (भाषा)।

***देवदत्त पडिक्कल ने 55 रन और विराट कोहली ने 81 रन की बेहतरीन पारियां खेलीं जो साई सुदर्शन के शतक पर भारी पड़ गईं जिससे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटन्स को पांच विकेट से हरा दिया।***

पडीक्कल और कोहली के बीच दूसरे विकेट के लिए 115 रन की साझेदारी से आरसीबी लक्ष्य हासिल करने के करीब पहुंच गई। टीम ने अंत में 18.5 ओवर में 206 रन का लक्ष्य पूरा कर लिया और 10 अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। जैकब बेथेल के जल्दी आउट होने के बाद कोहली और पडीक्कल ने आक्रामक बल्लेबाजी का शानदार प्रदर्शन करते हुए गुजरात टाइटन्स के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दीं। उनका अंदाज पहली पारी में उनके प्रतिद्वंद्वियों द्वारा संभलकर रन बनाने के तरीके से बिल्कुल अलग था। कोहली ने जब खाता भी नहीं खोला था तब मोहम्मद सिराज की गेंद पर वॉशिंगटन सुंदर ने उनका कैच छोड़ दिया था। कोहली ने पिच के उछाल को बखूबी भांपते हुए प्रसिद्ध कृष्णा और कगिसो रबाडा का आसानी से सामना किया। कोहली ने चिन्नास्वामी स्टेडियम पर दबदबा बनाया और 30 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। दूसरी ओर पडीक्कल भी उतने ही शानदार लय में थे। उन्होंने कर्नाटक के अपने साथी खिलाड़ी प्रसिद्ध की गेंदों पर दो छक्के जड़े और राशिद की गेंद पर भी एक छक्का लगाया। उन्होंने अपने सीनियर खिलाड़ी (कोहली) से 10 गेंदें कम खेलकर अपना अर्धशतक पूरा किया।

देवदत्त को राशिद खान ने एक बेहतरीन गेंद पर आउट किया तो कोहली को जेसन होल्डर की एक उछाल भरी गेंद ने बोल्ड किया। इससे टीम थोड़ी मुश्किल में पड़ गई क्योंकि उन्होंने कप्तान रजत पाटीदार और जितेश शर्मा के विकेट भी गंवा दिए जिससे उनका स्कोर 173 रन पर पांच विकेट हो गया। लेकिन कृणाल पांड्या (नाबाद 23 रन, 12 गेंद) और टिम डेविड (नाबाद 10 रन) ने वहां से टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। इस तरह आरसीबी ने अपने घरेलू मैदान पर खेले गए पांच मैचों में चौथी जीत दर्ज की। इससे पहले सुदर्शन ने 100 रन की शानदार पारी खेली जिसकी बदौलत गुजरात टाइटन्स ने तीन विकेट पर 205 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। गुजरात टाइटन्स की पारी के 12.4 ओवर टी20 बल्लेबाजी के बिल्कुल उलट थे जिसमें पूर्व चैंपियन टीम ने यह साबित कर दिया कि इस प्रारूप में बिना आक्रामकता के भी रन बनाए जा सकते हैं। सुदर्शन ने आईपीएल में अपने तीसरे शतक के लिए 58 गेंद की पारी में 11 चौके और पांच छक्के लगाए। उनकी पारी टीम के लिए मजबूत नींव साबित हुई।

इस बाएं हाथ के बल्लेबाज ने अपने सलामी जोड़ीदार और कप्तान शुभमन गिल (32 रन, 24 गेंद) के साथ 128 रन की साझेदारी में शुरू से ही पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा। सुदर्शन ने पावरप्ले के दौरान 29 जबकि गिल ने सिर्फ सात गेंदें खेली थीं। तमिलनाडु के 24 साल के तमिलनाडु के इस बल्लेबाज ने पावरप्ले में 46 रन बनाए और फिर 33 गेंदों में बड़े ही शानदार अंदाज में अपना अर्धशतक पूरा किया, जिसके लिए उन्होंने रोमारियो शेफर्ड की गेंद पर एक जोरदार छक्का जड़ा। वह अपनी इस पारी के दौरान आईपीएल में सबसे तेज 2000 रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। अगले पचास रन उन्होंने और भी तेज गति से बनाए जिसके लिए उन्होंने सिर्फ 24 गेंद लीं। इस दौरान उन्होंने आरसीबी के स्पिन जोड़ी कृणाल पांड्या और सुयश शर्मा को पूरी तरह से बेअसर कर दिया। करुणाल ने सुदर्शन को शांत रखने के लिए अपनी खास बाउंसर गेंद का इस्तेमाल किया, लेकिन यह बल्लेबाज भी पूरी तरह से तैयार था। उसने गेंद को 'अपर कट' करते हुए छक्के के लिए बाउंड्री के पार




पहुंचा दिया। इसके बाद उन्होंने इसी गेंदबाज की गेंद पर एक चौका और स्वीप शॉट से एक छक्का जड़ा। जिसके बाद आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार को गेंदबाजी के लिए दूसरे विकल्पों के बारे में सोचना पड़ा। गिल के आउट होने से मैच की दिशा में कोई खास बदलाव नहीं आया क्योंकि सुदर्शन ने लगातार रन बटोरना जारी रखा। सुयश ने 91 रन के स्कोर पर अपनी ही गेंद पर कैच छोड़कर उन्हें जीवनदान दिया था। सुदर्शन ने सुयश की गेंद पर एक रन लेकर अपना शतक पूरा किया, लेकिन वे इसे आगे नहीं बढ़ा पाए और जोश हेजलवुड को एक आसान सा कैच थमा बैठे। उनके आउट होने से आरसीबी को डेथ ओवर्स में थोड़ी वापसी करने में मदद मिली। 17वें ओवर गुजरात टाइटन्स का स्कोर दो विकेट पर 174 रन था। लेकिन टीम 31 रन ही बना पाई। ये रन भी टीम के लिए पदार्पण करने वाले खिलाड़ी जेसन होल्डर की छोटी सी तेज पारी (नाबाद 23 रन, 10 गेंद ) की बदौलत ही बन पाए।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## प्रसिद्ध दरगाह के उर्स 3 मई से 14 जून तक होंगे आयोजित..





**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिले भर में प्रसिद्ध दरगाह खानकाह मजारों पर उर्स के छोटे एवं बड़े आयोजन समिति द्वारा आयोजित किये जातें हैं जिसमें 3 मई को उर्स बोरदई टेकरी हज़रत अब्दाल शहा क़ादरी रहमतुल्लाह अलैय से शुरू होकर 14जून तक चलेगा। सूफी समाजिक कार्यकर्ता सूफी मंज़ूर रज़ा क़ादरी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि सिवनी में महान सूफ़ी संत औलिया इकराम के उर्स ए मुबारक पुरी शान शौकत के साथ अलग अलग तिथि पर आयोजित होते हैं जिसमें सूफ़ी परंपरा संस्कृति का रंग देखने को मिलता है खासकर बड़े पैमाने पर हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई कौमी एकता अखंडता भाई चारा गंगा जमुनी तहज़ीब संस्कृति का संगम इन उर्स के मौकों में अलग-अलग दरगाह खानकाह मजारों में देखने को मिलता है, जो हमारे देश हिंदुस्तान के पहचान है अनेकता में एकता अखंडता भाई चारा गंगा जमुनी तहज़ीब सांझा संस्कृति को क़ायम रखते हैं ।

3 मई अब्दाल शहा कादरी 6/7/8 मई को डुंगरिया शरीफ़में उर्स ए कबीरुल औलिया रुमवी एवं 7 मई भोमा दरगाह शरीफ में उर्स शरीफ़ आयोजित होता है , 13 मई हज़रत झिद वाले बाबा एवं लखनादौन चांद शाह वली, 19 मई बगराज वाले बाबा, 22 एवं 23 मई को शहंशाह ए सिवनी हज़रत मियां मोहम्मद शाह वली बड़ी ज्यारत दरगाह पर उर्स का आयोजन होगा, 22 मई को छपारा में बड़े पैमाने पर उर्स का शानदार आयोजन होता है, हज़रत चांद शहा वली दरगाह लखनादौन में भी 13 मई को शानदार आयोजन उर्स ए मुबारक मनाया जाता है एवं 25/26 मई मौलाना सूफ़ी हसन अली शाह का उर्स होगा 28/29 मई को हज़रत मदार शाह बाबा का उर्स होगा 30/31 मई को हज़रत जेल वाले सरकार क़ादरी चिश्ती रहमतुल्लाह अलैय का उर्स शानदार पैमाने पर होगा, जून महा मे, छाट दिवाली वाले बाबा स्टेशन, हज़रत जहर शहा पिया पौलटेकनिक ग्राउंड, सेलुआ घाटी दरगाह एवं 14/15 जून को राज्य परिवहन बस स्टैंड पर स्थित दरगाह नूर अली शहा का उर्स का आयोजन समिति द्वारा होता है जो सभी दरगाह खानकाह कमेटी द्वारा अपने अपने स्तर पर आयोजन करतीं हैं जिसमें देश के प्रसिद्ध सूफी सिंगर कव्वाल उपस्थित होकर भारतीय संस्कृति सूफी परंपरा सूफ़ियाना कलाम पेश करते हैं।

महान सूफ़ी स्कालर हज़रत अल्लामा मौलाना सैय्यद जामी मियां अशराफुल जिलानी खंपपात शरीफगुजरात से सिवनी में पहली बार तशरीफ़ ला रहे हैं 14 जून बस स्टैंड दरगाह पर आयोजित कार्यक्रम में जिसमें देश प्रदेश एवं जिले के सूफ़ी परंपरा विचारधारा वाले नरमपंथी भारतीय सुन्नी हनफी सूफ़ी मुस्लिम समाज द्वारा पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैय वसल्लम की बेटी सैयदा फातमा जहरा रजि अन्हो पंजतने पाक अहले बैत सहाबा ए इकराम की शान में जलसा सूफ़ियाना तकरीर प्रोगाम आयोजित किया गया है।

सूफ़ी मंज़ूर रज़ा क़ादरी द्वारा अपील की गई है जिले में एवं शहर में आयोजित होने वाले उर्स ए मुबारक पर नगरपालिका परिषद विशेष रूप से साफ़ सफाई व्यवस्था खासतौर पर दरगाह खानकाह मजारों पर लाईट व्यवस्था एवं नगर पुलिस थाना प्रभारी एवं जिला पुलिस अधीक्षक चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था बनाने की अपील की गई है।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पति, पत्नि की मौके पर हुई मौत



**जगप्रेरणा बरघाट।**

सिवनी बालाघाट हाइवे मार्ग पर जेवनारा गांव में सड़क हादसे में पति, पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, घटना स्थल पर मौके पहुंची एंबुलेंस और पुलिस की मदद से मृतकों के शव का पोस्टमार्टम के लिए बरघाट अस्पताल ले गए।

सूत्रों से मिली जानकारी में बताया गया कि शुक्रवार को दोपहर लगभग 3 बजे बरघाट थाना अंतर्गत जेवनारा गांव में हिररी नदी पुल के पास तेज रफ्तार ट्रक वाहन की टक्कर में बाइक सवार 2 लोगों की

मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक पति पत्नी बरघाट शादी समारोह से अपने गांव जनमखारी लौट रहे थे, उसी दौरान दर्दनाक सड़क हादसे में दीपचंद चौहान उम्र लगभग 50 वर्ष और दुर्गा चौहान उम्र लगभग 40 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई है।

### हादसे के बाद ट्रक ड्राईवर मौके से हुआ फरार..

बरघाट थाना अंतर्गत जेवनारा गांव में शुक्रवार दोपहर को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में जनमखारी गांव के दीपचंद चौहान और दुर्गा चौहान की मौके पर ही मौत हो गई है। बालाघाट की ओर जा रहे ट्रक वाहन क्रमांक एम एच 40 सी टी 8226 वाहन चांवल की बोरियों से लोडेड वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया जिससे ट्रक में भरी चांवल की बोरिया सड़क किनारे बिखर गई, ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार पति, पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई।

दर्दनाक सड़क हादसे में बोरियो के अंदर दबे पति पत्नी के शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए बरघाट अस्पताल भेज दिया गया। सड़क हादसे के बाद आरोपी ट्रक ड्राईवर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक वाहन जब्त कर लिया है, ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## कांग्रेस के महिला विरोधी गठबंधन ने देश की आधी आबादी के अधिकारों से किया खिलवाड़ - सांसद..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिला भाजपा कार्यालय सिवनी में आयोजित प्रेस वार्ता में बालाघाट लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि लोकसभा में हालिया घटनाक्रम केवल संसदीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के अधिकारों पर सीधा प्रहार है। सांसद ने आरोप लगाया कि कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, समाजवादी पार्टी और उनके सहयोगियों के 'महिला विरोधी गठबंधन' ने 131वें संविधान संशोधन विधेयक को प्रभावी बनने से रोककर अपनी वास्तविक मानसिकता उजागर कर दी है। उन्होंने कहा कि यह कदम करोड़ों महिलाओं के अधिकारों और उनके भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़ है।

सांसद ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम था, जिसे विपक्ष ने राजनीतिक स्वार्थों के कारण रोक दिया। उन्होंने कहा विपक्ष का जश्न देश की हर महिला का अपमान है। यह लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी को टालने की सोची-समझी रणनीति है।कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं के लिए इस्तेमाल जैसे शब्दों का प्रयोग भारतीय संस्कृति और नारी सम्मान के विरुद्ध है।

उन्होंने कहा जिस देश में नारी को दुर्गा, काली, सरस्वती और लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है, वहां इस प्रकार की सोच अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

इस विधेयक से दक्षिण भारत के राज्यों को किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि विपक्ष जानबूझकर परिसीमन को लेकर भ्रम फैला रहा है, जबकि सच्चाई यह है कि संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा और किसी भी राज्य के साथ अन्याय नहीं होगा। सांसद ने कहा कि इस विधेयक को परिसीमन के साथ जोडने् के पीछे मुख्य उद्देश्य लोकसभा और विधानसभाओं की सीटों की संख्या बढ़ाना है, ताकि क्षेत्रों का विकास तेजी से सुनिश्चित हो सके, जनता को बेहतर और संतुलित प्रतिनिधित्व मिल सके, महिलाओं को अधिक अवसर और भागीदारी प्राप्त हो उन्होंने कहा कि आज के दौर में बढ़ती जनसंख्या और विकास की जरूरतों को देखते हुए यह एक आवश्यक कदम है। भारतीय जनता पार्टी इस विधेयक को लागू कराने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण केवल नारा नहीं, बल्कि ठोस कार्यों के माध्यम से सिद्ध किया गया है। सांसद ने कहा कि देश की महिलाएं इस पूरे घटनाक्रम को देख रही हैं और समय आने पर इसका जवाब देंगी। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा अब केवल संसद तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जन-जन का विषय बनेगा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, पूर्व सांसद श्रीमती नीता पटेरिया, जिला महामंत्री संतोष अग्रवाल एवं गजानंद पंचेश्वर, जिला उपाध्यक्ष आनंद शर्मा एवं संतोष नगपुरे, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अजय बाबा पांडे, मनोज मर्दन त्रिवेदी सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार उपस्थित रहे।

## रेलवे संघर्ष समिति ने डीआरएम को सौपां 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन



**जगप्रेरणा सिवनी।**

***रेलवे संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप बैश एवं राष्ट्रीय महासचिव अतुल मालू प्रमोद यादव शक्ति जडेजा राजिक अकील***

विपिन यादव अनिकेत भारद्वाज सहित अनेक लोगों की उपस्थिति में ज्ञापन सोपा गया जिसमें सिवनी से रेलवे विस्तार को लेकर ज्ञापन सोपा गया।

अपने ज्ञापान में कहा गया है कि सिवनी बरघाट कटंगी नई रेल लाइन का सर्वे स्वीकृत कराया जाए रामटेक खवासा कुरई सिवनी छपारा लखनादौन धूमा होते हुए सुकरी जबलपुर नवीन रेलवे लाइन का निर्माण प्रारंभ किया जाए मंडला नैनपुर सिवनी छिंदवाड़ा आमला रेलवे मार्ग का दोहरीकरण किया जाए जबलपुर से लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस नैनपुर सिवनी छिंदवाड़ा नई पैसेंजर रीवा पुणे एक्सप्रेस प्रारंभ की जाए इनकी अतिरिक्त सुपरफास्ट ट्रेनों की स्टेशनों में अल्प समय के लिए स्थापित प्रारंभ किए जाएं उक्त मांग को लेकर ज्ञापन प्रेषित किया गया है इस दौरान विष्णु करोसिया ध्रुव नारायण चौधरी डालचंद बर्वे मुनिया टांक सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

**बालाघाट गोंदिया एवं सिवनी से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**

## दहेज हत्या के आरोपी हुए दोषमुक्त

**जगप्रेरणा सिवनी।**

एक दशक की मानसिक प्रताड़ना से अंततः कन्हीवाड़ा निवासी भाजपा नेताओं के परिवार को मुक्ति मिल गई जब 23 अप्रैल 2026 को तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश महोदय सिवनी द्वारा उन्हें दोषमुक्त घोषित कर दिया गया। भाजपा कन्हीवाड़ा मंडल के उपाध्यक्ष रहे रामनाथ साहू के जयेष्ठ पुत्र विनोद साहू का विवाह दिनांक 06 जुलाई 2014 को जबलपुर निवासी सोनीलाल साहू की पुत्री प्रीति साहू से संपन्न हुई थी किंतु प्रीति साहू ने दिनांक 02 जुलाई 2015 को अपने ससुराल में ही स्वयं को आग लगा कर अपनी इहलीला समाप्त कर ली थी। 35वर्ष से कम आयु की नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मृत्यु के कारण मृतका के परिजनों द्वारा लिखाई गई रिपोर्ट के आधार पर मृतका के पति विनोद पिता रामनाथ साहू, ससुर रामनाथ पिता फागुलाल साहू, सास रूपमती पति रामनाथ साहू, नंद अर्चना पिता रामनाथ साहू तथा देवर अंकित पिता रामनाथ साहू के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 304 बी ( दहेज की मांग के कारण हत्या) ,498 ए दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 व 4 का अपराध पंजीबद्ध कर प्रथम सूचना रिपोर्ट क्रमांक 158/2015 दर्ज की गई तथा दिनांक 12/08/2015 को अंतिम प्रतिवेदन माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। लगभग एक दशक तक हुए लंबे विचारण और तर्क श्रवण के बाद गत 23 अप्रैल 2026 को सुनाए गए निर्णय में विद्वान तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश महोदय सिवनी ने सभी आरोपियों को अभियोजन द्वारा अधिरोपित समस्त आरोपों से दोषमुक्त घोषित कर दिया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता मोहम्मद आमिर खान, मोहसिना हुसैन तथा अंकुश गढ़ेवाल ने अपना पक्ष प्रस्तुत किया।

## विवाह समारोह में विवाद के बाद चली गोली, एक युवक गंभीर..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिले के किंदरई थाना क्षेत्र के ग्राम बरेली में गुरुवार रात शादी समारोह में विवाद के बाद गोली चल गई। घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार घंसौर क्षेत्र के मोहगांव निवासी कपिल परते बारात में नाच रहा था। इसी दौरान उसके पास रखा देशी कट्टा नीचे गिर गया। बरेली निवासी अच्छेलाल ने कट्टा उठा लिया और सार्वजनिक कार्यक्रम में हथियार लाने पर आपत्ति जताई, जिससे दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया।

विवाद के दौरान कपिल का साथी शिवा उर्फक्षितिज कुसराम भी मौके पर पहुंच गया। आरोप है कि कपिल ने कट्टा छीनकर अच्छेलाल पर फायर कर दिया। गोली अच्छेलाल के सिर को छूते हुए निकल गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत घंसौर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। किंदरई थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि पुलिस ने घेराबंदी कर सह-आरोपी शिवा उर्फ क्षतिज कुसराम (निवासी जबलपुर) को गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी कपिल परते अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एनआरएलएम सखी ने नोडल अधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप, बैंक में अभद्रता व धमकी




**जगप्रेरणा सुकतरा।**

कुरई विकासखंड अंतर्गत ग्राम कटंगी बंजर, चौकी बादलपार, थाना कुरई की निवासी 28 वर्षीय धनवती धुर्वे, जो राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन **(NRLM)** में कृषि सखी के रूप में कार्यरत हैं, ने अपने ही नोडल अधिकारी राकेश जोलदेव पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

पीड़िता धनवती धुर्वे ने लिखित शिकायत में बताया कि मोगली **CLF** के नोडल अधिकारी राकेश जोलदेव लंबे समय से उन पर बुरी नजर रखते थे और काम के बहाने कार्यालय बुलाते थे। उन्होंने आरोप लगाया कि आरोपी ने गोपालगंज स्थित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में उनका खाता बंद करा दिया। धनवती के अनुसार 13 अप्रैल 2026 को जब वह बैंक में पैसे निकालने पहुंचीं तो उन्हें जानकारी मिली कि उनका खाता बंद कर दिया गया है। इसी दौरान बैंक में मौजूद राकेश जोलदेव से जब उन्होंने इस संबंध में पूछा तो उसने कथित रूप से सभी के सामने गंदी गालियां दीं। विरोध करने पर आरोपी ने उन्हें धक्का दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने बताया कि उसी दिन उन्होंने अपनी बहन सुमन के साथ लखनवाड़ा थाना पहुंच कर संबंधित अधिकारियों के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है और मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़िता ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## सिवनी ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की भावनानुसार संगठन सृजन अभियान के अन्तर्गत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला प्रभारी सोहन वाल्मीकि की अनुशंसा से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष***

नरेश मरावी द्वारा सिवनी विधानसभा के सिवनी ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष किशोरी कुंजाम द्वारा प्रस्तावित ब्लॉक कार्यकारिणी के अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकरियों की नियुक्ति की गई है जिसमें ब्लॉक कांग्रेस कोषाध्यक्ष गनाराम नरेती खमरिया, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष धूरसिंह बघेल बलपुरा, शिवशंकर पारधी पात्थरफोडी, श्रीमती कमला बाई आहके रिंझाई। ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री कृपालसिंह बघेल बींझावाड़ा, श्रीमती कृष्णा उइके खापा, आलम शाह गेहरूटोला, रूपेश राहंगडाले करकोटी, तुकाराम उइके करकोटी, जितेन्द्र सिंह बघेल लूघरवाड़ा, ब्लॉक कांग्रेस सचिव श्रीमती कृष्णा बाई तेकाम विजयपानी खुर्द, श्रीमती सविता बघेल लूघरवाड़ा, रामकुमार विश्वकर्मा कंजई, श्रीमती गीता बाई उइके जनपद सदस्य उडैपानी, विजय पटेल लूघरवाड़ा, बुद्धराम उइके सरेखाटोला, गेंदलाल मरावी बिठली, संतोष बघेल लूघरवाड़ा, मीडिया(प्रवक्ता) दिनेश काकोडि बरेलीपार एवं सोशल मीडिया में राकेश उइके बरेलीपार का समावेश किया गया है।

लेटेस्ट सामग्रीयों की अधिकतम रेंज के साथ..
प्रो. पियुष सिंह बैस
फैशन फैक्ट्री
For Boys & Girls
वॉच, बेल्ट, कैप, फैशनेबल मफलर, मंकी कैप, गॉगल्स (सन ग्लास), इर्रीग, चैन, की चैन, वॉलेट, परफ्यूम, फैंसी लायटर..
मेन रोड, महावीर चौक, ब्यूटी कॉर्नर के सामने, बालाघाट (म.प्र.) मो.8827333882

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

## अज्ञात पिकअप वाहन ने दो बाइकों को मारी टक्कर, एक मृत, तीन घायल..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

जिले के केवलारी थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात सड़क हादसे में एक मजदूर व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार देर रात सिवनी-मंडला मार्ग पर ग्राम चौरापाठा के पास एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने दो बाइकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि एक बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की मदद से घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल केवलारी पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि रेलवे रैक पॉइंट केवलारी में मजदूरी करने के बाद तीन लोग एक बाइक से अपने गांव सुनेहरा लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से एक अन्य बाइक सवार जो ग्राम सांवरी से सिरोली की ओर जा रहा था, चौरापाठा के पास पहुंचा ही था कि अचानक सामने से आ रहे पिकअप वाहन ने दोनों बाइकों को टक्कर मार दी। हादसे में संदीप नंदा (40) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं रोहित भांवरे (35), संदीप उइके (34) और भैयालाल पूसाम (40) गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को पहले केवलारी के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल सिवनी रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही केवलारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की ओर से पिकअप वाहन चालक की तलाश की जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती से नियंत्रण की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। केवलारी थाना प्रभारी प्रीतम सिंह तिलगाम का कहना है कि मृतक के शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, और टक्कर मारकर फरार पिकअप वाहन व चालक की तलाश की जा रही है।



कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


# बालाघाट शहर के वार्ड नं. 25 में शराब दुकान के विरोध में महिलाओं की 19 वें दिन भी रही जंग जारी..

## पंचनामा करने पहुंचा आबकारी अमला तो वहीं ठेकेदार पहुंचा शराब की बोतलें लेकर..

### विधायक अनुभा मुंजारे और नगर पालिका अध्यक्ष की हुई आबकारी अमले से बहस..

### सत्तापक्ष की न.पा. अध्यक्ष और विधायक मिलकर भी नही करवा सकी शराब दुकान बंद..





**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***बालाघाट नगर मुख्यालय में वार्ड नंबर 24 से शराब दुकान वार्ड नंबर 25 में स्थानांतरित कर दी गई, लेकिन चूंकि जहां यह शराब दुकान स्थानांतरित कर दी गई, वह भी रिहायशी इलाका होने के साथ साथ समीप ही गार्डन, मंदिर, कन्या विद्यालय भी है, इसी के चलते प्रेमनगर वार्ड नंबर 25 की महिलाएं और समस्त वार्डवासी शराब दुकान के विरोध में आंदोलनरत हो गए। महिलाओं के नेतृत्व में शराब दुकान का***

विरोध 6 अप्रैल से शुरु किया गया था, जो कि निरंतर 19 वें दिन भी जारी है। एक तरफ इस मामले में आबकारी विभाग और जिला प्रशासन भी शराब दुकान संचालित करने अडिग दिखाई दे रहा है, तो वहीं दूसरी ओर निरंतर आंदोलन करती महिलाओं के पक्ष में मैदान में डटी विधायक अनुभा मुंजारे और नगर पालिका अध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर जो कि इसी वार्ड से निर्वाचित हुई थी, आंदोलन का समर्थन कर शराब दुकान बंद करवाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन 19 दिन बाद भी शराब दुकान बंद तो नहीं हो सकी, इसके विपरित 24 अप्रैल को जहां आबकारी अमला शराब दुकान स्थल का पंचनामा करने के लिये पहुंचा वहीं शराब ठेकेदार भी अपनी शराब दुकान का साजो सामान लेकर पहुंच गया, जबकि वहीं आबकारी विभाग के अधिकारी जिस तरह से शराब दुकान स्थापित करते हुए दबाव बनाते दिखाई दिये उससे आंदोलनकारियों और आबकारी अमले के बीच तीखी बहस भी होती दिखाई दी।

### आबकारी अमले और ठेकेदार को बोली विधायक अनुभा मुंजारे, धमकी वमकी यहां नहीं देना..

गौरतलब है कि आज 24 अप्रैल को जब शराब दुकान के आंदोलनकारियों के समीप आबकारी विभाग की पुलिस पहुंची, तो आबकारी अमले के साथ ही शराब दुकान के प्रतिनिधि बंटी गोस्वामी भी वहां पहुंचे। बंटी गोस्वामी ने महिलाओं से कहा कि हमारा रोजाना नुकसान हो रहा है, और आप लोग दुकान में माल जमाने नहीं दे रहे हैं, मैं आज माल लेकर यहां आया हूं, तब महिलाओं ने कहा कि आप माल अपने घर लेकर जाईये, महिलाओं ने कहा कि बंटी भैया, यहां बोलने से कुछ नहीं होगा। इसी बीच आबकारी कर्मी ने कहा कि माल तो आयेगा, और जो माल को छेड़ेगा, उसी पर एक्शन होगा, जिसके बाद विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि आप लोग सुनो, धमकी वमकी यहां देना नहीं। हम जब तक शांत है, तब तक शांत है, धमकी बिल्कुल नहीं चलेगी। अनुभा मुंजारे ने ठेकेदार और आबकारी कर्मी को हड़काते हुए कहा कि ये क्या तरीका है आपका, इतनी सारी मां बहने आपको दिख नहीं रही है। इतने दिनों से आंदोलन कर रहे हैं, इनकी कोई सुनवाई नहीं है क्या?

### बोली अनुभा मुंजारे..

गौरतलब है कि मीडिया को बयान देते हुए विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि नारी शक्ति वंदन बिल की बात करके रोना रोते हैं सरकार के लोग, और ईधर मातृ शक्ति का अपमान हो रहा है। सरकारी तंत्र अपमान कर रहे हैं। इतने दिनों से भूखे प्यासे भीषण गरमी में बैठी हैं हमारी माताएं बहनें, शादी विवाह सब रिश्तेदारी में आना जाना छोड़कर आंदोलन में बैठी हैं, और ईधर हमारी मातृशक्तियों की सुनी नहीं जाती। तो कैसी सरकार है, कैसी सत्ता है। कैसा शासन है। अनुभा मुंजारे ने आगे कहा कि इस संदर्भ में मेरी कल प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह से भी बात हुई थी, जिस पर उन्होंने कहा था कि वे इस पर गंभीरता से विचार करेंगे, जिला कलेक्टर मृणाल मीना से मेरी बात हुई थी, थोड़ी असमर्थता वो बता रहे थे, लेकिन उन्होंने कहा कि इस पर विचार किया जायेगा। मेरा बस कहना है कि प्रशासन डराये ना, धमकाये ना, हम लोकतंत्र के मालिक हैं। जनता है, और जनता जो फैसला करती है, वो लोकतंत्र के हक में होता है और उन्हीं अधिकारों का प्रयोग हम कर रहे हैं।

### भारती सुरजीत ठाकुर ने भी आबकारी अमले से की बात..

गौरतलब है कि शराब दुकान का विरोध करती महिला आंदोलनाकारियों के पक्ष में नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर एवं उनके पति भाजपा नेता सुरजीत सिंह ठाकुर भी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शराब दुकान खुलने का विरोध जताया, वहीं पंचनामा कार्यवाही करने पहुंचे आबकारी अधिकारियों से भारती ठाकुर ने भी चर्चा करते हुए इस दुकान को अन्यत्र सुझाये गए स्थान पर पहुंचाने कहा।

### बोली भारती ठाकुर..

**शराब दुकान का विरोध करते हुए नपाध्यक्ष भारती ठाकुर ने मीडिया को बताया कि कलेक्टर साहब से मिलकर हमने दुकान को हटाने चर्चा की गई है। हमने प्रशासन को अन्यत्र जगह का सुझाव दिया है। जो वार्ड क्रमांक 24 में आता है। हमें विश्वास है कि जनहित में प्रशासन निर्णय लेगा। इस दौरान भारती ठाकुर ने यह भी कहा कि शराब पीने वालों को इससे फर्क नहीं पड़ता की शराब दुकान कहां है, वो तो दूर जाकर भी शराब ले लेंगे।**

### आबकारी उपनिरीक्षक धमकी के आरोप से पलटे..



गौरतलब है कि आज वार्ड नंबर 25 में आंदोलनकारियों से बातचीत के दौरान आबकारी निरीक्षक रमाकांत बघेल कुछ ज्यादा ही गर्मी में दिखाई दिये। आबकारी निरीक्षक ने बड़ी गरमी से महिलाओं को दुकान का माल तो आयेगा, और जो माल को छेड़ेगा, उसी पर एक्शन होगा, जिसके बाद विधायक अनुभा मुंजारे ने उसी तरह से आबकारी निरीक्षक पर पलटवार किया था। हांलाकी मीडिया के चमकाने वाले सवाल पूछे जाने पर आबकारी निरीक्षक धमकी देने के मामले में बचते दिखाई दिये, लेकिन उन्होंने कहा कि जो अधिकारियों का आदेश होगा, उसका वे पालन करेंगे। आबकारी निरीक्षक ने कहा कि वे प्रशासनिक निर्देश के तहत पंचनामा कार्रवाई करने पहुंचे हैं, और अपना काम कर रहे हैं।

### और ईधर राहुल सिंह बैस ने किया भारती ठाकुर पर वार..

वार्ड नंबर 25 के पूर्व पार्षद अशोक सिंह बैस के सुपुत्र राहुल सिंह बैस ने वार्ड में शराब दुकान खोले जाने के संदर्भ में कहा कि जब वार्ड के चुनाव हो रहे थे, उन्होंने वार्ड के लोगों को पहले ही बता दिया था कि इस वार्ड में भारती ठाकुर के चुने जाने के बाद अवैध काम धंधे ही होंगे, और अब वही हो रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष बनकर भी वो शराब दुकान नहीं हटवा पा रहे हैं। राहुल सिंह बैस ने आरोप लगाया कि जिनकी खुद की संलिप्तता शराब रेत जैसे कारोबार में है, ऐसे लोग सिर्फ दिखावे के लिये शराब दुकान का विरोध कर रहे हैं।

### अब आगे क्या होगा वार्ड नं. 25 में शराब दुकान का? लगेगी या फिर उठेगी..

गौरतलब है कि वार्ड नंबर 25 प्रेमनगर हाऊसिंग बोर्ड कालोनी का वो इलाका जहां शहर के पढ़े लिखे सुशीक्षित और सभ्य लोग रहते हैं। ऐसे परिवारों की महिलाएं आगे आकर शराब दुकान का 19 दिन से विरोध कर रही हैं, और आंदोलनरत है, जबकि वहीं नगर पालिका अध्यक्ष सत्ता पक्ष की तो वहीं विधायक जो कि खुद भी महिला नेत्री हैं, और सत्ता पक्ष से टकराने में माहीर मानी जाती है, बावजूद इसके 24 दिनों से एक शराब दुकान का विरोध करते हुए शराब दुकान पर ताला लगवाने में अब तक असफल दिखाई दे रही हैं, जबकि वहीं क्षेत्र की सांसद भारती पारधी जो कि खुद भी एक महिला हैं, और इस वार्ड से लगे हुए वार्ड की ही वो पार्षद भी थी, लेकिन एक बार भी भारती पारधी ने इस शराब दुकान के विरोधकर्ताओं के पक्ष में कोई बयान तक नहीं दिया। राजनीतिक चर्चाओं में तो यह भी दावे किये जा रहे हैं कि सांसद मोहतरमा आजकल खुद शराब और रेत ठेकेदारों के साथ एक पूर्व कांग्रेसी को साथ लेकर पार्टनर बन गई हैं, और इसी के चलते वे वार्ड नंबर 25 और अन्य शराब दुकानें जहां भी शराब दुकानें बंद किये जाने का विरोध किया जा रहा है, से खुद को बिल्कुल अलग किये हुए है, इस स्थिति में अब बालाघाट में वार्ड नंबर 25 में शराब दुकान के विरोध में किसकी जीत होगी, इसको लेकर सवाल सुलगते दिखाई दे रहे हैं। देखना होगा कि वार्ड नंबर 25 में शराब दुकान खुलेगी या फिर बंद होगी, तथा क्या आंदोलनकारी महिलाओं की जीत होगी या फिर एक और शराब के विरोध आंदोलन को कुचल देने की तथाकथित बंडलबाजों की रणनीति सफल होगी, देखने वाली बात होगी।

# बालाघाट में आयोजित महिला पॉवर लिफ्टिंग में इंदौर प्रथम और कटनी रहा दूसरे नंबर पर..

### सीनियर में इंदौर की मीना शर्मा रही फर्स्ट, पुरूष वर्ग की प्रतियोगिता भी रही शुरु..




**जगप्रेरणा बालाघाट।**

बालाघाट नगर में जिला पॉवर लिफ्टिंग और वेट लिफ्टिंग एशोसिएशन के बैनर तले आयोजित राज्यस्तरीय महिला पॉवर लिफ्टिंग टूर्नामेंट में सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में इंदौर कार्पोरेशन 36 पाईंट के साथ फर्स्ट पोजिशन में रहा तो 21 पाईंट के साथ कटनी दूसरा और 12 पाईंट के साथ इंदौर डिस्ट्रिक्ट तीसरे स्थान पर रहा। बालाघाट में 23 अप्रैल से प्रारंभ दो दिवसीय पॉवर लिफ्टिंग में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता, नूतन कला निकेतन के सभागार में शुरु है, जिसमें आज से पुरूष पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता प्रारंभ हुई है, जिसके नतीजे देररात तक सामने आने की बात कही गई।

23 और 24 अप्रैल को खेली गई महिला पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में जबलपुर की सीमा लोधी फर्स्ट, इंदौर कार्पोरेशन की ईशा अटोडे द्वितीय और भोपाल कार्पोरेशन की टीनु तिवारी तृतीय स्थान पर रही। इसी तरह सीनियर बेस्ट लिफ्टर में इंदौर कार्पोरेशन की वर्ल्ड खिलाड़ी मीना शर्मा फर्स्ट, मानसी सेमर सेकंड और बालाघाट की योगिनी घोरमारे ने थर्ड स्थान हासिल किया है। इसी प्रकार सब-जूनियर में इंदौर कार्पोरेशन के पूर्वी लाशकारी ने फर्स्ट और कटनी डिस्ट्रिक्ट की अन्यादा बी ने सैकंड रैंक हासिल की है।

जूनियर वर्ग में अलग-अलग वेट वर्ग में ईशा अटोडे, सीमा लोधी, तनु तिवारी प्रथम और पल्लवी रिछारिया द्वितीय तथा ओपन वर्ग में वेट कैटेगिरी में बालाघाट की योगिनी घोरमारे, इंदौर डिस्ट्रिक्ट की मीना शर्मा और इंदौर कार्पोरेशन की मानसी सेलार ने प्रथम और शिवानी जाटव ने द्वितीय रैंक हासिल की है। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और प्रदेश के अलग-अलग जिलो के करीब 200 महिला, पुरूष प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है।

खेल में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाले महिला प्रतिभागियों को एशोसिएशन अध्यक्ष मधु हरपाल, सचिव सुरेन्द्र जायसवाल सहित अतिथियों ने पुरस्कृत किया।

### बोले सुरेन्द्र जायसवाल..

सचिव सुरेन्द्र जायसवाल ने बताया कि वेट वर्ग में दो दिवसीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में महिला एवं पुरूष सब जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसमें पहले दिन महिलाओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई तो अब पुरूष प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने पॉवर लिफ्टिंग की तीन विद्या बैंच, स्कॉट और डेड-लिफ्ट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमें चयनित प्रतिभागियों को नेशनल खेलने का अवसर मिलेगा।


### निविदा सूचना

बालाघाट जिले के व्यापारियों को सूचित किया जाता है कि एनसीसी, बालाघाट का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 15 मई से 24 मई 2026 तक कन्या शिक्षा परिसर, गोंगलई मे आयोजित होगा, जिसमे लगभग 500 कैडेटो एवं स्टाफ ने भाग लेना है। इच्छुक व्यापारी राशन / साग सब्जी वितरण हेतु 01 मई 2026 तक बंद लिफाफे में अपनी निविदा कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है।

6 म.प्र. बटालियन
एनसीसी बालाघाट म.प्र.

### आवश्यकता है..

बालाघाट शहर के महावीर कालोनी में स्थित अनाज फर्म ऑफिस मीरा ट्रेडर्स मे कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड वर्कर, रिसेप्शनिष्ट एवं पर्सनल असिस्टेट के पद पर कार्य के लिये युवक युवतियो की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन एवं सुविधाएं भी..। संपर्क करें.. मनोज सचदेव मो. 9425822975

### आवश्यकता है..

ऑफिस एकाउंट / ऑडिट कार्य हेतु 10वी.,12वी, बी.काम. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण युवक/ युवती की आवश्यकता है। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एंड एसोसिएट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल, मेन रोड, बालाघाट (म.प्र.) संपर्क - 924487 2544/9201340520


## राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर

# कलेक्टर मृणाल मीना ने दिये राजस्व प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 24 अप्रैल को राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री एमआर कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, तहसीलदार सुश्री छवि पंत, श्रीमती मंजुला महोबिया, अधीक्षक भू-अभिलेख श्री कृष्णा नायक उपस्थित थे। इस बैठक में सभी एसडीएम एवं तहसीलदार वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।***

बैठक में सर्वप्रथम फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना ने सभी तहसीदारों को निर्देशित किया कि जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नही हो पायी है उनकी शीघ्रता से फार्मर रजिस्ट्री कराए। किसानों को यह भी समझाएँ कि फार्मर रजिस्ट्री होने पर ही उन्हें उनके रकबे के अनुसार उर्वरक प्राप्त हो सकेगा। इस वर्ष से उर्वरक वितरण की प्रक्रिया ई-टोकन के माध्यम से की जाएगी, जिसके लिए फार्मर रजिस्ट्री का होना अनिवार्य है। बालाघाट तहसील में फार्मर रजिस्ट्री कम होने पर नाराजगी जाहिर की गई और इसे शीघ्र ही शत प्रतिशत तक करने के निर्देश दिये गए।

नक्शा तरमीम की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 06 लाख नक्शा अपलोड करने का लक्ष्य निर्धारित है। कलेक्टर श्री मीना ने सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया कि नक्शा तरमीम का कार्य सावधानी के साथ करें और इसे शीघ्रता से पूर्ण करें। तिरोडी तहसील में नक्शा तरमीम की प्रगति कम पाए जाने पर विशेष अभियान चलाकर इस कार्य को पूर्ण करने कहा गया। बैठक में आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा के प्रकरणों की समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज सभी प्रकरणों का समय सीमा में अनिवार्य रूप से निराकरण किया जाए। कोई भी प्रकरण 03 माह से अधिक का लंबित नही रहना चाहिए। किरनापुर तहसील में सीमांकन के अधिक प्रकरण पाए जाने पर इसके कारणों की जांच करने कहा गया। बैठक में रिकॉर्ड दुरूस्ती, स्वामित्व योजना एवं साईबर तहसील के प्रकरणों की समीक्षा की गई।

### दी जुर्माना लगाने की चेतावनी..

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सडक दुर्घटना राहत के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें और कोई भी प्रकरण भुगतान के लिए लंबित न रखे। इसी प्रकार प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के प्रकरणों में सहायता राशि का तत्परता से वितरण करने के निर्देश दिये गए। लोक सेवा गारण्टी अधिनियम के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का नियत समय सीमा में अनिवार्य रूप से निराकरण करने कहा गया। समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण नही होने पर जिम्मेदार अधिकारी पर जुर्माना लगाने की चेतावनी दी गई। शासकीय भूमि पर किये गए अतिक्रमण को हटाने के लिए तत्परता के साथ कार्यवाही करने कहा गया।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने निर्देशित किया कि आवेदकों की समस्याओं का संतुष्टि के साथ निराकरण किया जाए। सीएम हेल्पलाइन में कोई भी प्रकरण 50 दिन से अधिक का लंबित नही रहना चाहिए। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण करने में लापरवाही बरतने वाले पटवारियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री मीना ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्र में कोविड के समय से अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्ति से उसी वर्ग के व्यक्ति के नाम की गई भूमि हस्तांतरण एवं नामांतरण की सूची तैयार कर सात दिनों के भीतर उनके समक्ष प्रस्तुत करें।


दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजना मोनु बर्वे उकवा
मो. 74156-52933

# समाधान योजना के तहत गांवों में वसूली अभियान तेज, उपभोक्ताओं को किश्तों में राहत, अधिकारियों ने किया संपर्क

## भीषण गर्मी में भी घर-घर पहुंचकर समाधान योजना का लाभ दिला रहे अधिकारी-कर्मचारी





जगप्रेरणा बालाघाट।

***विद्युत विभाग द्वारा संचालित समाधान योजना के अंतर्गत बकाया वसूली अभियान को गति दी जा रही है। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर उपभोक्ताओं से संपर्क स्थापित किया जा रहा है और उन्हें योजना के लाभों से अवगत कराया जा रहा है।***

भीषण गर्मी के बावजूद अधिकारी-कर्मचारी घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को राहत दिलाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम पिछले दिनों से ग्राम केशलेवाड़ा एवं तिलपेवाड़ा में वसूली अभियान चलाया गया। ग्राम केशलेवाड़ा में उपभोक्ता हंसलाल/कालिया के पास लंबित पीडी बकाया राशि 9,763 रुपये के संबंध में अधिकारियों ने संपर्क किया। उपभोक्ता को समाधान योजना के तहत 6 समान किश्तों में भुगतान की सुविधा के बारे में विस्तार से बताया गया। योजना से प्रभावित होकर उपभोक्ता ने पहली किश्त 977 रुपये तत्काल जमा कर दी और शेष राशि भी नियमित रूप से जमा करने का आश्वासन दिया।

वहीं ग्राम तिलपेवाड़ा में उपभोक्ता धनसिंह/दुलीचंद के पास 13,232 रुपये की बकाया राशि को लेकर अधिकारियों ने संपर्क किया। उन्हें भी योजना की जानकारी देते हुए किश्तों में भुगतान की प्रक्रिया समझाई गई। उपभोक्ता ने योजना में सहमति जताते हुए 24 अप्रैल को पहली किश्त 1,324 रुपये जमा करने का भरोसा दिलाया।

यह पूरा अभियान अधीक्षण अभियंता अमित कुमार एवं कार्यपालन अभियंता रवि कुम्हरें के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। हट्टा क्षेत्र के जेई बिरजू उईके अपने कर्मचारियों के साथ फील्ड में सक्रिय रूप से कार्य करते हुए उपभोक्ताओं तक योजना का लाभ पहुंचाने में जुटे हुए हैं।

अभियान के दौरान अधिकारियों ने अन्य उपभोक्ताओं से भी संपर्क कर उन्हें समझाइश दी कि वे अपने लंबित विद्युत बिलों का शीघ्र भुगतान कर समाधान योजना का अधिकतम लाभ उठाएं। साथ ही यह भी बताया गया कि योजना के अंतर्गत सरचार्ज में राहत सहित आसान किश्तों की सुविधा उपलब्ध है, जिससे उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत मिल रही है। अधिकारियों ने बताया कि समाधान योजना का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करना एवं विभाग की राजस्व वसूली को सुदृढ़ करना है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि वे समय रहते अपने बकाया बिलों का भुगतान कर योजना का लाभ लें। विभाग द्वारा लगातार निगरानी और निरीक्षण भी किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं तक योजना का लाभ पहुंचाया जा सके।

भीषण गर्मी के बावजूद मैदानी अमला पूरी सक्रियता के साथ कार्य करते हुए उपभोक्ताओं तक पहुंच रहा है, जिससे न केवल वसूली में तेजी आ रही है, बल्कि आमजन को राहत भी मिल रही है।

# प्रदेश में खनिज के अवैध परिवहन पर नियंत्रण के लिए 40 ई-गेट शुरू

## 16 अप्रैल 2026 से अधिसूचना जारी

## बालाघाट जिले के कंजई में भी हुआ संचालन प्रारंभ

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश में खनिजों के अवैध परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए खनिज विभाग द्वारा प्रदेशभर में 40 ई-चेक गेट शुरू किए गए हैं। इसी कड़ी में बालाघाट जिले के कंजई में भी ई-गेट का संचालन 16 अप्रैल 2026 से प्रारंभ हो गया है।***

इन ई-गेटों के माध्यम से रेत सहित अन्य खनिजों के परिवहन की ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 में आवश्यक संशोधन किए जाने के बाद इन ई-चेक गेटों को संचालित किया गया है। यह पूरी तरह मानव-रहित प्रणाली है, जिससे खनिज परिवहन में लगी गाडियों की सतत निगरानी संभव हो सकेगी। उन्होंने बताया कि अब खनिज परिवहन में लगे सभी वाहनों पर रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (ऋस्न्नढ्ढष्ठ) टैग लगाना अनिवार्य होगा। यह टैग गाड़ी की फ्रंट विंडशील्ड पर लगाया जाएगा, जिससे ई-गेट से गुजरते ही वाहन की पूरी जानकारी स्वतः सिस्टम में दर्ज हो जाएगी। इससे ओवरलोडिंग, नंबर प्लेट छिपाने या अन्य प्रकार की गड़बड़ी पर तत्काल कार्रवाई की जा सकेगी।

ई-चेक गेट में वेरीफोकल कैमरा, ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रीडर (ह्रक्कक्र) एवं ऋस्न्नढ्ढष्ठ रीडर जैसे आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं, जो गाड़ी की संख्या, खनिज की मात्रा और वजन का स्वतः मिलान करेंगे। यदि ई-ट्रांजिट पास (श्वञ्जक्क) में दर्ज जानकारी और वास्तविक परिवहन में अंतर पाया जाता है, तो संबंधित वाहन मालिक पर ऑनलाइन कार्रवाई की जाएगी।

उप संचालक सुश्री फरहत जहां ने यह भी बताया कि ई चेक गेट जानकारी के आधार पर नियमों के उल्लंघन पर उस वाहन का पंजीयन निरस्त या निलंबित किया जा सकता है। साथ ही नियमों के उल्लंघन की स्थिति में कलेक्टर द्वारा वाहन जब्त करने के निर्देश भी दिए जा सकेंगे। ई-चेक गेट से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर खनिज परिवहन में अनियमितता पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही रॉयल्टी रसीद में दर्ज मात्रा से अधिक खनिज परिवहन पाए जाने पर भी सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। ई-गेट प्रणाली के शुरू होने से खनिजों के अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होगा तथा पारदर्शिता और राजस्व वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

# बालाघाट में बाघ की संदिग्ध मौत, वन विभाग ने दर्ज किया प्रकरण..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले के वन क्षेत्र में एक बाघ की मौत का मामला सामने आया है। घटना 23 अप्रैल 2026 को वनमण्डलाधिकारी उत्तर (सामान्य) वनमण्डल बालाघाट के अंतर्गत पूर्व बैहर वन परिक्षेत्र के जत्ता बीट के कक्ष क्रमांक 1618 में हुई।***


घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके को सुरक्षित कर लिया और आसपास के क्षेत्र में सघन जांच शुरू की। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (हृञ्जष्ट) नई दिल्ली एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार पूरी प्रक्रिया अपनाई गई।


मृत बाघ का पोस्टमार्टम वन्यजीव विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. अमोल रोकडे द्वारा किया गया। प्रारंभिक जांच में बाघ के दांत को छोड़कर शरीर के अन्य सभी अंग सुरक्षित पाए गए हैं, जिससे मामले को संदिग्ध माना जा रहा है।

निर्धारित प्रक्रिया के तहत बाघ के शव का अंतिम संस्कार (भस्मीकरण) वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान वनसंरक्षक सुश्री संध्या, वनमण्डल अधिकारी रेशम सिंह धुर्वे, उपवनमण्डल अधिकारी राकेश शाक्यवार, वनक्षेत्रपाल कंदर्भ भट्ट सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। पूरी कार्रवाई की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी भी कराई गई।

वन विभाग ने इस मामले में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 2561/82 दिनांक 23 अप्रैल 2026 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है। अधिकारियों का कहना है कि बाघ की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान : बालाघाट जिले के 900 घरों में पहुंची बिजली..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***जनजातीय बहुल क्षेत्रों के समग्र विकास के उद्देश्य से संचालित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (ष्ठछ्वत्र) के तहत जिले में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है।***

इस अभियान का शुभारंभ 2 अक्टूबर 2024 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया था, जिसका मुख्य उद्देश्य जनजातीय परिवारों को बुनियादी सुविधाओं से जोड़ते हुए उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। अभियान के अंतर्गत बालाघाट जिले में कुल 1022 जनजातीय परिवारों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें से अब तक 900 घरों में बिजली पहुंचाई जा चुकी है। इससे सुदूर ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों के घर अब रोशनी से जगमगा उठे हैं। बिजली की सुविधा मिलने से न केवल घरों में उजाला हुआ है, बल्कि जनजातीय परिवारों के जीवन में भी सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। बच्चों की पढ़ाई में सुविधा बढ़ी है, घरेलू कार्य आसान हुए हैं और सुरक्षा व्यवस्था में भी सुधार आया है।

जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि शेष बचे सभी घरों को भी शीघ्र विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराकर 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाए। यह अभियान जनजातीय क्षेत्रों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# कुएं के पानी में डूबने से मृत व्यक्ति की पत्नी को 04 लाख रुपये की सहायता राशि मंजूर

जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट तहसील के ग्राम कोसमी निवासी विकास उपवंशी की 11 दिसंबर 2025 को कुएं के पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालाघाट श्री गोपाल सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के***

तहत मृतक की वारिस पत्नी निशा उपवंशी को 04 लाख रुपये की सहायता राशि मंजूर की है। बालाघाट तहसीलदार को निर्देशित किया गया है कि कोषालय में देयक प्रस्तुत कर निशा उपवंशी के बैंक खाते में 04 लाख रुपये की राशि ई-पेमेंट से शीघ्र जमा करायें।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433

# हर घर जल से बदली तस्वीर, मझगांव में नल जल योजना बनी खुशहाली की नई पहचान..





जगप्रेरणा बिरसा।

बालाघाट जिले के विकासखंड बिरसा अंतर्गत ग्राम मझगांव में जल जीवन मिशन के तहत लागू नल-जल योजना ने ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव की नई इबारत लिख दी है। जिला मुख्यालय से लगभग 105 किलोमीटर दूर स्थित इस गांव में कभी स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता एक बड़ी चुनौती थी। ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं को रोजाना पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे समय और श्रम दोनों की भारी बर्बादी होती थी।

लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। नल-जल योजना के सफल क्रियान्वयन से गांव के प्रत्येक घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंच रहा है। ÷हर घर जल÷ का सपना यहां साकार हो गया है। इस बदलाव का सबसे अधिक लाभ महिलाओं और बच्चों को मिला है। महिलाओं को अब पानी भरने की कठिन दिनचर्या से मुक्ति मिल गई है, वहीं बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य और पढ़ाई के लिए अधिक समय मिल रहा है। स्वच्छ जल की उपलब्धता से जलजनित बीमारियों में कमी आई है और गांव में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ी है।

ग्रामवासियों का कहना है कि पहले पानी के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता था, जिससे दिन का बड़ा हिस्सा इसी काम में निकल जाता था। अब घर पर ही नल से पानी मिलने से दैनिक जीवन आसान हो गया है और लोगों के जीवन में सुख-शांति आई है। हर घर जल के संकल्प को साकार करते हुए यह योजना न केवल एक बुनियादी सुविधा प्रदान कर रही है, बल्कि ग्रामीण विकास की मजबूत नींव भी रख रही है। मझगांव आज इस बात का उदाहरण बन गया है कि सही योजना और प्रभावी क्रियान्वयन से गांवों की तस्वीर बदली जा सकती है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत

# दमोह एवं कचनारी की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रशिक्षण









जगप्रेरणा बालाघाट।

***जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने और जल गुणवत्ता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बिरसा विकासखंड के सेक्टर दमोह-1, दमोह-2, कचनारी-1 एवं कचनारी-2 के आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं हेतु फील्ड टेस्टिंग किट***

(एफटीके) प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण ग्राम पंचायत देवगाँव एवं कचनारी में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) बालाघाट द्वारा आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बैहर उपखण्ड के ब्लॉक समन्वयक फनीश रंगारे एवं रानी सिंह राजपूत द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जल गुणवत्ता जांच की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान कुल 87 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं (दमोह सेक्टर से 58 एवं कचनारी सेक्टर से 39) को प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा उनकी आईडी भी बनाई गई।

प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से पानी की जांच करने का लाइव डेमो दिया गया। आंगनवाड़ी एवं स्कूलों से लाए गए पानी के नमूनों की मौके पर ही जांच कर यह बताया गया कि पानी में घुले विभिन्न तत्वों की पहचान कैसे की जाती है। किट के माध्यम से मुख्य रूप से श्व॥ मान, फ्लोराइड, आयरन (लोहा) एवं कठोरता (हार्डनेस) जैसे महत्वपूर्ण मानकों की जांच करना सिखाया गया।

कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र के पेयजल स्त्रोतों की जांच वर्ष में कम से कम दो बार मानसून से पहले और बाद में अनिवार्य रूप से करें। साथ ही परीक्षण के परिणामों को रजिस्टर में संधारित करने और पानी अमानक पाए जाने पर तत्काल संबंधित विभाग की प्रयोगशाला को सूचना देने के निर्देश भी दिए गए। प्रशिक्षण में दूषित पानी से होने वाली बीमारियों जैसे डायरिया एवं टाइफाइड के बारे में जानकारी देते हुए सुरक्षित पेयजल के उपयोग पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने स्वयं रुचि लेकर अपने-अपने केंद्रों के पेयजल स्त्रोतों की जांच भी की।

इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से शीतल मिश्रा एवं हरीश झा (पीएमयू), महिला एवं बाल विकास विभाग से पर्यवेक्षक अग्नि धुर्वे, सरला मेरावी, शकून उइके एवं विमला मेरावी सहित ग्राम पंचायत देवगाँव एवं कचनारी के सरपंच, सचिव एवं पंचायत समन्वयक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी बिरसा सुश्री शिप्रा का विशेष सहयोग रहा। इस पहल से ग्राम स्तर पर जल गुणवत्ता की नियमित निगरानी सुदृढ़ होगी और आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों एवं गांवों में बच्चों व नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।








दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900

# प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने वाले और महिला विरोधी है विधायक विवेक विक्की पटेल..

## जनपद पंचायत अध्यक्ष आशु गुनाराम बघेले ने तथ्यो के साथ लगाये आरोप



जगप्रेरणा वारासिवनी।

***राजनीति में नेताओ का झूठा श्रेय लेना और एक दूसरों को अपने से छोटा दिखाने का चलन आम बात हो गई है। बात भूमिपूजन समारोह, लोकार्पण समारोह सहित अन्य कार्यक्रमो की करे तो ऐसे वाक्यात अक्सर देखने सुनने को मिल ही जाते है।***

बात जब एक ही मंच पर पक्ष विपक्ष काबिज हो और सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों द्वारा विपक्ष के किसी दूसरे जनप्रतिनिधि की उपेक्षा या नजरअंदाज कर दिया गया हो तो हर किसी को समझ में आता है कि यह सब सत्ता पक्ष द्वारा प्रशासन पर दबाव बनाकर वर्चस्व के लिए किया जा रहा है। ऐसा बालाघाट में विधायक अनुभा मुंजारे के साथ कई बार हो भी चुका है। जिसका उनके द्वारा खुलकर विरोध भी किया गया।

### श्रेय लेने की दिख रही है सनक..

लेकिन बात जब विधायक जैसे संवैधानिक पद पर बैठे जनप्रतिनिधि द्वारा अपनी ही पार्टी की महिला जनपद पंचायत अध्यक्ष के साथ किया जाए तो इसे हल्की मानसिकता या पूर्वाग्रह से ग्रसित और श्रेय लेने की सनक से ज्यादा कुछ नही कहा जा सकता।

ऐसे में यह लोग संसद और विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण की कितनी भी वकालत क्यों न कर ले जब तक पार्टी में ऐसी सोच वाले विधायक या नेता रहेंगे महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए हमेशा संघर्ष ही करना पड़ेगा। ऐसे नेता हमेशा महिला नेताओं की राह में रोड़ा कब बन जाए कहा नही जा सकता।

### यह है आरोप

जनपद पंचायत खैरलांजी की अध्यक्ष आशु गुनाराम बघेले का आरोप है कि इसके पूर्व भी विधायक विवेक पटेल कई बार निर्माण कार्य के भूमिपूजन और लोकार्पण समारोहों में प्रोटोकोल का पालन न कर हल्की मानसिकता का परिचय दे चुके है। लेकिन वह हर बार चुप रही। जबकि प्रोटोकॉल के तहत यह सब गलत है। क्योंकि कई बार विधायक स्वयं ऐसे आरोप सत्ता पक्ष और प्रशासन पर लगा चुके है। जहाँ उनके प्रोटोकॉल का ध्यान नही रखा गया था। जो विधायक स्वयं चाहते है कि किसी भी शासकीय कार्यक्रमों में उनको प्रोटोकॉल के तहत मान सम्मान मिले। ऐसे विधायक यदि खुद ही प्रोटोकॉल का पालन नही करे और दूसरी महिला जनप्रतिनिधि का अपमान करे तो फिर उनकी सोच और मंशा पर सवाल उठना लाजमी है।

### कार्यो की स्वीकृति के लिये मप्र शासन का आभार..

जप अध्यक्ष खैरलांजी के अनुसार हम एक ही पार्टी में होने के कारण मैंने इन बातों को हमेशा नजरअंदाज किया। लेकिन इस बार जब बात निर्माण कार्य के श्रेय लेने और उनके अधिकारों के हनन की सामने आयी तो मुझे विरोध करने सामने आना पड़ा। जिस निर्माण कार्य के स्वीकृति में विधायक द्वारा शायद कोई प्रयास नही किया गया हो उस कार्य को खुद की उपलब्धी बताना ठीक नही है। वर्ष 2024 में उनके द्वारा ग्राम पंचायत कन्हरगांव अंतर्गत ग्राम चीचोली के चन्दन नदी पर रिटर्निंग वॉल सहित अन्य ग्रामों में निर्माण कार्य खनिज मद से स्वीकृति के लिए कलेक्टर से मांग की गई थी। जिसका पत्र भी उनके पास है। जिसके बाद तत्कालीन कलेक्टर द्वारा जनपद पंचायत का प्रस्ताव माँगा गया था। जिसके बाद हमने प्रस्ताव भी उनको दिया था। हो सकता है विधायक ने भी इसके लिए प्रयास किए हो लेकिन वह अकेले इसका श्रेय ले यह ठीक नही है। निमंत्रण कार्ड में जनपद पंचायत अध्यक्ष का नाम नही छापकर विधायक हल्की मानसिकता का परिचय दे रहे है। जिसका वह विरोध करती है और भविष्य में भी करती रहेंगी। ऐसे में यह बात किसी के गले नही उतर रही है कि आखिर विधायक ऐसी हल्की सोच क्यों दिखा रहे है। वह अपनी लकीर लंबी करने के बजाय उसे छोटी क्यों कर रहे है। क्या जनपद पंचायत अध्यक्ष की अहमियत उनके नजर में कुछ भी नही है। या बात कुछ और है यह तो भविष्य में ही पता चल पाएगा।

### क्या है मामला

ज्ञात हो कि 22 अप्रैल 2026 को ग्राम चिचोली में रिटर्निंग वॉल,सीसी रोड सहित कोथूरना से पिपरिया प्रधान मंत्री सड़क मार्ग पर पुलिया का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसे अपरिहार्य कारणों से बाद में स्थगित करवा दिया गया था। इस कार्यक्रम के निमंत्रण कार्ड में मुख्य अतिथि सांसद भारती पारधी को बनाया गया था। वहीं प्रमुख अतिथि विवेक विक्की पटेल और अध्यक्षता तेजराज नगपूरे ब्लॉक कॉंग्रेस अध्यक्ष को बनाया गया था। वहीं विशेष अतिथियों के रूप में पुर्व और वर्तमान आठ जनप्रतिनिधियों को निमंत्रण कार्ड में शामिल किया गया था। लेकिन जनपद पंचायत अध्यक्ष का नाम उक्त निमंत्रण कार्ड से गायब था। दूसरी ओर जप अध्यक्ष खैरलांजी ने इन कार्यो की स्वीकृति से लेकर निर्माण करने की प्रक्रिया के लिये मप्र शासन का विशेष रूप से आभार भी व्यक्त किया है।

# शास. कन्या उ.मा. विद्यालय कटंगी में किया गया विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन..






जगप्रेरणा कटंगी।

***मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में 23 अप्रैल 2026 को शासकीय***

कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटंगी में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### अक्षय तृतीया पर विशेष अभियान

कार्यक्रम का आयोजन 'बाल अनुकूल कानूनी सेवाएं योजना 2024' के तहत अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत किया गया। सुबह 10:15 बजे से तहसील विधिक सेवा समिति कटंगी की अध्यक्ष व न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री शबाना खान की अध्यक्षता में कार्यक्रम शुरू हुआ। इस दौरान प्राचार्य श्री डहरवाल सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### बोली न्यायाधीश शबाना खान..

न्यायिक मजिस्ट्रेट शबाना खान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि अक्षय तृतीया के त्योहार का अक्सर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में बाल विवाह कराने के लिए दुरुपयोग किया जाता है। ये अवैध प्रथाएं बच्चों के अधिकारों, स्वास्थ्य और भविष्य के लिए गंभीर खतरा हैं। उन्होंने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी।

### पॉक्सो से साइबर सुरक्षा तक की दी जानकारी

शबाना खान ने छात्राओं को पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, साइबर सुरक्षा, महिला एवं बाल अपराध, मौलिक अधिकार और मूल कर्तव्यों के संबंध में भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि कानून की जानकारी हर नागरिक का अधिकार है और छात्राएं अपने व आसपास होने वाले अपराधों के खिलाफ आवाज उठाएं।

### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में न्यायालयीन कर्मचारी देवेन्द्र ठाकरे, कोर्ट मोहर्रिर छत्रपाल बघेल, सना खान एवं सुनील डाकरे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. राधाकिशन चौकसे के नाम हुआ कटंगी वार्ड 15 की सीसी रोड का नामकरण..

## नगर परिषद के विशेष सम्मेलन में किया गया प्रस्ताव पारित..

जगप्रेरणा कटंगी।

***नगर परिषद के विशेष सम्मेलन में गुरुवार को वार्ड-15 की प्रमुख सीसी रोड का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय राधाकिशन चौकसे के नाम पर करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हो गया। परिषद ने इसे सेनानी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया।***

अब वार्ड नंबर 15 मेन रोड से लगी यह सड़क 'स्वतंत्रता सेनानी स्व. राधाकिशन चौकसे मार्ग' के नाम से जानी जाएगी।

### 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के अग्रणी योद्धा

गौरतलब है कि स्व. राधाकिशन चौकसे 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के सक्रिय सहभागी थे। आंदोलन के दौरान उन्होंने रामटेक तहसील कोर्ट को आग के हवाले कर दिया था। इस घटना के बाद अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें और उनके बड़े भाई स्वर्गीय परसराम चौकसे को गिरफ्तार कर मध्यवर्ती कारागृह नागपुर में परिरुद्ध रखा। सनद रहे कि उस दौर में मध्यप्रदेश राज्य नहीं था। सी.पी. एंड बरार के अंतर्गत भारत का मध्य क्षेत्र आता था, जिसकी राजधानी नागपुर थी। आजादी के बाद भी स्व. चौकसे ने राजनीतिक-सामाजिक गतिविधियां जारी रखीं। वे देशभक्त एवं कर्मठ कर्मयोगी थे।



### चीन युद्ध में पत्नी के जेवर किए दान

1962 के चीन युद्ध के दौरान स्व. चौकसे ने भारत सरकार के तत्कालीन रक्षा मंत्री मोरारजी देसाई को अपनी पत्नी के जेवर रक्षा कोष में दान कर दिए थे। उनके राष्ट्रभक्ति से भरे कार्यों को आज भी समकालीन लोग और तत्कालीन विद्यार्थी याद करते हैं।

### दो अहम दस्तावेज बने प्रस्ताव का आधार..

नामकरण के प्रस्ताव की मजबूती के लिए परिजनों ने दो महत्वपूर्ण दस्तावेज सदन के सामने रखे। पहला, स्वतंत्रता की 25 वीं वर्षगांठ पर 15 अगस्त 1972 को मध्यप्रदेश शासन ने श्री राधाकिशन व. हीरालाल, कटंगी को 'स्मरणीय योगदान' के लिए प्रशस्ति-पत्र भेंट किया था। भोपाल से जारी यह पत्र आज भी परिवार के पास सुरक्षित है। दूसरा, कलेक्टर कार्यालय बालाघाट ने 16 सितंबर 1975 को प्रमाण पत्र जारी कर प्रमाणित किया कि स्व. राधा किशन पिता हिरालाल, ग्राम कटंगी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में जिला बालाघाट की पंजी के पृष्ठ क्रमांक 37, सरल क्रमांक 7 पर पंजीकृत है परिषद सदस्यों ने कहा कि सड़क का नामकरण करने से नई पीढ़ी को स्व. चौकसे के बलिदान और देशभक्ति की प्रेरणा मिलेगी। परिवार ने नगर परिषद का आभार जताते हुए कहा कि 1972 का प्रशस्ति-पत्र और वंशज प्रमाण पत्र, दोनों ही सेनानी के योगदान के पुख्ता सबूत हैं।

नामकरण के साथ सड़क पर स्वतंत्रता सेनानी का संक्षिप्त जीवन परिचय वाला शिलालेख भी लगाया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके योगदान को जान सकें। नागरिकों का कहना है कि रामटेक कोर्ट की घटना और नागपुर जेल की कैद जैसे प्रसंग इतिहास के पन्नों में दर्ज होने चाहिए। नगर परिषद के इस निर्णय से कटंगी नगर में हर्ष का माहौल है। स्वतंत्रता सेनानी के परिजनों व नागरिकों ने इसे आजादी के मतवालों के प्रति सच्चा सम्मान बताया।

# पठार अंचल के ग्राम दिग्धा में किया गया आंबेडकर जयंती का आयोजन..

## अखिल अम्बेडकरवादी बुद्धिस्ट युथ फेडरेशन एवं ग्रामीण बौद्ध संघ के सानिध्य में किया गया आयोजन..



जगप्रेरणा महकेपार।

***बालाघाट जिले के कटंगी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पठार अंचल के ग्राम दिग्धा में आंबेडकर जयंती का आयोजन अखिल अम्बेडकरवादी बुद्धिस्ट युथ फेडरेशन एवं ग्रामीण बौद्ध संघ के सानिध्य में किया गया।***

कार्यक्रम की शुरुआत बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले छात्रों को एवं स्थानीय क्रिएटर (यूट्यूबर) को एबीवायएफकी टीम द्वारा शील्ड प्रदान किया गया, जिसमें ग्राम और बाहर से आये अतिथियों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। अतिथियों ने बाबासाहेब के जीवन के उपर अपने अपने विचार व्यक्त किये जिससे युवाओ को बाबासाहेब के मूल मंत्र संगठित रहो, संघर्ष करो और शिक्षित बनो से युवाओ को प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अखिल अम्बेडकरवादी बुद्धिस्ट युथ फेडरेशन, ग्रामीण बौद्ध संघ दिग्धा, सावित्री बाई फुले महिला संगठन दिग्धा, का अहम योगदान रहा। समारोह में बाहर से आए अतिथि, ग्राम के गणमान्य नागरिक और छात्रों के पालकों ने अपना बहुमूल्य समय निकालकर उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केंद्र हर्ष पुष्पतोडे एवं उनकी टीम का रहा। आयोजक समिति ने सभी आगंतुकों का स्वागत वंदन अभिनन्दन किया और अपनी उपस्थिति दर्ज कराने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राष्ट्रीय नेत्र ज्योति अभियान के अंतर्गत मई माह में 24 नेत्र शिविरों का आयोजन..

## प्रत्येक शिविर में आपरेशन के लिए मोतियाबिंद के 100 मरीज चिन्हित करने का लक्ष्य

जगप्रेरणा बालाघाट।

***राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के तहत माह मई 2026 में जिले के विभिन्न स्थानों पर 24 नेत्र शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर स्वयं सेवी संस्था दादा वीरेन्द्र पूरी (देवजी नेत्रालय) संस्थान जोतपुर तिलवाराघाट जबलपुर के सहयोग से जिले***

के सिविल अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित किये जाएंगे। प्रत्येक शिविर में मोतियाबिंद आपरेशन के लिए 100 मरीजों को चिन्हित करने का लक्ष्य रखा गया है। शिविर में चिन्हित मरीजो का आपरेशन देव नेत्रालय जबलपुर में किया जाएगा एवं मरीजों को देव नेत्रालय ले जाने एवं वापस लाने की व्यवस्था व जवाबदारी देवजी नेत्रालय संस्था जबलपुर की रहेगी। मोतियाबिंद के मरीजों की आंखो का आपरेशन निःशुल्क किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलव ने बताया कि जिले की प्रत्येक सीएचओ अपने कार्यक्षेत्र-आयुष्मान आरोग्य मंदिर में नेत्र की बीमारियों के मरीजों को चिन्हित कर सूचीबद्ध करेगी। साथ ही मोतियाबिंद ऑपरेशन का लक्ष्य हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को 1000 की आबादी पर सात मोतियाबिंद की दर से ऑपरेशन लक्ष्य निर्धारित कर प्रतिमाह लगने वाले ब्लॉक स्तरीय शिविर में मोतियाबिंद मरीजो को भेजना सुनिश्चित करेंगी। राष्ट्रीय नेत्र ज्योति अभियान के तहत सिविल अस्पताल बैहर एवं सा. स्वा. केंद्र बिरसा में 04, 15 एवं 25 मई को, सामू.स्वास्थ्य केंद्र परसवाड़ा एवं लामता में 06, 13 व 20 मई को, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरलांजी में 05, 12, 19 व 26 मई को, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी में 07, 14, 21 व 28 मई को, सिविल अस्पताल वारासिवनी में 08, 15, 22 एवं 29 मई, सा. स्वास्थ्य केंद्र लालबर्रा में 15, 22 व 29 मई को तथा सिविल अस्पताल लांजी और सामुदायिक केंद्र किरनापुर में 11, 22 एवं 28 मई को शिविर आयोजित किये जायेंगे।

# पर्यावरण व सामाजिक बदलाव में करियर का सुनहरा अवसर..

## ग्रीन हब सेंट्रल इंडिया फेलोशिप 2026-27 के लिए आवेदन शुरू

जगप्रेरणा बालाघाट।

***युवाओं को पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक बदलाव की दिशा में सशक्त बनाने के उद्देश्य से ग्रीन हब सेंट्रल इंडिया फेलोशिप 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह 10 माह का आवासीय कार्यक्रम भोपाल में आयोजित किया जाएगा। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य***

विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने बताया कि इस फेलोशिप का उद्देश्य आदिवासी एवं ग्रामीण युवाओं को पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण, सतत कृषि, आजीविका और सामाजिक परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में वीडियो एवं स्टोरीटेलिंग के माध्यम से प्रशिक्षित करना है।

इस कार्यक्रम के जरिए प्रतिभागियों को रचनात्मक अभिव्यक्ति के साथ-साथ जमीनी मुद्दों पर काम करने का अवसर मिलेगा। यह फेलोशिप मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, गुजरात और पश्चिम बंगाल (उत्तर दिनाजपुर सहित) के ग्रामीण एवं आदिवासी युवाओं के लिए विशेष रूप से बनाई गई है। इच्छुक उम्मीदवार ऑनलाइन माध्यम से हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा आवेदन ईमेल के जरिए भी भेजे जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए संबंधित वीडियो लिंक भी उपलब्ध कराए गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई 2026 निर्धारित की गई है।

इच्छुक युवाओं से समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की गई है। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी ईमेल ड्डश्चश्चद्यद्ब-ष्ड्डह्लद्बशठ्ठद्यद्दद्धष्द्बञ्चद्दद्बड्डद्यद्य.ष्शद्व या व्हाट्सएप नंबर 9522281289 पर संपर्क कर सकते हैं।





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
रूपेश रावते भानेगांव
मो. 9826602705

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433

# लांजी सिविल अस्पताल में छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण, स्वास्थ्य सेवाओं की मिली विस्तृत जानकारी






जगप्रेरणा लांजी।

***मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित समाज कार्य में स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रम के छात्र छात्राओं को***

जिला समन्वयक सुशील बर्मन के निर्देशन एवं विकासखंड समन्वयक संतोष नगपुरे के नेतृत्व में 24 अप्रैल को मध्यप्रदेश शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य नीति, परिवार नियोजन और स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू संचालन के साथ साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से किफायती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं समाज को कैसे उपलब्ध होती है की जानकारी के लिए विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी बीएमओ डॉक्टर अक्षय उपराडे की उपस्थित में नर्सिंग ऑफिसर राजेश्वरी नारनौरे की उपस्थिति में सिविल अस्पताल लांजी का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

जिसमे रोगी कल्याण समिति की भूमिका, सेंट्रल लेब, उमंग स्वास्थ केंद्र, सोनोग्राफी सेंटर, एक्सरे विभाग, दवाई वितरण केन्द्र, रक्त कोष, एचआईवी संबधित परामर्श केंद्र, रिकॉर्ड रूम, नेत्र विभाग, छय रोग विभाग, मलेरिया विभाग, फिजियोथैरेपी केंद्र, आयुष्मान केंद्र, पोषण पुनर्वास केंद्र से रूबरू कराते हुए उपस्थित छात्र छात्राओं को स्वास्थ्य विभाग से संबंधित संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

उक्त भ्रमण कार्यक्रम में समस्त छात्र छात्रा एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता कार्यक्रम के परामर्शदाता संदीप कुमार रामटेक्कर, अशोक घरते, विजय हटीले, श्रीमती ज्योति शकरपुडे, नीलेश्वर ठाकरे उपस्थित रहे उक्त शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में सिविल अस्पताल लांजी के संपूर्ण स्वास्थ्य अमले का सहयोग महत्वपूर्ण रहा।

# परसोडी में जन्म शताब्दी वर्ष पर पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का भव्य शुभारंभ



जगप्रेरणा लांजी।

***परम पूज्य गुरुदेव एवं परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी की सूक्ष्म संरक्षण में तथा गायत्री शक्तिपीठ लांजी के मार्गदर्शन में गायत्री प्रज्ञा मण्डल एवं समस्त***

ग्रामवासियों के द्वारा ग्राम-परसोडी की पावन भूमि पर परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कारों का भव्य आयोजन शुरू हो गया है।

यह महायज्ञ वर्तमान युग परिवर्तन की इस घड़ी में आस्था के संकट को दूर करने और ईश्वरीय चेतना से जुड़ने के लिए यह महायज्ञ विशेष महत्व रखता है। आज सुबह कार्यक्रम की शुरुआत मंगल कलश शोभायात्रा के साथ हुई। शोभायात्रा में भारी संख्या में बालिकाओं व माताओं ने सिर पर कलश धारण कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा ने पूरे ग्राम का भ्रमण किया और गायत्री मंत्र के जयघोष से वातावरण पावन हो गया। कार्यक्रम के तहत शुक्रवार प्रातः 8 बजे मंगल कलश शोभा यात्रा निकाली गई। दोपहर 12 बजे भोजन प्रसादी उपरांत शाम 3 बजे से 6 बजे तक सत्संग एवं प्रवचन सम्पन्न हुआ। आज 25 अप्रैल शनिवार को प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक देवपूजन, गायत्री महायज्ञ एवं विभिन्न संस्कार किए जाएंगे तथा दोपहर 2 बजे से कार्यकर्ता गोष्ठी व शाम 4 बजे संगीत कार्यक्रम, नारी जागरण एवं शाम 6 से दीप महायज्ञ सम्पन्न होगा।26 अप्रैल रविवार को प्रातः 7 बजे से 11 बजे तक गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार व पूर्णाहुति उपरांत भोजन प्रसादी एवं दोपहर 2 बजे टोली विदाई होगी। इस गायत्री महायज्ञ के अवसर पर पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, मुण्डन, विद्यारम्भ, दीक्षा एवं यज्ञोपवीत संस्कार सहित सभी संस्कार निःशुल्क कराए जाएंगे। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं, गायत्री उपासकों एवं ग्रामवासियों से सादर अपील की है कि वे इस महायज्ञ में सहभागी होकर मानव जीवन को धन्य बनाएं और युग परिवर्तन की इस बेला में सामूहिक प्रार्थना के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा का संचार करें।

# बोलेगांव विद्यालय में 90 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल वितरण..



## ग्रामीण छात्रों को मिलेगी शिक्षा में नई रफ्तार..



जगप्रेरणा लांजी।

***सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोलेगाव (लांजी) में 24 अप्रैल को निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया।***

इस अवसर पर संस्था प्राचार्य बी. आर. गुरदे एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, मां सरस्वती पूजन एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा 46 छात्र एवं 44 छात्राओं को तिलक लगाकर निःशुल्क साइकिल भेंटकर शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य बी. आर. गुरदे द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि मध्य प्रदेश शासन इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ छात्र छात्राओं को निश्चित ही मिलेगा और वे समय पर विद्यालय पहुंच सकेंगे।

चुंकि विद्यालय ग्रामीण अंचल में स्थित है और छात्र छात्राएं दूरदराज के क्षेत्रों से विद्यालय में आते हैं, जिससे उन्हें विद्यालय पहुंचने में अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस साइकिल की सहायता से छात्र छात्राएं समय पर विद्यालय पहुंच पायेंगे जिससे विद्यालय में छात्र उपस्थित में वृद्धि होगी और छात्र-छात्राएं भी अधिक से अधिक ज्ञानार्जन कर अपने परीक्षा परिणाम में उत्तरोत्तर वृद्धि करेंगे। इस अवसर पर विषेष अतिथि के रूप में बी. आर. बापूरे सेवा निवृत्त अभियंता, अशोक बापूरे पूर्व जनपद पंचायत, चित्रलेखा कालबेले उपसरपंच ग्राम पंचायत बोलेगांव, युवराज भटेरे, पीटीए अध्यक्ष अनिल नागवंशी, प्रभु राम तिडके एवं अन्य गणमान्य अतिथि एवं संस्था के उपप्राचार्य प्रवीण साहु एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं की गरिमामई उपस्थिति रही।

# आवारा मवेशियों से टकराई मोटरसाइकिल

## दो युवक घायल..




जगप्रेरणा लांजी।

***धर्मनगरी लांजी में लगातार बढ़ते सड़क हादसों ने जनसुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आए दिन किसी न किसी मार्ग पर हो रही दुर्घटनाओं में लोग घायल हो रहे हैं। इसी क्रम में 23 अप्रैल की रात करीब 9 बजे एक और हादसा सामने आया।***

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अक्षय 29 वर्ष, पिता युवराज अविनाशी, निवासी इटोरा एवं राजेश 28 वर्ष पिता मीताराम डोंगरे, अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 50 एमएल 6861 से लांजी से अपने ग्राम इटोरा जा रहे थे। बालाघाट रोड़ अग्रवाल पेट्रोल पंप के पास अचानक एक गाय सड़क पर आ गई, जिससे उनकी मोटरसाइकिल उससे टकरा गई और दोनों युवक दुर्घटना का शिकार हो गए।

हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को तत्काल दोपहिया वाहन से सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार किया गया। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल चला रहे अक्षय को चेहरे पर गंभीर चोटें आई।

चिकित्सकों ने उसकी आंख के ऊपर एवं चेहरे पर चार टांके लगाए। प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। घटना के बाद नगरवासियों में रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि नगर में बड़ी संख्या में आवारा मवेशी सड़कों पर घूमते रहते हैं और विभिन्न चौक-चौराहों पर उनका जमावड़ा लगा रहता है। इसके बावजूद नगर परिषद इस समस्या की ओर गंभीरता नहीं दिखा रही है, जिसके चलते लगातार हादसे हो रहे हैं और लोगों के साथ-साथ मवेशी भी घायल हो रहे हैं।

सुश्रृत क्षारसुत्र व आयुर्वेद पंचकर्म सेंटर
● मुळव्याध (बवासीर) ● भगंदर (नासुर)
● फिशर ● कड निकलना व अन्य गुदारोग
अत्याधुनिक व्हेसल सिलर, लेजर व क्षारसुत्र द्वारा दर्दरहित सफल चिकित्सा
व्हेसल सिलर मशिन
व्हेसल सिलर क्लॅम्प
लेजर
डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Scholar) CCKS (Guj)
मुळव्याध, भगंदर व गुदारोग विशेषज्ञ
डॉ. सौ. अपर्णा खोब्रागडे
BAMS, D.P.C. (Mumbai)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
साकेत पब्लिक स्कुल के पास, गणेश नगर, गोंदिया (महाराष्ट्र)
मोबा. 09823021274

SONOGRAPHY
X-RAY
CT SCAN
MRI CENTER
SONO VIEW
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
● M.R.I.
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन व एम.आर.आई. क्लिनिक
तुरकर SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN, M.R.I. क्लिनिक
सिव्हिल लाईन, गोंदिया फोन - 07182-231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com
SONOGRAPHY C.T./M.R.I.

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## भारत की शक्ति और हर वैश्विक साझेदारी का भविष्य– लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और स्किल्ड वर्कफोर्स का संगम

वैश्विक स्तरपर भारत आज केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं है,बल्कि यह विश्व के लिए आशा,स्थिरता और अवसरों का केंद्र बन चुका है। भारत आज जिस मुकाम पर खड़ा है, उसे केवल एक राष्ट्र की उपलब्धि कहना कम होगा।यह 21वीं सदी के उस नए युग की शुरुआत है यह स्वतंत्रता के 75 से अधिक वर्षों की यात्रा में भारत ने बार-बार यह सिद्ध किया है कि, लोकतंत्र केवल एक शासन पद्धति नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की आत्मा है। इसके साथ ही,भारत की जनसांख्यिकी और विशाल स्किल्ड वर्कफोर्स ने उसे ऐसे मुकाम पर ला खड़ा किया है, जहां से वह न केवल अपने नागरिकों के भविष्य को संवार सकता है,बल्कि पूरे विश्व के विकास की दिशा भी तय कर सकता है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र से, यह लेख तीन मुख्यस्तंभों, लोकतंत्र की शक्ति, जनसांख्यिकीय लाभ और स्किल्ड वर्कफोर्स की क्षमता पर आधारित है, जिनकी वजह से भारत और उसके वैश्विक साझेदारों के बीच हर रिश्ते को ÷विन-विन सिचुएशन÷ के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।

साथियों बात अगर हम भारत की पहली सबसे बड़ी ताकत की करें तो,भारत दुनियाँ का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।1950 में संविधान लागू होने के बाद से आज तक भारत ने चुनावों के जरिए सत्ता परिवर्तन, नीति निर्माण और नागरिक अधिकारों को जिस मजबूती से कायम रखा है, वह विश्व के लिए उदाहरण है। लोकतंत्र का अर्थ केवल सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नागरिक भागीदारी, न्याय व्यवस्था की स्वतंत्रता और पारदर्शी शासन की नींव पर खड़ा है। विविधता में एकता इसका सबसे बड़ा परिचायक है, जहां 22 आधिकारिक भाषाएँ, हजारों बोलियाँ, सैकड़ों धर्म-संप्रदाय और अलग-अलग संस्कृतियाँ होने के बावजूद लोग लोकतांत्रिक रूप से एकजुट रहते हैं। भारत का लोकतंत्र वैश्विक कंपनियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करता है क्योंकि वे जानती हैं कि यहां नीतियाँ पारदर्शी हैं, कानून का शासन है और निवेशकों के हितों की रक्षा की जाती है।दुनिया के कई हिस्सों में अधिनायकवाद और राजनीतिक अस्थिरता देखने को मिलती है। अफ्रीकी और एशियाई देशों में सत्ता परिवर्तन अक्सर हिंसा और अराजकता का कारण बनते हैं।इसके विपरीत भारत ने अपने लोकतांत्रिक ढांचे से स्थिरता का माहौल तैयार किया है। यही कारण है कि विश्व की बड़ी कंपनियाँ भारत को ÷सेफ़हैवन÷ के रूप में देखती हैं। चीन या रूस जैसे देशों में निवेश करने पर राजनीतिक जोखिम अधिक होता है, जबकि भारत में लोकतंत्र यह सुनिश्चित करता है कि नीतियाँ स्थिर रहें और निवेश सुरक्षित रहे। यह लोकतंत्र की वही शक्ति है जो भारत को अलग पहचान दिलाती है।

साथियों बात अगर हम भारत की दूसरी सबसे बड़ी ताक़त की करें तो वह है उसकी जनसांख्यिकी।वर्तमान समय में भारत की आबादी लगभग 1.43 अरब है और इसमें से 65 पेर्सेंट से अधिक लोग 35 वर्ष से कम आयु वर्ग में आते हैं। यह स्थिति भारत को दुनियाँ की सबसे युवा आबादी वाला देश बनाती है। युवा आबादी किसी भी राष्ट्र के लिए ऊर्जा, नवाचार और विकास का प्रतीक होती है। जब यूरोप और जापान जैसे विकसित देश बूढ़ी होती आबादी की समस्या से जूझ रहे हैं, तब भारत के पास एक ऐसा डेमोग्राफिक्र एडवांटेज है जो उसे वैश्विक अर्थव्यवस्था का इंजन बना सकता है।भारत की युवा पीढ़ी तकनीक अपनाने में सबसे आगे है। वे न केवल नई तकनीकों को अपनाते हैं बल्कि स्टार्टअप्स और उद्यमिता की ओर भी बढ़ रहे हैं।

यही कारण है कि भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है।÷मेक इन इंडिया÷,÷स्टार्टअप इंडिया÷ और ÷डिजिटल इंडिया÷ जैसी योजनाएँ इसी युवा ऊर्जा का परिणाम हैं। यह डेमोग्राफिक्र डिविडेंड भारत को न केवल घरेलू विकास की दिशा में मजबूत बना रहा है बल्कि विश्व के लिए भी अवसर पैदा कर रहा है।भारत की यह जनसांख्यिकी वैश्विक स्तर पर भी महत्वपूर्ण है। भारत हर साल लाखों इंजीनियर, डॉक्टर और मैनेजमेंट प्रोफेशनल तैयार करता है। यह वर्कफोर्स पूरी दुनिया की ज़रूरतें पूरी करता है। भारतीय पेशेवर आज अमेरिका, यूरोप, खाड़ी देशों और अफ्रीका तक अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। यह युवा आबादी उपभोक्ता बाजार के रूप में भी बेहद आकर्षक है। युवा वर्ग नई तकनीकों, डिजिटल सेवाओं और उपभोक्ता उत्पादों का सबसे बड़ा खरीदार है। यही कारण है कि वैश्विक कंपनियाँ भारत को भविष्य का सबसे बड़ा बाजार मानती हैं।

साथियों बात अगर हम भारत की तीसरी और सबसे महत्वपूर्ण शक्ति की करें तो वह है उसका विशाल स्किल्ड वर्कफोर्स। भारत के पास आज दुनिया का सबसे बड़ा स्किल्ड ह्यूमन रिसोर्स पूल है।आईटी, हेल्थकेयर, इंजीनियरिंग, रिसर्च, शिक्षा और मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में भारतीयों ने अपनी प्रतिभा से पूरी दुनिया में पहचान बनाई है। बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे जैसे शहर वैश्विक आईटी हब के रूप में उभर चुके हैं।

भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स अमेरिकी सिलिकॉन वैली की कंपनियों के लिए रीढ़ की हड्डी बन चुके हैं। हेल्थकेयर के क्षेत्र में भारतीय डॉक्टर और नर्स पूरी दुनिया में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान यह साफ दिखाई दिया कि भारतीय मेडिकल प्रोफेशनल्स की क्षमता कितनी विशाल है।मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप्स के क्षेत्र में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। ÷मेक इन इंडिया÷ अभियान ने विदेशी निवेशकों को आकर्षित किया है और भारत में उत्पादन का माहौल तैयार किया है। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम भी दुनिया में तीसरे स्थान पर है, जिसने लाखों रोजगार पैदा किए हैं। यह स्किल्ड वर्कफोर्स केवल भारत की अर्थव्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक नवाचार और विकास के लिए भी अहम है।

साथियों बातें कर हम इन तीनों कारकों,लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और स्किल्ड वर्कफोर्स,का संगम भारत को विश्व की बड़ी कंपनियों और सरकारों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाने की करें तो, जब कंपनियाँ भारत में निवेश करती हैं तो उन्हें स्थिर राजनीतिक माहौल, विशाल उपभोक्ता आधार और प्रतिभाशाली मानव संसाधन तीनों एक साथ मिलते हैं। यही कारण है कि एप्पल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़न और टेस्ला जैसी कंपनियाँ भारत को भविष्य का हब मान रही हैं।भारत और उसके वैश्विक साझेदारों के बीच संबंध केवल व्यापार तक सीमित नहीं हैं। यह संबंध वास्तव में परस्पर लाभकारी है। भारत को रोजगार, तकनीक और निवेश मिलता है,जबकि कंपनियों को लागत में कमी, स्थिर वातावरण और विशाल बाजार तक पहुंच मिलती है। इस प्रकार यह रिश्ता ÷विन-विन सिचुएशन÷ का प्रतीक बन जाता है।हालांकि भारत के सामने कुछ चुनौतियाँ भी हैं। शिक्षा और कौशल मेंअसमानता, आधारभूत ढाँचे की कमी, गरीबी और बेरोजगारी जैसी समस्याएँ अभी भी मौजूद हैं। लेकिन भारत सरकार ÷स्किल इंडिया÷, ÷डिजिटल इंडिया÷, ÷गति शक्ति योजना÷ और ÷आत्मनिर्भर भारत÷ जैसे अभियानों से इन चुनौतियों को अवसरों में बदलने का प्रयास कर रही है। यदि ये प्रयास सफल होते हैं तो भारत अपनी जनसांख्यिकी और स्किल्ड वर्कफोर्स का पूरा लाभ उठा सकेगा।

अंततः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि यह स्पष्ट है कि भारत की शक्ति तीन स्तंभों पर आधारित है,लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और स्किल्ड वर्कफोर्स। ये तीनों मिलकर भारत को न केवल विश्व की आर्थिक महाशक्ति बना रहे हैं, बल्कि इसे एक भरोसेमंद वैश्विक साझेदार भी बना रहे हैं। भारत का विकास मॉडल शून्य-योग नहीं है, बल्कि यह पूरे विश्व के लिए अवसर पैदा करता है। आने वाले दशकों में जब दुनिया नए संकटों और अवसरों से गुज़रेगी, तब भारत अपनी लोकतांत्रिक ताक़त, युवा ऊर्जा और स्किल्ड वर्कफोर्स के दम पर पूरे विश्व के लिए आशा और सहयोग का केंद्र बना रहेगा। यही भारत की असली पहचान है-एक ऐसा राष्ट्र जो अपने विकास के साथ-साथ पूरे विश्व की प्रगति में योगदान देता है और हर वैश्विक साझेदारी को वास्तविक ÷विन-विन÷ बनाता है।

रचनाकार



एडव्होकेट किशन भगनानी गोंदिया

## कांटों में बसने का अलग ही मज़ा है

कांटों में बसने का अलग ही मज़ा है
दर्द में हंसने का अलग ही मज़ा है।

जिंदगी में जब खिज़ां का मौसम हो
तक्लीफ़ज्यादा और आंसू कम हो
तब,खुद में सजने का अलग ही मज़ा है।
कांटों में बसने का,
दर्द में हंसने का अलग ही मज़ा है।

प्यार अपना जब किसी का हो रहा हो
मुकद्दर अपना जब खुद पे रो रहा हो
तब,शादी में नचने का अलग ही मज़ा है।
कांटों में बसने का,
दर्द में हंसने का अलग ही मज़ा है।

वक्त और परिस्थिति जब खिलाफहो
दोस्त और दुश्मनों में जब मिलाप हो
तब,अपनों से बचने का अलग ही मज़ा है।
कांटों में बसने का,
दर्द में हंसने का अलग ही मज़ा है।

सबका साथ देने वाला
जब अकेला चले
भलाई का बदला जब
बुराई से मिले
तब, खुद पे हंसने का
अलग ही मज़ा है।
कांटों में बसने का,
दर्द में हंसने का
अलग ही मज़ा है।

लेखक



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट

## दंगे होते है

फैशन कहते और
लोग नंगे होते है
बात बात पर यहाँ
पर तो दंगे होते है

रफ्तार तेज हो
रही है सड़को पर
कम उमर के ही
सब ये बंदे होते है
शर्म कहां है
आजकल के बूढ़ों को
नीयत के ये भी
कितने गंदे होते है

आलीशान महल
और जिनकी कोठी है
सब दो नम्बर के ही
इनके धंधे होते है


लूट मचा दी है
जिनके गोरख धंधों ने
ऐसे कुछ बाबा है
कुछ पंडे होते हैं

लेखक



किशोर छिपेश्वर
'सागर', बालाघाट


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 106



**ck;s ls nk;s &** 1) बहुत दंगा करना इस अर्थ का एक मुहावरा 5) महाकवि कालिदासकृत एक महाकाव्य 10) चित्र 14) पांच की दूनी संख्या 15) एक प्राचीन शस्त्र 17) सावधानी, निपुणता, योग्यता 18) चमकीला, भड़कीला 19) एकत्र, मिला हुआ 20) घोड़े के मुंह में लगा हुआ लोहे का ढांचा जिसके दोनो ओर चमड़े का रस्सा बंधा होता है 22) जन–श्रुति, गप, उड़ती खबर 24) पान, खैनी, सुपारी, चुना आदि रखने का पात्र 26) बीच में बोल उठना, प्रश्न करके किसी कार्य में बाधा डालना 27) उन्मत्त हाथी की तरह चलनेवाली स्त्री 29) चमत्कारपूर्ण कार्य 31) एक किनारे से दूसरे किनारे तक 36) बुरी आदत, दुर्व्यसन 37) समाचार, वृत्त, संदेश 38) दया, कृपा, अनुग्रह, सहानुभूति 39) दुर्बल 41) दिया हुआ वचन 42) ध्वजा 43) धन, ऐश्वर्य 44) नशीली वस्तु ग्रहण करने से आनेवाली मादकता 45) मन्त्र आदि का बारबार उच्चारण 46) कुशल, बचाव, रक्षा 47) वह नृत्य जो कृष्ण ने गोपियों के साथ किया था 49) फायदा करनेवाला, गुणकारी 51) नापना, तौलना 52) शरीर के त्रिदोषों में एक 54) निषिद्ध, विधि – विहीन 56) धेनु, गाय 57) मित्र, दोस्त, प्रिय व्यक्ति 58) वह धन सामग्री आदि जो विवाह के समय कन्या का पिता वर पक्ष को देता है 60) सपना, आकांक्षा 61) भोज का निमन्त्रण 62) जन्म, उत्पत्ति, क्षेम 63) बंधा हुआ 64) आवारा, बदचलन 65) मनमाना, मनोवांछित 67) शरम, लज्जा 70) घमंड, गर्व 72) वह मां जिसका पुत्र वीर हो 74) ज्योतिषी,, गणना करनेवाला 75) फुलों की माला 76) हाय, शोक, दुःखसूचक शब्द 77) याचक, भिक्षुक 79) गूढ़ पुरुष, भेदिया 80) अत्यन्त थोड़ी मात्रा, थोड़ा सम्बन्ध 82) दौड़ (अंग्रेजी) 84) शिवजी के एक अनुचर का नाम 86) दिवस, दिन 87) क्रोधपूर्ण दृष्टि 88) हिमालय पर्वत की एक चोटी का नाम जहां बदरी का मन्दिर है 89) धक्का देना, ताना 91) पानी 92) अपने स्थान से सरकना, हटना 93) आगे जानेवाला, प्रधान नेता, पुरोगामी 94) अक्षरों के एक वर्णवृत्त का नाम 95) जिसकी गिनती न हो सके 98) किसी वस्तु का संबोधनवाची शब्द 99) दहन, संताप 100) राख, भस्म 101) दंड, जुरमाना 102) प्रणाम, वंदन

**Åij ls uhps &** 1) दीप्तिमान, चमकीला 2) मद में चूर 3) मूंछ निकलने से पहले ओंठ पर का कालापन 4) सिंगे की तरह का एक बाजा, कान में पहिनने का एक गहना 6) हर्ष, प्रसन्नता 7) रक्षा करनेवाला 8) बच्चे, पुत्र, पुत्री आदि 9) दिया गया शब्द 10) झगड़ा, विवाद 11) हमेशा 12) शूर पुरुष, साहसी और बलवान 13) अवलोकन करना 16) अपने अधिकार की रक्षा के लिए या निर्णय के लिए न्यायालय में अर्पित प्रार्थनापत्र 19) स्वीकृति, हां करना 21) गाव, ग्राम 22) अपरिमित, असीम 23) स्तम्भित होना, घबड़ाना 25) सेवक का सेवक 28) रुठने की मुद्रा अपनाना 30) आघात, मारने की क्रिया या भाव 31) स्वीय भाव, अपना 32) रसोई घर 33) एक विदेशी शराब 34) तड़पने का काम 35) जिस पर झगड़ा या विवाद हो सके 37) गलती, दोष 38) जूर्म, पाप, दंड पाने योग्य काम करना 40) वह असामी जिसे जोतने बोने के लिए कुछ भूमि मिली हो 42) नाव का वह अंग जो पीछे की ओर लगा होता है जिससे नाव को दिशा प्राप्त होती है 45) कसकर बांधना 46) समाजवाद का समर्थक या अनुयायी 48) वह अवतार जिसमें विष्णु ने अपनी लीला दिखाई हो 50) भयानक, डरावना 53) मनोरंजक दृश्य, खेल, प्रदर्शन आदि 55) द्वेष, शत्रुता 59) सुवर्ण 61) बहुत दान करनेवाला 66) आसपास की परिस्थिती,, पर्यावरण 68) यज्ञ 69) एकाएक कोई बड़ा संकट आना इस अर्थ का एक मुहावरा 70) बिना किसी कारण के 71) नृत्य 73) मालवा देश, एक राग 76) हर्ष तथा आश्चर्यसूचक शब्द 77) फंदा 78) सूफियाना गजल या गीत गानेवाला 79) लाक्षणिक अर्थ से जूती 81) ओस 83) स्त्रियोंद्वारा नाक में पहनने का एक गहना 84) मनवाना 85) शादी,, विवाह 87) चमकीला भाग 90) जख्मों पर लगाया जानेवाला स्निग्ध लेप 91) अन्तःकरण, विवेक, हृदय 93) देना, चुकाना 95) बकरी 96) दिवस 97) अंधेरा (जवाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

## xf.kr esa vki Hkh ekfgj gks !

हम जो पहेली बताने जा रहे है वह पहेली आप अपने दोस्तों बताइयें और बता दीजिये आप भी गणित में माहिर हो । आप जो अंक रचना अपने दोस्तो को बताओगे उसका घट जोड़ आपके दोस्तोंने मन ही मन में करना है।

**कोई भी एक अंक मन तें रखो**
**- उस अंक को दुगना करो**
**- मिले हुये अंक में ४ अंक जोड़ दो**
**- मिले हुये अंक को ५ से गुणा करो**
**- अब उस अंक में १२ जोड़ दो**
**- मिली हुयी संख्या को १० से गुणो**

अब मिला हुआ जवाब उस दोस्त को पुछो। वह जब आखिरी जवाब आपको बतायेगा उस जवाब से आप मन ही मन में ३२० यह अंक घटा दो और इस तरीके से मिले हुये संख्या के आखिरी दो अंक निकाल दो। अब जो संख्या मिलेगी वह दोस्त को बताओ औ देखो चमत्कार ! यहीं अंक आपके दोस्त के मन में होगा।

## सू-डोकू- 106

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | | 1 | | 2 | 6 | | 9 |
| | | | 8 | 9 | 5 | | | |
| | 2 | 4 | | | | 1 | | 8 |
| 8 | | | 6 | | 3 | | 4 | |
| | 4 | | 5 | 8 | | 9 | 7 | 3 |
| 1 | | 7 | 9 | | 4 | | 6 | |
| 4 | | 1 | | 6 | | 5 | 8 | |
| | | 9 | | 5 | | 4 | | 7 |
| 5 | | 2 | 4 | 1 | 7 | | | 6 |

● आपको हर आड़ी और खड़ी पंक्ति में 1 से 9 यह अंक इस तरह लिखना है की, एक पंक्तिमें एक अंक एकही बार आना चाहिये. ● हर आड़ी और खड़ी पंक्ति और हर 3 X 3 के वर्ग में 1 से 9 यह अंक आनाही चाहिये. ● पहले से छपे अंको को हिलाना नहीं..

### lMkd 105dk tokc

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 7 | 3 | 2 | 8 | 4 | 5 |
| 5 | 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 3 |
| 4 | 3 | 8 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 2 |
| 9 | 4 | 7 | 2 | 5 | 3 | 6 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 3 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 | 4 |
| 1 | 2 | 6 | 8 | 9 | 4 | 5 | 3 | 7 |
| 2 | 6 | 5 | 4 | 8 | 7 | 3 | 1 | 9 |
| 3 | 9 | 4 | 5 | 6 | 1 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 | 4 | 5 | 6 |





# दक्षिण अफ्रीका से टी20 श्रृंखला हार के बाद भारतीय महिला टीम आत्मसम्मान की लड़ाई में उतरेगी...

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला गंवाने के बावजूद भारत के पास शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बहुत कुछ दांव पर होगा, जिसमें अपनी प्रतिष्ठा बचाना, लय वापस पाना और इस प्रारूप के आगामी विश्व कप के लिए रणनीति तय करना शामिल है।***

मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने पहले ही पांच मैचों की इस श्रृंखला में 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है और टीम का लक्ष्य इस अभियान को जारी रखते हुए सूपड़ा साफ करना है। महिला क्रिकेट की मौजूदा दौर की कई स्टार खिलाड़ियों वाली भारतीय टीम लगातार निराशाजनक प्रदर्शन को पीछे छोड़कर श्रृंखला में वापसी करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाएगी।

इस साल जून में इंग्लैंड में होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए, भारतीय टीम के पास प्रेरणा की कोई कमी नहीं होगी क्योंकि वह बड़े टूर्नामेंट से पहले अपनी कमजोरियों को दूर करने की कोशिश करेगी।

पिछले साल अपना पहला आईसीसी खिताब (वनडे विश्व कप) जीतने वाली भारतीय टीम के खेल के छोटे प्रारूप में लगातार तीन हार के बाद कई कमजोरियां उजागर हुई हैं। टीम के बल्लेबाज एकजुट प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं, जबकि गेंदबाजों का प्रदर्शन भी असरहीन रहा है। दोनों टीमों की गेंदबाजी का अंतर इसी से समझा जा सकता है कि दक्षिण अफ्रीका ने तीन मैचों में भारतीय टीम के 21 विकेट लिए हैं, वहीं भारत केवल सात विकेट ही निकाल सका है। टीम को श्रृंखला में वापसी के लिए गेंदबाजों के साथ स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और ऋचा घोष जैसी प्रमुख खिलाड़ियों को एक साथ प्रभावी प्रदर्शन करना होगा। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजी की बात करें तो कप्तान लॉरा वोल्वार्ट शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने तीसरे मैच में 53 गेंदों पर 115 रनों की करियर सर्वश्रेष्ठ पारी खेलकर टीम को 3-0 की बढ़त दिलाई। उन्होंने शुरुआती तीन मैचों में 51, 54 और 115 रनों की शानदार पारियां खेलकर शीर्ष क्रम में अपना दबदबा कायम किया है। उन्हें सुने लुस सहित अन्य बल्लेबाजों का अच्छा साथ मिला है।



## टीमें :

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, भारती फुलमाली, अनुष्का शर्मा, दीप्ति शर्मा, अरुंधति रेड्डी, श्री चरणी, काशवी गौतम, ऋचा घोष, उमा छेत्री, रेणुका सिंह ठाकुर, क्रांति गौड़, श्रेयंका पाटिल।

**दक्षिण अफ्रीका:** लौरा वोल्वार्ट (कप्तान), एनेके बॉश, कायला रेनेके, नादिन डिक्लर्क, एनेरी डर्कसेन, सुने लुस, एलिज-मारी मार्क्स, क्लो ट्रायॉन, ताजमिन ब्रिट्स, सिनालो जाफ्ता, टेबोगो माचेके, अयांदा हुबी, अयाबोंगा खाका, नॉनकुलुलेको मलाबा, तुमी सेखुखुने। मैच भारतीय समयानुसार रात 09:30 बजे खेला जायेगा।

# ‘महाभारत’ की द्रौपदी याद है? शादी के बाद छोड़ी एक्टिंग, राजनीति में दिखा रही दमखम..

डेस्क जगप्रेरणा।

***1988 में ‘महाभारत’ दूरदर्शन पर प्रसारित हुआ करता था, जिसका हर किरदार लोगों के दिलों में बसा हुआ है। उनमें से कुछ आज भी अपने असली नाम नहीं, बल्कि ऑन स्क्रिन रोल के लिए जाने जाते हैं।***



उन्हीं में से एक कोलकाता में जन्मी 60 साल की रूपा गांगुली हैं, जिन्होंने बीआर चोपड़ा की महाभारत में द्रौपदी का किरदार निभाया था। इतने सालों बाद भी द्रौपदी का नाम सुनते ही दर्शकों को उन्हीं का चेहरा याद आता है। छोटे पर्दे पर अपना जलवा दिखा चुकीं रूपा ने कई फिल्मों में भी काम किया है, लेकिन इतनी शोहरत मिलने के बाद भी उन्होंने एक्टिंग छोड़ दी और आज वह राजनीति में अपना दमखम दिखा रही हैं।

## महाभारत की द्रौपदी ने बना दिया स्टार..

‘महाभारत’ में द्रौपदी के किरदार को रूपा ने ऐसा निभाया कि आज भी लोग उनके काम की तारीफ करते नहीं थकते। अपनी दमदार एक्टिंग से रूपा ने हर सीन को इतना शानदार बना दिया था कि एक-एक घटना दिलों-दिमाग में बस गई। इस शो ने उन्हें रातों रात स्टार बना दिया। उनपर फिल्माया गया चीरहरण का सीन आज भी लोगों के बीच चर्चा में रहता है।

पांचाल नरेश द्रुपद की पुत्री और पांचों पांडवों की पत्नी के रूप में उन्होंने अपने किरदार को इतनी खूबसूरती से निभाया कि दर्शकों के लिए उन्हें भूल पाना मुश्किल है। रूपा को इस अभिनय के लिए स्मिता पाटिल मेमोरियल पुरस्कार भी मिला था।

## इस वजह से रूपा गांगुली ने छोड़ी एक्टिंग..

जबरदस्त नेम-फेम कमाने के बाद रूपा गांगुली ने एक्टिंग को अलविदा कह दिया। रूपा ने 1992 में मेकेनिकल इंजीनियर ध्रुव मुखर्जी से शादी की थी, लेकिन 2007 में दोनों अलग हो गए। तलाक के बाद उन्हें बंगाली सिंगर दिव्येंदु मुखर्जी से प्यार हुआ, लेकिन दोनों की शादी होने से पहले उनका रिश्ता टूट गया।

रियलिटी शो ‘सच का सामना’ में रूपा ने बताया था कि पति ध्रुव के प्रेशर में आकर उन्होंने एक्टिंग छोड़ी थी और वो एक्ट्रेस को पैसे तक नहीं देते थे। बात दें कि उन्होंने अपने करियर में राष्ट्रीय पुरस्कार और दो बीएफजेए पुरस्कार सहित कई अवॉर्ड जीते हैं।

## टीवी की द्रौपदी बनीं नेता..

रूपा गांगुली एक जानी-मानी एक्ट्रेस और राजनेता हैं, जो 2015 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुईं। उन्होंने 2016 से 2022 तक राज्यसभा सांसद के रूप में काम किया। वे पश्चिम बंगाल में **BJP** महिला मोर्चा की अध्यक्ष रहीं और वर्तमान में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव सक्रिय रूप से लड़ रही हैं।

# इंटरनेशनल क्रिकेट में 69 मुकाबले खेल चुके खिलाड़ी पर लगा 2 साल का बैन, कोकीन टेस्ट में पाया गया है पॉजिटिव..

डेस्क जगप्रेरणा।

***खेल की दुनिया में हमेशा किसी भी खिलाड़ी को अपनी फिटनेस का ध्यान रखने के साथ इस बात का भी विशेष ध्यान रखना पड़ता है कि वह किसी ऐसे पदार्थ का सेवन ना करें जो प्रतिबंधित श्रेणी में आता है।***



हालांकि कई बार ऐसी घटनाएं देखने को मिली हैं जब किसी खिलाड़ी को प्रतिबंधित ड्रग्स के इस्तेमाल के कारण बैन का सामना करना पड़ा है।

ऐसी ही कुछ घटना न्यूजीलैंड टीम के पूर्व खिलाड़ी और तेज गेंदबाज ड्रग ब्रेसवेल के साथ देखने को मिली है जिनको काउंटी चैंपियनशिप में हिस्सा लेने से 2 साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## डग ब्रेसवेल ने किया था कोकीन का इस्तेमाल..

साल 2025 में डग ब्रेसवेल इंग्लैंड में काउंटी चैंपियनशिप में एसेक्स और समरसेट के बीच खेले गए डिवीजन वन मुकाबले में हिस्सा ले रहे थे, जिस दौरान उनके डोप टेस्ट के लिए सैंपल लिया गया था। इसके बाद लंदन में **WADA** से मान्यता प्राप्त एक लैब में किए गए विश्लेषण से कोकीन और उसके मेटाबोलाइट, बेंजोयलेकगोनिन की मौजूदगी की पुष्टि हुई। ये ऐसे पदार्थ हैं जिन्हें विश्व डोपिंग-रोधी एजेंसी यानी **WADA** के नियमों के तहत मैचों के दौरान इस्तेमाल करना प्रतिबंधित है। डग ब्रेसवेल के पास इन पदार्थ का इस्तेमाल करने के लिए थेराप्यूटिक यूज एक्जेम्पशन यानी इलाज के लिए इस्तेमाल की छूट भी नहीं था।

ऐसे में उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि 24 सितंबर की शाम को जिस दिन मैच शुरू हुआ था और 25 सितंबर की सुबह के शुरुआती घंटों में कोकीन का इस्तेमाल किया था। **ECB** के डोपिंग रोधी नियमों के अनुच्छेद 2.1 और 2.2 के तहत लगाए गए इस आरोप में प्रतिबंधित पदार्थ की मौजूदगी और उसके इस्तेमाल दोनों ही बातें शामिल थीं। उन पर दो साल का प्रतिबंध लगा दिया गया, जो कि नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से जुड़े नियमों के अनुरूप था, जिसमें यह प्रतिबंध 24 नवंबर 2025 जिस दिन उन पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया गया था से ही प्रभावी माना जाएगा और 23 नवंबर 2027 तक जारी रहेगा।

## ब्रेसवेल ने साल 2023 के आखिर में खेला था आखिरी इंटरनेशनल मैच..

न्यूजीलैंड टीम के पूर्व तेज गेंदबाज डग ब्रेसवेल ने आखिरी बार इंटरनेशनल मुकाबला साल 2023 में खेला था। ब्रेसवेल को कीवी टीम की तरफ से तीनों ही फॉर्मेट में खेलने का मौका मिला जिसमें उन्होंने पिछले साल के आखिर में क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था। ब्रेसवेल ने तीनों फॉर्मेट मिलाकर जहां 69 इंटरनेशनल मैच खेले हैं तो वह 120 विकेट अपने नाम करने में कामयाब रहे हैं।

वहीं इसके अलावा वह आईपीएल में भी खेल चुके हैं। ब्रेसवेल ने भले ही रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया है लेकिन उन्हें क्रिकेट से जुड़ी किसी भी ऐसी गतिविधि में हिस्सा लेने से रोक दिया गया है जो श्वष्टक्च या फिर **WADA** के दायरे में आने वाली किसी अन्य संस्था के अधिकार क्षेत्र में आती हो।

# ‘थोड़ा दूर का सोचना चाहिए’, 2027 की ईद पर रिलीज होगी सलमान खान-नयनतारा की फिल्म, दिखाई शूटिंग की झलक..

डेस्क जगप्रेरणा।

***सलमान खान की आने वाली फिल्म ‘मातृभूमि’ को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है। इसी बीच, अब बॉलीवुड सुपरस्टार की नई फिल्म को लेकर भी नई अपडेट सामने आई है। इन सलमान खान ने फिल्ममेकर वामशी पैडिपल्ली के साथ अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट की आधिकारिक घोषणा कर दी है। भाईजान ने अपने सोशल मीडिया पर एक BTS वीडियो शेयर किया है,***

जिसने उनके फैन्स को फिल्म के लिए काफी उत्साहित कर दिया है। ये वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है, जिसमें सलमान और नयनतारा को शूटिंग सेट पर एंट्री करते देखा जा सकता है।

## सलमान खान ने नए प्रोजेक्ट की घोषणा की..

सलमान खान ने डायरेक्टर वामशी पैडिपल्ली के साथ अपने आने वाले प्रोजेक्ट का एक ‘बिहाइंड-द-सीन्स’ वीडियो पोस्ट किया। दिल राजू द्वारा समर्थित इस फिल्म में तमिल सिनेमा की ‘लेडी सुपरस्टार’ नयनतारा भी लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आएंगी। इस वीडियो में सलमान खान, नयनतारा और इस प्रोजेक्ट से जुड़े अन्य लोगों की एक झलक दिखाई गई है, जो ‘मुहूर्त शॉट’ के लिए सेट पर पहुंच रहे हैं।



## सलमान खान-नयनतारा की फिल्म कब होगी रिलीज..

सलमान खान ने अपनी नई पोस्ट के कैप्शन में बताया कि यह फिल्म ईद 2027 पर रिलीज होगी। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्ममेकर्स जल्द ही ‘मातृभूमि’ की रिलीज़ डेट की भी घोषणा करेंगे। कैप्शन में लिखा था, ‘थोड़ा दूर की सोचना चाहिए, इसीलिए ईद की घोषणा की है.. चिंता मत करो, इस वाली की भी जानकारी देंगे, जब सही समय आएगा... सब्र रखो, थोड़ा सा सब्र... तुम्हें भी उतना ही इंतजार करना पड़ेगा, जितना मुझे करना पड़ रहा है। बहरहाल... जैसा तुम्हारा हाल है, वैसा ही मेरा भी हाल है।’

## सलमान खान की नई फिल्में..

सुपरस्टार सलमान खान अपूर्व लाखिया द्वारा निर्देशित फिल्म ‘मातृभूमि’ की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं और उसकी तैयारियों में जुटे हैं। इस फिल्म का शुरुआती नाम ‘बैटल ऑफ गलवान’ था, लेकिन बाद में मेकर्स ने इसमें बदलाव कर दिया। यह फिल्म शुरू में 17 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। नई रिलीज डेट की अभी तक घोषणा नहीं की गई है।

# हार्दिक पांड्या के कप्तान बनते ही मुंबई इंडियंस का हुआ बुरा हाल, 2024 से हार चुकी है इतने मुकाबले..

डेस्क जगप्रेरणा।

***IPL 2026 का सीजन अभी तक मुंबई इंडियंस के लिए किसी बुरे सपने से कम नहीं रहा है। मुंबई इंडियंस की टीम ने इस सीजन अब तक 7 मैच खेले हैं जिसमें से उन्हें 5 में हार का सामना करना पड़ा है। मुंबई इस सीजन अब तक सिर्फ दो मैच ही जीतने में कामयाब रही है। लगातार मिल रही हार के बीच मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या अब सवालों के घेरे में है।***

हार्दिक पांड्या इस सीजन खिलाड़ी और कप्तान के तौर पर फ्लॉप रहे हैं। ऐसे में अब उनकी काफी आलोचना हो रही है। उनके खराब फॉर्म को देखने के बाद अब सवाल उठने लगा है कि क्या ये बतौर कप्तान उनका आखिरी सीजन होगा?

## 2024 से अब तक 22 मैच हार चुकी है मुंबई की टीम..

2024 में हार्दिक पांड्या ने मुंबई इंडियंस में वापसी की थी और टीम में आने के साथ ही उन्हें कप्तान नियुक्त किया गया था। 2024 से लेकर अब तक **IPL** में सबसे ज्यादा मैच हारने वाली टीम मुंबई इंडियंस ही है। इस दौरान मुंबई इंडियंस ने 22 मैच गंवाए हैं। दूसरे नंबर पर चेन्नई सुपर किंग्स की टीम का नाम है, वो इस दौरान 21 मैच हारने में कामयाब रही है। चेन्नई की बात करें तो उनकी टीम इस वक्त बदलाव के दौर से गुजर रही है। वहीं मुंबई इंडियंस के ज्यादातर बड़े खिलाड़ी अभी भी टीम का ही हिस्सा हैं, लेकिन इसके बावजूद उनकी टीम लगातार मैच हार रही है जो एक चिंता का विषय है।



## बतौर खिलाड़ी इस सीजन हार्दिक पांड्या का प्रदर्शन रहा निराशाजनक..

सिर्फ कप्तानी ही नहीं एक खिलाड़ी के तौर पर भी हार्दिक पांड्या का प्रदर्शन निराश करने वाला है। हार्दिक की गिनती दुनिया के बेहतरीन ऑलराउंडर में की जाती है लेकिन इस सीजन अब तक वह बल्लेबाज और गेंदबाज के तौर पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाए हैं। इस सीजन अभी तक 6 पारियों में वो सिर्फ 97 रन ही बना सके हैं। वहीं गेंदबाजी में सिर्फ 3 विकेट ले सके हैं, जबकि 12.66 के इकॉनमी से उन्होंने रन लुटाए हैं। इस सीजन उन्होंने कुछ ऐसे फैसले लिए हैं जिसने फैंस को काफी हैरान किया है।

## मुंबई इंडियंस को मिली IPL इतिहास की सबसे बड़ी हार..

चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में हार्दिक पांड्या ने अपने दो ओवर में 38 रन लुटाए। वो इस मैच में काफी महंगे साबित हुए। वहीं बैटिंग में जब टीम को उनके बल्ले से एक बड़ी पारी की जरूरत थी, वहां वो 2 गेंदों में सिर्फ 1 रन बनाकर एक खराब शॉर्ट खेलकर आउट हो गए। इस मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 103 रनों से हराया। यह आईपीएल इतिहास में रनों के हिसाब से मुंबई की सबसे बड़ी हार है।

# सिर पर टोपी और बदन पर यूनिफॉर्म, कार्तिक आर्यन की फिल्म कैप्टन इंडिया की रिलीज डेट घोषित, सामने आया लुक..

डेस्क जगप्रेरणा।

***कार्तिक आर्यन बीते साल अनन्या पांडे के साथ फिल्म ‘तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी’ में नजर आए थे। हालांकि ये फिल्म कोई खास कमाल नहीं कर पाई थी। अब कार्तिक की एक और फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है।***

इस फिल्म का नाम है ‘कैप्टन इंडिया’ और ये फिल्म रिलीज होगी 2027 में। मेकर्स ने इस फिल्म से कार्तिक का पहला लुक भी जारी कर दिया है। ‘चक दे इंडिया’ और ‘रॉकेट सिंह’ जैसी प्रशंसित फिल्मों के लिए जाने जाने वाले शिमित अमीन इस फिल्म के साथ निर्देशन में वापसी कर रहे हैं। ‘कैप्टन इंडिया’ की शूटिंग 2026 के मध्य तक शुरू होने की उम्मीद है।

## 2027 में रिलीज होगी फिल्म..

कार्तिक की आगामी फिल्म ‘कैप्टन इंडिया’ 2027 में स्वतंत्रता दिवस के सप्ताहांत पर रिलीज होने वाली है। इसकी शूटिंग जून 2026 में शुरू होगी। शिमित अमीन द्वारा निर्देशित ‘कैप्टन इंडिया’ एक सच्ची घटना पर आधारित है। इस थ्रिलर ड्रामा का निर्माण बावेजा स्टूडियोज और टी-सीरीज ने किया है।




कार्तिक आर्यन एक अनाम रोमांटिक ड्रामा पर भी काम कर रहे हैं, जिसने पिछले साल फरवरी में अपने टीजर के रिलीज होने के बाद पहली बार ध्यान आकर्षित किया था, जिसकी शुरुआती रिलीज दिसंबर 2025 में तय की गई थी। हालांकि, बाद में शेड्यूल में संशोधन किया गया, और अब फिल्म के 2026 के अंत या 2027 की शुरुआत में सिनेमाघरों में आने की उम्मीद है। शुरुआती अटकलों के चलते इस प्रोजेक्ट को ‘आशिकी’ की विरासत से जोड़ा जा रहा था, जिसके चलते यह चर्चा में बना रहा। हालांकि, फ्रैंचाइजी से जुड़ी रचनात्मक और कानूनी बाधाओं के बाद अब इसे एक स्वतंत्र फिल्म के रूप में विकसित किया जा रहा है।

## 1 साल से हिट का इंतजार कर रहे कार्तिक..

कार्तिक आर्यन की पिछली फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं कर पाई थी। अनन्या पांडे के साथ आई फिल्म ‘तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी’ 2025 में रिलीज हुई थी। लेकिन इस फिल्म में कार्तिक के

साथ अनन्या के इस रोमांस को लोगों ने खास पसंद नहीं किया। इससे पहले 2024 में रिलीज हुई फिल्म भूल भुलैया 3 को बॉक्स ऑफिस पर अच्छा रिस्पॉन्स मिला था।




विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433





## खरीफ मांग को पूरा करने के लिए उर्वरक भंडार पर्याप्त, 25 लाख टन यूरिया किया जा रहा आयात..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की उर्वरक सुरक्षा ''मजबूत, स्थिर एवं सुव्यवस्थित'' बनी हुई है और जून से शुरू होने वाले आगामी खरीफबुवाई सत्र के लिए आपूर्ति को और मजबूत करने हेतु अतिरिक्त 25 लाख टन यूरिया आयात किया जा रहा है।***



उर्वरक विभाग ने शुक्रवार को बयान में बाजार में कमी के हालिया ''दावों'' को खारिज करते हुए कहा कि देशभर में भंडार की स्थिति ''संतोषजनक'' बनी है।

इसमें कहा गया, '' भारत की उर्वरक सुरक्षा मजबूत, स्थिर एवं सुव्यवस्थित बनी हुई है और सभी प्रमुख उर्वरकों की उपलब्धता लगातार आवश्यकता से अधिक है।÷

भारत घरेलू मांग को पूरा करने के लिए बड़ी मात्रा में उर्वरकों का आयात करता है। गत वित्त वर्ष में देश ने 100 लाख टन से अधिक यूरिया का आयात किया था। चालू वित्त वर्ष के पहले 23 दिन में उर्वरकों की उपलब्धता आवश्यकता से काफी अधिक रही है।

यूरिया की उपलब्धता 69.33 लाख टन है जबकि आवश्यकता 18.17 लाख टन है। डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) की उपलब्धता 22.78 लाख टन है जबकि आवश्यकता 5.90 लाख टन है। म्यूरिएट ऑफपोटाश की उपलब्धता 8.32 लाख टन है और आवश्यकता 1.73 लाख टन है। एनपीके की उपलब्धता 52.75 लाख टन है जबकि आवश्यकता 7.46 लाख टन है, और एसएसपी की उपलब्धता 25.60 लाख टन है जो 3.30 लाख टन आवश्यक है।

विभाग ने कहा, '' यह आगामी खरीफसत्र के लिए मजबूत शुरुआती स्थिति को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।''

खरीफफसलों की बुवाई जून से दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन के साथ शुरू होती है। पिछले वर्ष की तुलना से भी भंडार की बेहतर स्थिति स्पष्ट होती है। अप्रैल 2026 के मध्य तक यूरिया का भंडार 67.37 लाख टन है जबकि पिछले वर्ष यह 68.01 लाख टन था जो उच्च स्तर को दर्शाता है। वहीं डीएपी का भंडार उल्लेखनीय रूप से बढ़कर 22.16 लाख टन हो गया है जो पिछले वर्ष 13.01 लाख टन था। एनपीके का भंडार 41.85 लाख टन से बढ़कर 57.44 लाख टन हो गया है जो प्रमुख पोषक तत्वों की श्रेणियों में भंडार में उल्लेखनीय मजबूती को दर्शाता है।

विभाग ने कहा, ''यह सुधार बेहतर योजना, अधिक भंडारण और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में सुधार को दर्शाता है।'' खरीफ2026 की तैयारी को और मजबूत करते हुए उर्वरकों की आवश्यकता 390.54 लाख टन आंकी गई है जिसमें से करीब 180 लाख टन (46 प्रतिशत) पहले से ही शुरुआती भंडार के रूप में उपलब्ध है जो सामान्यतः सत्र से पहले के करीब 33 प्रतिशत स्तर से काफी अधिक है।

यह सरकार द्वारा बेहतर योजना, अग्रिम भंडारण और प्रभावी लॉजिस्टिक प्रबंधन को दर्शाता है। आयात के संबंध में सरकार ने कहा कि आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए गए हैं और विदेशों में भारतीय मिशन वैकल्पिक स्रोतों की व्यवस्था में लगे हैं।

बयान के अनुसार, '' इसके अतिरिक्त, वैश्विक निविदा के माध्यम से लगभग 25 लाख टन यूरिया सुनिश्चित किया गया है जिससे अंतरराष्ट्रीय अनिश्चितताओं के बावजूद आगामी सत्र के लिए आपूर्ति मजबूत होगी।''

घरेलू यूरिया उत्पादन के लिए प्राकृतिक गैस की उपलब्धता से जुड़े मुद्दों का भी समाधान किया गया है और उर्वरक संयंत्रों को लगातार आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त एलएनजी/आरएलएनजी की व्यवस्था की जा रही है।

वैश्विक उर्वरक कीमतों में तेज वृद्धि के बावजूद (जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूरिया की कीमत 4,000 रुपये प्रति बोरी से अधिक हो गई है) सरकार किसानों को वैश्विक कीमतों के उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए 45 किलोग्राम प्रति बोरी पर 266.5 रुपये की अत्यधिक सब्सिडी दर पर यूरिया उपलब्ध करा रही है।

बयान में कहा गया, '' उर्वरक विभाग दोहराता है कि भारत का उर्वरक तंत्र मजबूत, पर्याप्त भंडारित और प्रभावी रूप से प्रबंधित है। सरकार देशभर में किसानों को उर्वरकों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाती रहेगी।''

राज्यों को उर्वरकों की हेराफेरी, जमाखोरी, कालाबाजारी और दहशत फैलाने के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की सलाह दी गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उर्वरक किसानों तक समय पर और समान रूप से पहुंचें।

## जियो प्लेटफॉर्म्स का चौथी तिमाही में मुनाफा 13 प्रतिशत बढ़कर 7,935 करोड़ रुपये..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***जियो प्लेटफॉर्म्स का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 13 प्रतिशत बढ़कर 7,935 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की समान (जनवरी-मार्च) तिमाही में 7,022 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।***




रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 12.5 प्रतिशत बढ़कर 38,259 करोड़ रुपये हो गई जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 33,986 करोड़ रुपये थी।

रिलायंस जियो को संचालित करने वाली इस कंपनी की प्रति उपयोगकर्ता औसत आय (एआरपीयू) भी बढ़ी है। 2025-26 की चौथी तिमाही में यह 3.8 प्रतिशत बढ़कर 214 रुपये हो गई जो 2024-25 की समान तिमाही में 206.2 रुपये थी। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कहा कि जियो भारत के डिजिटल परिदृश्य को बदलना जारी रखे हुए है।

उन्होंने कहा, ''मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हम जियो प्लेटफॉर्म्स को सूचीबद्ध करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह इसकी यात्रा में एक निर्णायक मील का पत्थर साबित होगा क्योंकि यह नई ऊंचाइयों को छूना और भारत के डिजिटल भविष्य में योगदान देना जारी रखे हुए है।'' जियो प्लेटफॉर्म्स ने परिचालन लाभ में सालाना आधार पर 17.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो मार्च 2025 तिमाही के 17,016 करोड़ रुपये से बढ़कर 20,060 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान मार्जिन भी 2.3 प्रतिशत सुधरकर 52.4 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 50.1 प्रतिशत था।


अंबानी ने कहा, ''पूरे वर्ष के परिचालन लाभ में 19 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि गतिशीलता, होम ब्रॉडबैंड और उद्यम सेवाओं में निरंतर मजबूती के कारण रही। जैसा कि हम एआई टूल और अगली पीढ़ी के तकनीकी मंच तक पहुंच को सभी तक पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं, जियो आने वाले वर्षों में भारत के संवाद, गणना और कंटेंट खपत के तरीके को आकार देने के लिए पूरी तरह तैयार है।''

कंपनी ने मार्च तिमाही के दौरान डेटा उपयोग में सालाना आधार पर लगभग 35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ औसतन 42.3 जीबी प्रति माह प्रति ग्राहक का आंकड़ा दर्ज किया। कंपनी का ग्राहक आधार सालाना आधार पर 7.4 प्रतिशत बढ़कर 52.44 करोड़ हो गया, जो मार्च 2025 तिमाही में 48.82 करोड़ था।

## एनएसओ ने 4.7 करोड़ से ज़्यादा आबादी वाले शहरों के लिए शहर - स्तरीय सांख्यिकीय रिपोर्ट का प्रस्ताव रखा..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के तहत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने 4.7 करोड़ से ज़्यादा आबादी वाले नगरों के लिए विशेष नगर-स्तरीय सांख्यिकीय रिपोर्ट तैयार करने का प्रस्ताव रखा है।***




इसका मकसद आंकड़ों में मौजूद ज़रूरी कमियों को दूर करना और शासन के सभी स्तरों पर सोच-समझकर फ़ैसले लेने में मदद करना है।

ये रिपोर्ट 'सावधिक श्रमबल सर्वेक्षण' (पीएलएफ़एस) और 'वार्षिक असंगठित क्षेत्र उद्यम सर्वेक्षण' (एएसयूएसई) से मिले मौजूदा आंकड़ों पर आधारित होंगी। ये दोनों ही सर्वेक्षण पहले से ही नगर-स्तर पर सांख्यिकीय रूप से मज़बूत अनुमान लगाने की सुविधा देते हैं।

एक सरकारी बयान के अनुसार, भारत में तेज़ी से नगरीकरण हो रहा है, और नगर आर्थिक विकास, रोज़गार सृजन और ढांचागत बदलावों में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद नगर-स्तर पर आधिकारिक आँकड़े अभी भी सीमित हैं, जिससे सबूतों पर आधारित नगरी नीति और योजना बनाने में रुकावट आती है। दो वार्षिक विषयगत रिपोर्ट का प्रस्ताव रखा गया है।

पहली रिपोर्ट में दस लाख से ज़्यादा आबादी वाले नगरों की रोज़गार प्रोफ़ाइल पेश की जाएगी। इसमें श्रम बाज़ार के मुख्य संकेतक जैसे - श्रम बल भागीदारी दर, श्रमिक-जनसंख्या अनुपात और बेरोज़गारी दर शामिल होंगे।

दूसरी रिपोर्ट में असंगठित क्षेत्र के उद्यमों की नगर-स्तरीय प्रोफ़ाइल पेश की जाएगी। इसमें नगरी अनौपचारिक क्षेत्र के पैमाने, संरचना, रोज़गार और आर्थिक प्रदर्शन से जुड़े आँकड़े शामिल होंगे।

नगरों पर ज़्यादा बारीकी से विश्लेषणात्मक ध्यान केंद्रित करके, इस पहल का मकसद डेटा में मौजूद ज़रूरी कमियों को दूर करना और शासन के सभी स्तरों पर सोच-समझकर फ़ैसले लेने में मदद करना है।

इस प्रस्तावित ढांचे, संकेतकों, कार्यप्रणाली और प्रसार रणनीति की समीक्षा करने और उसमें सुधार के सुझाव देने के लिए सभी संबंधित पक्षों के विचार आमंत्रित किए जाते हैं, ताकि मिले सुझावों के आधार पर इसे और बेहतर बनाया जा सके। सुझाव और टिप्पणियाँ 15 मई, 2026 तक भेजी जा सकती हैं।

## घरों और इमारतों के अंदर नेटवर्क की समस्या बड़ी चुनौती: ट्राई चेयरमैन..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के चेयरमैन ए. के. लाहोटी ने शुक्रवार को कहा कि मोबाइल डेटा का इस्तेमाल एवं उसकी गति तेजी से बढ़ने के बावजूद लोग घरों और इमारतों के अंदर नेटवर्क की समस्या का सामना कर रहे हैं***




जिससे निर्माण योजनाओं में डिजिटल संपर्क ढांचे को शामिल करना अब जरूरी हो गया है। दूरसंचार नियामक ट्राई के चेयरमैन ने यहां 'सीओएआई डिजिकॉम समिट 2026' में कहा कि डेटा की मांगों को पूरा करने के लिए केवल मोबाइल नेटवर्क काफी नहीं हैं खासकर कृत्रिम मेधा (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल के समय में...इसलिए नियामक ढांचा एवं नीतियां स्थिर ब्रॉडबैंड नेटवर्क के विस्तार को बढ़ावा दे रही हैं, ताकि उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को बेहतर तरीके से पूरा किया जा सके।

उन्होंने कहा कि इमारतों के अंदर नेटवर्क की समस्या अब एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। डेटा उपयोग बढ़ने के बावजूद घरों के अंदर खराब सिग्नल की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। इसलिए जरूरी है कि भवन निर्माण में डिजिटल संपर्क के लिए ढांचा अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए।

लाहोटी ने बताया कि इस संबंध में दूरसंचार नियामक ने सरकार को सिफारिशें दी हैं, जिन्हें स्वीकार कर लिया गया है। अब इन्हें भवनों के डिजाइन और निर्माण प्रक्रियाओं में शामिल करना आवश्यक होगा।

उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए दूरसंचार नियामक ने इमारतों में डिजिटल संपर्क की गुणवत्ता के आधार पर 'रेटिंग' देने का ढांचा भी तैयार किया है। इससे मकानों और व्यावसायिक इमारतों में संपर्क की गुणवत्ता में सुधार होगा।

ट्राई ने अक्टूबर 2024 में नियम जारी किए थे जिनके तहत मुख्य रूप से आवासीय और व्यावसायिक भवनों को उनकी डिजिटल संपर्क की गुणवत्ता के आधार पर 'रेटिंग' दी जाएगी। यह 'रेटिंग' दूरसंचार नियामक द्वारा अधिकृत एजेंसी प्रदान करेगी।

लाहोटी ने साथ ही बताया कि ट्राई ने सरकार से दूरसंचार कंपनियों के लिए अतिरिक्त स्पेक्ट्रम उपलब्ध कराने की सिफारिश की है जिसमें 37 से 40 गीगाहर्ट्ज बैंड और 600 मेगाहर्ट्ज बैंड शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि 600 मेगाहर्ट्ज बैंड में भेजे जाने वाले सिग्नल मकानों के अंदर मोबाइल नेटवर्क को बेहतर बनाने में मदद करेंगे।

## कम उपलब्धता और डीओसी की मांग से सोयाबीन तेल - तिलहन में सुधार..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***उपलब्धता की कमी तथा सोयाबीन के तेल सहित खल (डी-आयल्ड केक या डीओसी) की स्थानीय मांग के कारण शुक्रवार को सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम मजबूत रहे। औद्योगिक मांग बढ़ने के कारण पाम-पामोलीन के दाम भी मजबूत हो गये।***



लिवाली बढ़ने की वजह से मूंगफली तेल-तिलहन के दाम भी मजबूत रहे। दूसरी ओर सामान्य एवं सुस्त कामकाज के बीच सरसों तेल-तिलहन और बिनौला तेल के दाम स्थिर रहे। मलेशिया एक्स्चेंज दोपहर साढ़े तीन बजे मजबूत बंद हुआ। शिकागो एक्सचेंज में कल रात लगभग 1.5 प्रतिशत मजबूत बंद हुआ था और फिलहाल यहां घट-बढ़ जारी है।

बाजार सूत्रों ने कहा कि महाराष्ट्र में सोयाबीन संयंत्र वालों के बीच सोयाबीन की मांग बढ़ी है। इसके तेल रहित खल (डीओसी) की भी अच्छी मांग है। दूसरी ओर बाजार में आवक की स्थिति कमजोर बनी हुई है। इन कारणों से सोयाबीन तेल-तिलहन में मजबूती है। औद्योगिक मांग बढ़ने के कारण पाम-पामोलीन तथा स्थानीय मांग के कारण मूंगफली तेल-तिलहन में भी मजबूती दिखाई दे रही है।

सामान्य कामकाज के बीच सरसों तेल-तिलहन और बिनौला तेल के दाम स्थिर बने रहे। सूत्रों ने कहा कि सरसों तेल का थोक दाम अभी सस्ता है। सरकार को सरसों का स्टॉक बनाकर रखना, खाद्यतेलों के दाम मंहगे होने की स्थिति में फायदेमंद साबित हो सकता है।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे:

सरसों तिलहन - 6,725-6,750 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 6,750-7,225 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 16,000 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,530-2,830 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 13,950 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,340-2,440 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,340-2,485 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 16,000 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,850 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,500 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,425 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 14,850 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,350 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,150 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 6,150-6,200 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 5,800-5,875 रुपये प्रति क्विंटल।

## डॉलर के मजबूत होने से तीसरे दिन भी सोना, चांदी में गिरावट

नई दिल्ली, (भाषा)।

***राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफ बाजार में शुक्रवार को बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट जारी रही। डॉलर के मज़बूत होने और वैश्विक अनिश्चितता बढ़ने के बीच सोने की कीमत में 200 रुपये और चांदी की कीमत में 3,000 रुपये की भारी गिरावट दर्ज की गई।***

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 200 रुपये गिरकर 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो बृहस्पतिवार को 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

चांदी की कीमत भी 3,000 रुपये की गिरावट के साथ 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।


एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस), सौमिल गांधी ने कहा, ''सोने पर दबाव बना रहा और यह दो सप्ताह के निचले स्तर के करीब कारोबार कर रहा था। इसमें नकारात्मक रुझान देखने को मिला, क्योंकि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण बाज़ार का माहौल सतर्क बना हुआ है।''

उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में चल रहे गतिरोध के कारण ऊर्जा की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं, जिससे महंगाई की चिंताएं बढ़ गई हैं और सोने की कीमतों में तेजी की गुंजाइश सीमित हो गई है।

गांधी ने कहा, ''मज़बूत डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में स्थिरता ने कीमतों पर नीचे की ओर दबाव और बढ़ा दिया है। डॉलर इंडेक्स लगातार तीन हफ़्तों की गिरावट के बाद इस हफ़्ते बढ़त दर्ज करने की राह पर है, जिससे सोने जैसी बिना किसी लाभ देने वाली संपत्तियों का आकर्षण कम हो गया है।''

अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों में, हाजिर सोने की कीमत में मामूली बढ़त दर्ज की गई और यह 4,708.17 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि चांदी की कीमत में लगभग एक प्रतिशत की तेजी आई और यह 75.96 डॉलर प्रति औंस हो गई।

एनकेपी सिक्योरिटीज में कमोडिटी और करेंसी के शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष, जतीन त्रिवेदी ने कहा कि कीमतों में उतार-चढ़ाव मुख्य रूप से पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों से प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से ईरान, इज़राइल और होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिका की मौजूदगी से जुड़े तनाव के कारण अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि विरोधाभासी संकेतों और किसी स्पष्ट समाधान के अभाव में, सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी रहने और खबरों के आधार पर इनमें बदलाव आने की संभावना है।





जग प्रेरणा

# देश विदेश

● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मु कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## ईरान के विदेश मंत्री अराघची वार्ता के लिए शुक्रवार रात पाकिस्तान पहुंचेंगे..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शुक्रवार को कहा कि वह पाकिस्तान, ओमान और रूस की यात्रा पर जा रहे हैं ताकि द्विपक्षीय मुद्दों पर 'नजदीकी समन्वय' स्थापित किया जा सके***

और क्षेत्रीय घटनाक्रम पर परामर्श किया जा सके। इसके साथ ही पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त करने के लिए ईरान-अमेरिका के बीच दूसरे दौर की शांति वार्ता की उम्मीदें फिर से जगी हैं।

अराघची ने तेहरान से रवाना होने से पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, 'इस्लामाबाद, मस्कट और मॉस्को की समयानुकूल यात्रा पर निकल रहा हूं।' उन्होंने कहा, 'मेरी यात्राओं का उद्देश्य हमारे साझेदारों के साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर नजदीकी समन्वय स्थापित करना और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर परामर्श करना है।

हमारे पड़ोसी हमारी प्राथमिकता हैं।' ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' के अनुसार, अराघची पाकिस्तान, ओमान और रूस की यात्रा पर एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे, जहां वह द्विपक्षीय मुद्दों पर विचार विमर्श करेंगे और क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों तथा अमेरिका-ईरान युद्ध की ताजा स्थिति पर चर्चा करेंगे। शहबाज शरीफसरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि अराघची के शुक्रवार रात एक छोटे प्रतिनिधिमंडल के साथ इस्लामाबाद पहुंचने की संभावना है।

उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'पाकिस्तान की मध्यस्थता में अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की शांति वार्ता इस्लामाबाद में होने की उम्मीद है।' अधिकारी ने कहा कि अमेरिका की साजो-सामान और सुरक्षा टीम पहले से ही इस्लामाबाद में मौजूद है, ताकि वार्ता प्रक्रिया को सुगम बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल के पहुंचने और अमेरिकी तकनीकी टीम के साथ बातचीत के ढांचे को अंतिम रूप देने के बाद, एक उच्चस्तरीय अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल शनिवार रात इस्लामाबाद पहुंच सकता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया ईरान के साथ किसी समझौते पर निर्भर करेगी।

यह घटनाक्रम पाकिस्तान के उपप्रधानमंत्री इसहाक डार और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से फोन पर हुई बातचीत के बाद सामने आया। दोनों ने क्षेत्रीय घटनाक्रम तथा अमेरिका-ईरान युद्धविराम के संबंध में चर्चा की।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अराघची ने डार से फोन पर बातचीत की। डार पाकिस्तान के विदेश मंत्री भी हैं। बयान में कहा गया, 'दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय घटनाक्रम, संघर्षविराम और अमेरिका-ईरान वार्ता के संदर्भ में पाकिस्तान द्वारा किए जा रहे कूटनीतिक प्रयासों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।' हालांकि इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है।

बयान में कहा गया है कि डार ने जल्द से जल्द क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए लंबित मुद्दों के समाधान हेतु सतत संवाद और मुलाकातों की आवश्यकता पर जोर दिया। इसमें कहा गया कि अराघची ने इस संदर्भ में पाकिस्तान की निरंतर और रचनात्मक मध्यस्थता की भूमिका की सराहना की तथा दोनों नेताओं ने संपर्क में रहने को लेकर सहमति जताई। ईरानी मीडिया ने बताया कि अराघची ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से भी बातचीत की। पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान को वार्ता की मेज पर लाने के लिए पिछले कुछ दिनों से अपने कूटनीतिक प्रयास तेज कर दिए हैं।

## राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के आरोप में बिजनौर से दो लोग गिरफ्तार..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***आपत्तिजनक सोशल मीडिया सामग्री और हथियारों के गैरकानूनी इस्तेमाल से जुड़ी राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में कथित तौर पर संलिप्त दो लोगों को उत्तर प्रदेश के बिजनौर से गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।***

पुलिस के मुताबिक यह मामला 23 नवंबर, 2025 को इंस्टाग्राम पर प्रसारित एक वीडियो से संज्ञान में आया, जिसमें आकिब 'लाइव सत्र'के दौरान अन्य लोगों के साथ हथियार प्रदर्शित करते हुए दिखाई दे रहा था। बाद में यह वीडियो एक सोशल मीडिया प्रोफाइल पर पोस्ट किया गया।

पुलिस के मुताबिक जांच के दौरान कई आरोपियों की पहचान की गई। इनमें से उवैद मलिक, जलाल हैदर, समीर उर्फ रूहान और माजुल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि बिजनौर जिले के निवासी जुल्फिकार उर्फराका और आरिफ मलिक नामक दो और आरोपियों को किरतपुर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने बताया, 'पूछताछ के दौरान आरिफने पुलिस को बताया कि उसने आपराधिक प्रवृत्ति वाले युवाओं का एक समूह बनाया था और बाद में सोशल मीडिया के माध्यम से आकिब के संपर्क में आया। उसने यह भी दावा किया कि हालिया गिरफ्तारियों के बाद उसे मैसेजिंग प्लेटफॉर्म के जरिए आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो हटाने को कहा गया था।' अधिकारी ने बताया, 'जुल्फिकार ने पुलिस को बताया कि वह पिछले दो वर्षों से तमिलनाडु में नाई का काम कर रहा था और सोशल मीडिया के माध्यम से आकिब के संपर्क में था।' पुलिस के मुताबिक आकिब ऑनलाइन मंचों पर भड़काऊ सामग्री साझा करता था और समुदायों को निशाना बनाने, रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और वाहनों में आग लगाने जैसी गतिविधियों के लिए उकसाता था।अधिकारियों ने बताया कि आकिब और एक अन्य आरोपी आज़ाद के खिलाफपहले ही 'लुकआउट नोटिस' जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि आजाद इस समय सऊदी अरब में है। पुलिस ने ये गिरफ्तारियां नांगल पुलिस थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 (भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्य) और धारा 61(2)(ए) (आपराधिक षड्यंत्र) के तहत, साथ ही शस्त्र अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के तहत दर्ज एक मामले के संबंध में की है। पुलिस ने बताया कि इस मामले की जांच जारी है। इससे पहले बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने पाकिस्तानी पेशेवर अपराधियों, कट्टरपंथियों और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के कहने पर भारतीय युवाओं को बरगलाने और आतंकवादी गतिविधियां करने के आरोप में नोएडा से दो लोगों को गिरफ्तार किया था। उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों पाकिस्तानी आकाओं के सीधे संपर्क में थे और 'एक विध्वंसक गतिविधि की योजना बना रहे थे।' अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश ने यहां बताया कि एटीएस ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के कहने पर भारत में इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया माध्यमों से युवकों के 'स्लीपर सेल' बनाने और आतंकवादी गतिविधियों के लिये उकसाने की कोशिश सम्बन्धी खुफिया सूचना के आधार पर जांच शुरू की थी।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें.. मो. 9329033433

## राजस्थान में नीमराना के कबाड़ गोदाम में भीषण आग, जिंदा जले 5 मजदूर..



डेस्क जगप्रेरणा।

राजस्थान में नीमराना क्षेत्र के मोहलड़िया गांव में स्थित एक कबाड़ के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग और पुलिस प्रशासन की टीमें पहुंच गईं और आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं। बुरी खबर है कि कबाड़ गोदाम में आग लगने से 5 मजदूरों की जलकर मौत हो गई है। दो मजदूरों शव घटनास्थल से निकाले गए। इसके अलावा, चार लोग लापता बताए जा रहे हैं।

### लाखों का सामान जलकर हुआ खाक..

इस हादसे में एक पिकअप वाहन सहित लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग लगने के समय गोदाम में कुछ मजदूर मौजूद थे, जो समय रहते वहां से भागने में सफल रहे। हालांकि, अंदर किसी के फंसे होने की अभी तक कोई पुष्टि नहीं हो पाई है।

### आग के कारणों को लगाया जा रहा पता..

प्रशासन की तरफसे पूरे मामले की जांच की जा रही है और आग लगने के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### गोदाम में लगी आग ने धारण किया विकराल रूप..

चश्मदीदों के अनुसार, आग इतनी तेजी से गोदाम में फैली कि उसे काबू करने का मौका ही नहीं मिला। गोदाम में रखे कबाड़ और अन्य सामग्री में आग लगी, जिसने बाद में विकराल रूप धारण कर लिया। इससे आसपास के इलाकों में भी अफरा-तफरी का माहौल हो गया। लोकल लोगों ने अपने लेवल पर बचाव कार्य करना शुरू किया।

फिर दमकल की टीम के पहुंचने तक आग को बुझाने की कोशिश की गई। फिलहाल, लापता मजदूरों की खोज के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अफसरों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही दुर्घटना का असली कारण सामने आ सकेगा। प्रशासन, हालात पर नजर बनाए हुए है।

## बिहार के सोनपुर में बड़ा हादसा, एक ही परिवार के चार लोग नदी में डूबे, शादी का जश्न मातम में तब्दील..



डेस्क जगप्रेरणा।

***बिहार के सोनपुर में शादी समारोह का जश्न मातम में तब्दील हो गया है। यहां एक ही परिवार के चार लोग गंडक नदी में डुब गए जिसके बाद उनकी दर्दनाक मौत हो गई है।***

इनमें से 3 लोगों का शव बरामद कर लिया गया है और एक व्यक्ति अभी भी लापता है। मामले की सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफकी टीम नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है।

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल, सोनपुर थाना क्षेत्र के बैजलपुर जगदंबा स्थान के निकट गंडक नदी में नहाने के दौरान एक ही परिवार की दो महिला समेत चार व्यक्ति नदी में डूब गए। मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा गंडक नदी से दो महिला को निकाल कर सदर अस्पताल हाजीपुर लाया गया। डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान बैजलपुर निवासी जनार्दन सिंह की 42 वर्षीय पत्नी बबीता देवी एवं पटना जिले के बख्तियारपुर निवासी रवि कुमार के 40 वर्षीय पत्नी गुड़िया देवी के रूप में हुई है। बाकी डुबे व्यक्ति की खोजबीन गंडक नदी में की जा रही है।

### कैसे डूब गए लोग?

मिली जानकारी के अनुसार जनार्दन सिंह की पुत्री की शादी बीते सोमवार को हुई थी। शादी के चौथे दिन चौठारी रस्म को लेकर सभी गंडक नदी नहाने आए थे। नहाने के क्रम में दो महिला समेत चार व्यक्ति गंडक नदी में डूब गए। स्थानीय लोगों के द्वारा दो महिला को निकाला गया। सदर अस्पताल में डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक के परिवार वालों का रोते-रोते बुरा हाल है।

### रेस्क्यू ऑपरेशन जारी..

घटना की जानकारी मौके पर मौजूद लोगों के द्वारा स्थानीय थाना की पुलिस एवं एसडीआरएफटीम को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर गंडक नदी में खोजबीन कर रही है। कल और आज भी रेस्क्यू किया जा रहा है अभी तक दो महिला एक बच्ची का शव बरामद हुआ है एक व्यक्ति अभी भी लापता है।

## दिल्ली के करोल बाग में चली गोलियां, घायल शख्स को अस्पताल में कराया गया भर्ती..



डेस्क जगप्रेरणा।

***दिल्ली के करोल बाग में कई राउंड गोलियां चली हैं। गोली लगने से एक शख्स घायल हो गया है, जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। यह घटना आज तड़के सुबह करीब 2:30 से 3 बजे के बीच हुई।***

पुलिस ने बताया कि FSL टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और मौके से 2 खाली कारतूस और 1 जिंदा कारतूस मिला है, जिससे संकेत मिलता है कि 3 राउंड गोलियां चलाई गई थीं।

### गोली लगने से एक शख्स घायल..

पुलिस की तरफ से प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि लेडी हार्डिंग अस्पताल से सुबह 3:55 बजे एक कॉल आई, जिसमें बताया गया कि रोहित (निवासी थान सिंह नगर, आनंद पर्वत) को गोली लगी है। जांच करने पर पता चला कि यह इलाका करोल बाग थानाक्षेत्र के अंतर्गत आता है। पीड़ित अभी अस्पताल में है भर्ती है और उसने संदिग्धों के बारे में शुरुआती जानकारी दी है। हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

### हत्या और अवैध हथियार रखने के आरोप में दो गिरफ्तार..

वहीं, दिल्ली पुलिस ने दो लोगों को हत्या में कथित संलिप्तता और अवैध हथियार रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। डीसीपी आकांक्षा यादव ने बताया कि वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र (डब्ल्यूपीआईए) के निवासी रितिक कुमार को 20 अप्रैल को डब्ल्यूपीआईए के राजा पार्क में एक व्यक्ति के पास अवैध हथियार होने की सूचना मिलने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी का पीछा कर उसे पकड़ लिया गया और उसकी तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके एक कारतूस और देसी कट्टा बरामद किया गया। जांच के दौरान पता चला कि रितिक आदर्श नगर थाने में दर्ज हत्या के एक मामले में भी शामिल है।उसकी गिरफ्तारी से पुलिस को हत्या के मामले को सुलझाने में मदद मिली, जिसके बाद सह-आरोपी कुणाल को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

## ऑटो में सोने के गहने और कैश भूल गई थी महिला, फिर सिर्फ एक घंटे के अंदर यूं मिला सामान..




डेस्क जगप्रेरणा।

***तेलंगाना की सैफाबाद पुलिस की त्वरित कार्रवाई और एक ईमानदार ऑटो चालक की सजगता से एक महिला का खोया हुआ सोना और कैश महज एक घंटे के भीतर बरामद कर उसे वापस सौंप दिया गया।***

23 अप्रैल को कर्नाटक के गुलबर्गा की रहने वाली 43 वर्षीय सुजाता आर. हीरेमठ सैफाबाद पुलिस स्टेशन पहुंचीं। उन्होंने बताया कि वह नरसिंगी से बिड़ला मंदिर तक उबर ऑटो से यात्रा कर रही थीं, तभी उनका बैग गलती से ऑटो में ही छूट गया। उस बैग में करीब 6.5 तोला सोने के आभूषण और 3,500 रुपये नकद थे।

### CCTV से एक घंटे में मिला सुराग..

शिकायत मिलते ही सैफाबाद थाने के SHO के नेतृत्व में के. विनय कुमार और मदन मोहन की टीम तुरंत सक्रिय हो गई। पुलिस ने CCTV फुटेज की जांच कर ऑटो की पहचान की और महज एक घंटे के भीतर ड्राइवर तक पहुंच गई। खैरताबाद के चिंतल बस्ती के निवासी ऑटो ड्राइवर के. नागेश ने बताया कि बैग सुरक्षित रूप से ऑटो की पिछली सीट पर रखा है। वह खुद पुलिस स्टेशन पहुंचे और सोना व कैश सही-सलामत लौटा दिया। पुलिस ने बाद में पूरा सामान महिला को सौंप दिया। सैफाबाद थाना प्रभारी ने ऑटो ड्राइवर की ईमानदारी की सराहना करते हुए उन्हें कैश इनाम देकर सम्मानित किया।

### पुलिस ने पकड़ा मोबाइल स्नैचिंग गैंग..

बता दें कि इससे पहले तेलंगाना पुलिस ने हैदराबाद और आसपास के इलाकों में मोबाइल छीनने वाली एक गैंग का भंडाफोड़ किया था। पुलिस ने तीन आदतन अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 10 मोबाइल फोन और अपराध में इस्तेमाल की गई एक दोपहिया वाहन बरामद किया। यह जांच 59 वर्षीय सैयद नजीर अहमद की शिकायत के बाद शुरू हुई थी। उन्होंने बताया था कि 15 अप्रैल को डीएमआरएल एक्स रोड के पास दो अज्ञात लोगों ने मोटरसाइकिल पर आकर उनकी शर्ट की जेब से सैमसंग गैलेक्सी ' फोल्ड 5 फोन छीन लिया था। इस मामले में कंचनबाग पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई थी।

## राजस्थान के चूरू में डंपर से टकराने के बाद बोलेरो में लगी आग, 3 लोग जिंदा जले; 5 गंभीर रूप से झुलसे..



डेस्क जगप्रेरणा।

***झुंझुनूं-चूरू जिले की सीमा पर पिलानी के नजदीक थिरपाली गांव के पास गुरुवार देर रात एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। जानकारी के अनुसार,***

डंपर और बोलेरो गाड़ी की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिसके बाद दोनों वाहनों में भीषण आग लग गई। इसमें तीन लोगों की जलकर मौत हो गई और पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा हमीरवास पुलिस थाना क्षेत्र में पिलानी-सादुलपुर सड़क पर हुआ। हादसा इतना भयानक था कि में बोलेरो में सवार कुछ लोग जिंदा जल गए, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से झुलस गए हैं।

घायलों को तुरंत पिलानी के बिरला सार्वजनिक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। बोलेरो में सवार लोग नोहर-भादरा क्षेत्र से पिलानी शादी में शामिल होने आ रहे थे, तभी थिरपाली टोल प्लाजा के पास यह हादसा हो गया।

### शादी समारोह से लौट रहे थे कार सवार..

स्टेशन हाउस ऑफिसर (SHO) राय सिंह सुथार ने बताया कि कुछ लोग पिलानी में एक शादी में शामिल होने के बाद चूरू में रजिस्टर्ड एक बोलेरो गाड़ी से लौट रहे थे, तभी बोलेरो डंपर ट्रक से टकरा गई और उसमें आग लग गई। उन्होंने बताया कि घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से दोनों गाड़ियों से बाहर निकाला गया और पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

### हादसे के बाद लगा लंबा जाम..

सुथार ने बताया कि इस हादसे के कारण सड़क पर लंबा जाम लग गया और ट्रैफिक को सुचारू करने के लिए गाड़ियों का रास्ता बदलना पड़ा। IPS अधिकारी अभिजीत पाटिल ने बताया कि मृतकों की पहचान करना मुश्किल हो रहा है, क्योंकि आग में उनके शव बुरी तरह जल गए हैं। उन्होंने कहा कि पहचान केवल DNA टेस्ट के ज़रिए ही हो पाएगी, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस हादसे के कारणों की भी जांच कर रही है।

### फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर पाया काबू..

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कई फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। यह हादसा इतना भयावह है कि इसकी खबर सुनकर लोगों की रूह कांप गई। मृतकों के शव चूरू जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए गए है। अभी शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई है।



शुद्ध सोने एवं चांदी के कलात्मक एवं हॉलमार्क आभूषणों के विक्रेता..

शांती ज्वेलर्स

नया सराफा, मेन रोड, बालाघाट










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

भुमेश्वर धमगाये गोरेगांव
मो. 9637631171


## तिरोड़ा सकल ब्राह्मण समाज द्वारा हर्षोल्लास से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव..



जगप्रेरणा तिरोड़ा।

*तिरोड़ा सकल ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अवसर पर स्थानीय अटल बिहारी बाजपेई सभागृह में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम*

एवं समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सत्कार आयोजित कर सभी को स्मृतिचिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। यहां ब्राह्मण समाज के नवनिर्वाचित नगरसेवक एवं शिक्षा सभापति देवेंद्र तिवारी का सभी अतिथियों की उपस्थिति में शाल नारियल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के तहत शाम 7 बजे से बच्चों के लिए विविध प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा हनुमान चालीसा, गीत तथा नृत्य प्रस्तुत किए। सभी को तत्काल पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना तथा आरती की गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के पुरूष-महिलाओं एवं बच्चों ने भाग लिया। उद्बोधन कार्यक्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्राचार्य संजीव कोलते ने की। विशेष अतिथि के रूप में प्राचार्य अजयभारत शर्मा, प्राचार्य निकेश मिश्रा, प्राचार्य सुरेश उपाध्याय, प्राचार्य प्रफुल तिवारी प्रमुखता से उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र तिवारी ने एवं लक्ष्मीनारायण दुबे ने आभार व्यक्त किया।

सभी अतिथियों ने अपने मार्गदर्शन में समाज के बच्चों में सनातनी संस्कार एवं आध्यात्मिक ग्रंथों की जानकारी के लिए आध्यात्मिक शिक्षा केंद्र शुरू करने की बात कही। साथ ही समाजबंधुओं से आपसी मतभेद भूलाकर एकजुट होकर समाज के व्यक्ति और समाज की प्रगती के लिए कार्य करने का आव्हान किया।

कार्यक्रम के अंत में स्नेहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम की सफ्लता के लिए सकल ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष राजीव तिवारी, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सौ.पूर्णिमा शर्मा, धनंजय शेलवटे, गौरव फडणवीस, राजू मिश्रा, सौ.ममता दुबे, सोनाली सोनकांबडे, सौ. पिंकी चौबे समेत अनेक समाजबंधुओं ने अथक प्रयास किए।

## अब तिरोड़ा में सुबह 8 से रात 10 बजे तक शुरू रहेगा रेल आरक्षण काउंटर

जगप्रेरणा तिरोड़ा।

*तिरोड़ा शहर एवं आसपास के क्षेत्र के नागरिकों द्वारा लंबे समय से की जा रही मांग आखिरकार पूरी हो गई। स्थानीय नागरिकों ने पूर्व मंत्री एवं राज्य सभा सदस्य प्रफुल पटेल*

से रेलवे स्टेशन पर आरक्षण काउंटर सुबह से शुरू करने की मांग की थी। इस मांग पर संज्ञान लेते हुए प्रफुल पटेल ने रेलवे प्रशासन से पत्राचार कर आवश्यक निर्देश दिए।

इसके बाद दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल ने सकारात्मक निर्णय लेते हुए तिरोड़ा रेलवे स्टेशन के आरक्षण काउंटर को सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक शुरू करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय से तिरोड़ा और आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को बड़ी राहत मिली है तथा टिकट आरक्षण में होने वाली असुविधा दूर हो गई है।

नागरिकों ने इस सुविधा के लिए प्रफुल पटेल का आभार व्यक्त किया है और रेलवे प्रशासन का भी अभिनंदन किया है। यह निर्णय नागरिकों की एकजुट मांग और जनप्रतिनिधियों के त्वरित प्रयासों का परिणाम माना जा रहा है।

तिरोड़ा रेलवे स्टेशन पर वृद्धों एवं दिव्यांगों के लिए पुलिया पर एक्सलेटर या लिफ्ट, बोगी डिस्प्ले और डिजिटल अलाउंसिंग शुरू करने की मांग भी काफी अरसे से प्रलंबित है। जिसे पूर्ण करने की अपेक्षा भी सांसद प्रफुल पटेल से की जा रही है।






## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### बंद मकान से अज्ञात चोर ने उडाये गहने मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार 21/4/2026 को गौतम बुद्ध वार्ड तिरोडा मे फर्यादी आकाश पृथ्वीराज मारबते उम्र 30 वर्ष निवासी तिरोडा अपने रिश्तेदार के यहा शादी समारोह मे मकान को ताला लगाकर गये थे। उसी रात को अज्ञात चोर ने मकान का ताला तोड़कर मकान मे प्रवेश कर आलमारी मे रखे 2 सोने के डोरले किमत 30 हजार रुपये, चांदी की पायल किमत 1 हजार रुपये, सोने की नथ किमत 10 हजार रुपये,1 सोने की अंगुठी किमत 11 हजार रुपये, नगदी 20 हजार रुपये, कुल 72 हजार रुपये का माल घटना के समय अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 419/2026 धारा 305, अ,331,3,331,4, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच सपोनी संजय कवडे पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

### तुम इसे अपने घर मे क्यो आने देते हो बोलकर चलाया चाकु मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 23/4/2026 के 12 बजे गौशाला वार्ड गोंदिया मे फर्यादी वैष्णवी सौरबसिंग चौहान उम्र 15 वर्ष अपनी दादी के साथ घर मे थी। उसी समय पडोसी भुमेश्वर विजय कुमार आया और खाना खाने बैठा थोडी देर मे वहा आरोपी आया और फर्यादी से कहा तुम इसे अपने घर मे क्यो आने देते हो बोलकर चाकु से फर्यादी और उसकी आजी सुकवारा चैतराम दमाहे उम्र 50 वर्ष और भुमेश्वर को चाकु से हात पैर और पेट पर मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 340/2026 धारा 118,1,352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सपोनी वैभव गेडाम पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

### पुराने विवाद पर चलाई लोहे की रॉड मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 23/4/2026 के दोपहर 1 बजे के दरम्यान श्रीनगर गोंदिया मे आर्यन शिवशंकर सहारे उम्र 22 वर्ष निवासी श्रीनगर गोंदिया अपने घर पर था। उसी समय आरोपी ने आकर पुराने विवाद पर कहा की तुने मुझे क्यो मारा था बोलकर गालीगलौच की और लोहे की रॉड से सरपर मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 341/2026 धारा 118,1,352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाच पोहवा देवानंद मलगाम 57 पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

### रेल्वे से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 23/4/2026 के 3 बजे के दरम्यान तिरोडा स्टेशन डाऊन लाईन पोल 1027/10 के पास अज्ञात व्यक्ति की रेल से कटकर मौत हुई है। स्टेशन मास्टर के लिखित मेमो पर फर्यादी अविनाश वामन कोहपरे उम्र 31 वर्ष रेल्वे स्टेशन तिरोडा की शिकायत पर पोस्टे तिरोडा मे अकस्मात मौत क्रमांक 11/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोहवा बावने 1326 पोस्टे तिरोडा कर रहे है।

## प्रीती कापगते को गोंडवाना विश्व विद्यालय की आचार्य उपाधि प्राप्त

### झाड़ीबोली के चार कवियों की चयनित कविताएं शोध विषय..



जगप्रेरणा सालेकसा।

*गोंडवाना विश्वविद्यालय के मानव विज्ञान विद्या शाखा अंतर्गत मराठी विषय में गोंदिया निवासी, किंतु मूलतः साकोली तहसील के*

जांभळी गांव की प्रीती दोजराम कापगते को आचार्य (पी.एचडी.) उपाधि प्रदान की गई है। उनके शोध का विषय 'झाड़ीपट्टी के चयनित कवियों की कविताओं का चिकित्सक अध्ययन' है, जिसमें डॉ. हरिश्चंद्र बोरकर, अंजनाबाई खुणे, हिरामण लांजे और डोमाजी कापगते के चयनित काव्यसंग्रहों के संदर्भ में यह विषय लिया गया है।

प्रीती कापगते का ससुराल चांदोरी में है तथा उनका ससुराल का नाम प्रीती किशोर हातझाडे है। उन्होंने झाड़ीपट्टी के बोलीमहर्षि डॉ. हरिश्चंद्र बोरकर, झाड़ीपट्टी की बहिणाबाई अंजनाबाई खुणे, सुप्रसिद्ध कवि एवं साहित्यकार हिरामण लांजे तथा अल्पशिक्षित किंतु प्रतिभाशाली संतकवि डोमाजी कापगते के काव्यसंग्रहों की चयनित कविताओं का अध्ययन कर अपना शोधप्रबंध विश्वविद्यालय को प्रस्तुत किया और विश्वविद्यालय ने उसे मंजूर कर उन्हें आचार्य उपाधि प्रदान की। झाड़ीपट्टी के साहित्यकारों के लिए यह अत्यंत प्रेरणादायी एवं गौरवपूर्ण बात है। झाड़ी बोली आंदोलन के इन चारों वरिष्ठ साहित्यकारों का प्रीती ने हृदय से आभार माना है।

इस शोधकार्य के लिए उन्हें मार्गदर्शक के रूप में डॉ. परमानंद बावनकुळे, प्राध्यापक एवं मराठी विभाग प्रमुख, चिंतामणी महाविद्यालय, पोम्भूर्णा, जिला चंद्रपुर का बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इसके लिए उन्होंने उनका हृदयपूर्वक आभार व्यक्त किया है। साथ ही इस सफ्लता के पीछे प्रीती के पति डॉ. किशोर हातझाडे का विशेष सहयोग प्राप्त होने का भी उन्होंने उल्लेख किया। इसके अतिरिक्त माता का सतत आशीर्वाद, भाई-बहनों का साथ तथा दोनों बच्चों स्वरा और श्लोक द्वारा दिए गए प्रोत्साहन के लिए भी उन्होंने कृतज्ञता व्यक्त की है। उनके इस शैक्षणिक सफलता पर रिश्तेदारों, मित्रपरिवार, शिक्षकवर्ग तथा सामाजिक, शैक्षणिक एवं साहित्यिक क्षेत्र के मान्यवरों द्वारा अभिनंदन की वर्षा हो रही है।

## मधुमक्खियों के हमले में चार घायल, देवरी तहसील के डवकी की घटना..

जगप्रेरणा देवरी।

*देवरी तहसील के डवकी इलाके में आज, शुक्रवार सुबह महुआ के फूल चुनने गए ग्रामीणों और महिलाओं पर मधुमक्खियों ने अचानक भीषण हमला कर दिया।*

इस हमले में एक बुजुर्ग महिला सहित कुल चार लोग घायल हो गए हैं। इनमें से दो की हालत गंभीर होने के कारण उनका ग्रामीण अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### क्या है पूरी घटना?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, डवकी निवासी जयवंता लक्ष्मण बागड़े (70) नामक बुजुर्ग महिला शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे गांव के पास के जंगली इलाके में महुआ चुनने गई थीं। फूल चुनते समय अचानक मधुमक्खियों के एक बड़े झुंड ने उन पर हमला कर दिया। इस अचानक हुए हमले से वे पूरी तरह घबरा गईं और बचाव के लिए शोर मचाने लगीं।

उनकी आवाज सुनकर पास ही स्थित पोल्ट्री फार्म में काम करने वाले धनंजय हीरालाल सोरले (58) उन्हें बचाने के लिए दौड़े। लेकिन, गुस्से में भरी मधुमक्खियों ने उन पर भी हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो लड़कियों पर भी हुआ हमला उसी दौरान, पूजा अनिल नुरेटी (18, निवासी डवकीटोला) और जयश्री ऋषिपाल उइके (16, निवासी भागी) नाम की दो लड़कियां सड़क से डवकीटोला की ओर जा रही थीं। मधुमक्खियों ने उन पर भी हमला बोल दिया। इन दोनों ने सूझबूझ दिखाते हुए वहां से दौड़ लगा दी, जिससे उनकी जान तो बच गई लेकिन वे घायल हो गईं।

### अस्पताल में उपचार जारी..

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को तुरंत देवरी के ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया। जयवंता बागड़े 70 वर्षीय इस बुजुर्ग महिला को मधुमक्खियों ने बुरी तरह डंक मारा है, जिससे उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।

धनंजय सोरले उनकी भी स्थिति को देखते हुए अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पूजा नुरेटी और जयश्री उइके इन दोनों लड़कियों की हालत स्थिर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है। इस घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है और नागरिकों से जंगल क्षेत्र में जाते समय सावधानी बरतने की अपील की गई है।

## ककोडी क्षेत्र की समस्याओं का अंबार..

## आक्रोशित नागरिकों ने विधायक संजय पुराम से लगाई गुहार..

### ककोडी में बीएसएनएल सेवा महीने भर से ठप, केबलिंग कार्य में देरी से बिजली आपूर्ति भी बाधित..

जगप्रेरणा देवरी।

*तहसील के ककोडी और आसपास के क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं की स्थिति वर्तमान में अत्यंत दयनीय हो गई है। विशेष रूप से बीएसएनएल (BSNL) की दूरसंचार सेवा पूरी तरह से चरमरा गई है।*

पिछले कई महीनों से त्रस्त नागरिकों का धैर्य अब जवाब दे रहा है। आक्रोशित नागरिकों ने इन समस्याओं की ओर विधायक संजय पुराम का ध्यान आकर्षित करते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

### डिजिटल युग में ककोडी 'संपर्क विहीन'..

आज के भागदौड़ भरे युग में मोबाइल और इंटरनेट एक अनिवार्य सेवा बन गई है। हालांकि, ककोडी क्षेत्र में बीएसएनएल की सेवा पिछले कई महीनों से कछुआ गति से चल रही थी, जो अप्रैल के महीने में पूरी तरह से ठप हो गई है। बैंकिंग लेनदेन और सरकारी कार्यों के लिए आवश्यक ओटीपी (OTP) समय पर न मिलने के कारण छात्रों, किसानों और व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। नागरिकों ने आरोप लगाया है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

### बिजली आपूर्ति का मुद्दा गरमाया..

दूरसंचार सेवा के साथ-साथ बिजली आपूर्ति की समस्या भी गंभीर हो गई है। चिचगढ़ से ककोडी के बीच स्थित **11k1** बिजली लाइन की 'केबलिंग' (इंसुलेटेड केबल डालना) करना बेहद जरूरी है। चिचगढ़ में हुई पिछली बैठक में कार्यकारी अभियंता **(EE)** और कनिष्ठ अभियंता **(JE)** को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। लेकिन तकनीकी प्रक्रिया में यह काम अटक जाने के कारण सवाल उठ रहा है कि क्या यह कार्य मानसून से पहले पूरा हो पाएगा?

### जिला योजना समिति पर टिकी निगाहें..

जानकारी के अनुसार, केबलिंग कार्य का प्रस्ताव जिला योजना समिति के पास मंजूरी के लिए लंबित है। नागरिकों ने विधायक से अनुरोध किया है कि इस प्रस्ताव को तुरंत मंजूर करवाकर काम में तेजी लाई जाए। ककोडी क्षेत्र की जनता ने अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए अब जनप्रतिनिधियों का दरवाजा खटखटाया है। अब सभी की नजरें इस बात पर टिकी हैं कि विधायक संजय पुराम इस दिशा में क्या कदम उठाते हैं।

### बोले सामाजिक कार्यकर्ता मनेंद्र मोहबंसी..

बीएसएनएल नेटवर्क न होने के कारण छात्रों का शैक्षणिक नुकसान हो रहा है, वहीं किसानों को ऑनलाइन कार्यों के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। यदि प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, तो तीव्र आंदोलन छेड़ा जाएगा।

## 'तकनीकी' चूक पड़ी महंगी, अपात्र शिक्षकों को लाखों का वेतन, दोषियों पर कार्रवाई की मांग..

### प्राकृतिक न्याय सिद्धांत का उल्लंघन, उच्च न्यायालय के आदेश से सरकारी खजाने पर बोझ



जगप्रेरणा गोंदिया।

शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बार-बार हुई 'तकनीकी' गलतियां अब शासन के लिए भारी पड़ रही हैं। अपात्र घोषित किए गए शिक्षकों को लाखों रुपये का बकाया वेतन देने की नौबत आ गई है। इस गंभीर मामले में दोषी अधिकारियों पर विभागीय जांच कर कड़ी कार्रवाई करने तथा उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में विशेष अनुमति याचिका **(SLP)** दायर करने की मांग सामाजिक कार्यकर्ता रमेश अंबुले ने मुख्य सचिव से की है।

### मामले का खुलासा कैसे हुआ?

गोंदिया जिले के दांडेगांव स्थित श्री समर्थ एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित स्कूलों में विश्वास रहांगडाले, उमादेवी रहांगडाले और अश्विनी हजारे की नियुक्ति में अनियमितता की शिकायत रमेश अंबुले ने प्रमाणों सहित की थी। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए शिक्षा उपसंचालक ने जांच कर संबंधित शिक्षकों की नियुक्ति रद्द करने के आदेश दिए थे।

### प्राकृतिक न्याय का उल्लंघन बना निर्णायक..

हालांकि, इस प्रक्रि या में संबंधित शिक्षकों को 'कारण बताओ' नोटिस जारी नहीं किया गया, जिससे न्यायालय में तकनीकी आधार पर मामला पलट गया। उच्च न्यायालय ने इस आधार पर पूर्व आदेश रद्द करते हुए सहसंचालक (पुणे) को नई प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए।

**'वही गलती' दोहराई; अधिकारियों पर सवाल** न्यायालय के निर्देशों के बावजूद तत्कालीन सहसंचालक वैशाली जामदार और हारून अत्तार ने फिर बिना नोटिस दिए नियुक्ति रद्द करने का आदेश जारी कर दिया। इस लापरवाही के चलते संबंधित शिक्षकों को अदालत से राहत मिल गई।

**उच्च न्यायालय का आदेश-** याचिका क्रमांक 8311/2023 में उच्च न्यायालय ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत का उल्लंघन मानते हुए सहसंचालक का आदेश रद्द कर दिया और संबंधित शिक्षकों को मार्च 2017 से अब तक का पूरा बकाया वेतन देने का निर्देश दिया।

**सरकार पर आर्थिक बोझ; भ्रष्टाचार के आरोप-** मूल नियुक्तियों में अनियमितता होने के बावजूद अधिकारियों की गलतियों के कारण सरकार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। मामले में एफआईआर दर्ज होने के बावजूद मूल दोषियों पर कार्रवाई न होने से शिक्षा विभाग पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लग रहे हैं।

**मुख्य सचिव से प्रमुख मांगें-**उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफसर्वोच्च न्यायालय में **SLP** दायर की जाए। दोषी अधिकारी वैशाली जामदार और हारून अत्तार पर विभागीय जांच कर सख्त कार्रवाई हो। सरकारी धन के दुरुपयोग को रोकते हुए जिम्मेदारी तय की जाए

**अब सबकी नजरें शासन पर-**इस हाई-प्रोफाइल मामले में राज्य सरकार क्या रुख अपनाती है और संबंधित अधिकारियों पर वास्तविक कार्रवाई होती है या नहीं, इस पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

## परिवार के प्रमुख अचानक घर से निकल जाने से परिवार पर टुटा दुःख का पहाड़..

### इंद्रप्रस्थ आमगांव निवासी विजयकुमार (बंडुभाऊ) रहांगडाले घर से अचानक निकल गये..



जगप्रेरणा आमगांव।

*हस्ते खेलते इंद्रप्रस्थ आमगाव निवासी रहांगडाले परिवार के प्रमुख विजयकुमार (बंडुभाऊ)*

रहांगडाले उम्र 68 वर्ष मंगलवार 21 एप्रिल को दोपहर 2:00 बजे अपना मोबाईल एंव अन्य साहित्य घर पर ही छोडकर घर से बाहर निकल गये घर पर पती पत्नी ही रहते थे विजयकुमार रहांगडाले के दोनो ही बेटे घर से बाहर नोकरी हेतु रहते है घर से दो बजे जाने के बाद पत्नी को लगा की कही गये होगे।

इसिलिये पत्नी ने शाम तक राह देखी किंतु शाम तक भी जब विजयकुमार का पता नहीं तब पत्नि ने विजयकुमार को खोज करना शुरू कर दिया कितु चार दिनो से विजयकुमार (बंडुभाऊ) का कुछ भी पता नहीं चल रहा है घर से निकलते समय विजयकुमार (बंडुभाऊ) ने आसमान पॅट एंव हाफ टी शर्ट पहने हुआ था ऊचाई 5 फुट 6 इंच है रंग गोरा है किसी को भी जानकारी प्राप्त हो 9403371454,9664580401 इन मोबाईल क्रमांक पर संपर्क कर जानकारी देने की अपील परिवारजनो ने की है विजयकुमार (बंडुभाऊ) अचानक घर से निकल जाने से परिवारजनो पर दुखो का पहाड टुट पडा है।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# जातिगत जनगणना में 'मकान गणना' प्रपत्र में 'ओबीसी' का स्थान गायब.. - सकल ओबीसी समाज

## ओबीसी संघर्ष कृति समिति ने प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर प्रस्तावित जनगणना पर किया रोष व्यक्त..

## कहा.. मकान गणना पपत्र में ओबीसी का स्वतंत्र कॉलम नहीं होगा तो जनगणना का होगा पूर्ण बहिष्कार..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले में ओबीसी वर्ग के प्रमुख संगठन ओबीसी संघर्ष कृति समिति, गोंदिया जिला तथा सकल ओबीसी समाज संगठन द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन आज 24 अप्रैल को किया गया, तथा प्रेस कॉन्फ्रेंस में ओबीसी संगठन के नेताओं ने भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित 2026-2027 की जनगणना को लेकर गहरा रोष व्यक्त किया।***

संगठन ने आरोप लगाया कि सरकार ने ओबीसी समाज के लिए जातिगत जनगणना का वादा तो किया, लेकिन वर्तमान में चल रहे 'मकान गणना' के कार्य में ओबीसी के लिए कोई स्वतंत्र कॉलम नहीं रखा गया है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पदाधिकारियों ने कहा कि तत्कालीन गृहमंत्री ने 2018 में स्पष्ट घोषणा की थी कि 2021 की जनगणना में ओबीसी की जातिगत गणना की जाएगी। कोरोना के कारण उस समय यह प्रक्रिया रुक गई थी। इसके बाद 25 अप्रैल 2025 को कैबिनेट के फैसले के बाद मंत्री वैष्णव ने भी सार्वजनिक रूप से इस निर्णय की पुष्टि की थी। हाल ही में 16 से 18 अप्रैल 2026 के विशेष अधिवेशन में भी गृहमंत्री ने सदन को आश्वस्त किया था, लेकिन धरातल पर स्थिति इसके विपरीत है।

### 'मकान गणना' प्रपत्र में ओबीसी का स्थान गायब..

समिति ने तकनीकी आपत्ति दर्ज कराते हुए बताया कि 1 अप्रैल 2026 से शुरू हुई जनगणना के पहले चरण (मकान गणना) में शासन की वेबसाइट और प्रगणकों के पास उपलब्ध प्रपत्र में केवल अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के ही कॉलम हैं। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 'अन्य' की श्रेणी में डाल दिया गया है, जो समाज के साथ धोखा है। यदि मकानों की गिनती में एससी और एसटी का उल्लेख हो सकता है, तो ओबीसी का क्यों नहीं? क्या सरकार सिर्फ मकानों की गिनती करना चाहती है या समाज की स्थिति की?

### बहिष्कार की चेतावनी..

ओबीसी समाज के नेताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि 1950 से अब तक की सरकारों ने ओबीसी समाज के साथ केवल छलावा किया है। शैक्षणिक, सामाजिक और राजनीतिक अधिकारों के लिए 'इम्पेरिकल डेटा' की अनिवार्यता है, जो बिना जातिगत जनगणना के संभव नहीं है। यदि जनगणना प्रपत्र में ओबीसी के लिए स्वतंत्र कॉलम नहीं जोड़ा जाता, तो समाज इस जनगणना को स्वीकार नहीं करेगा। पूरे जिले और समाज स्तर पर जनगणना के पूर्ण बहिष्कार की घोषणा की गई है। समिति ने मांग की है कि प्रशासन और शासन समय रहते इसमें सुधार करें, अन्यथा कानून व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति में जिम्मेदारी शासन की होगी।

इस अवसर पर ओबीसी संघर्ष कृति समिति के जिलाध्यक्ष तथा प्रमुख पदाधिकारीयों में प्रमुख रुप से बबलू एस. कटरे, अमर वराडे, मनोज रामभाऊ मेंढे, सुनील पटले, प्रा. आर. डी. कटरे, उमेश ठाकरे, रवि कुमार पटले, डॉ. दिगंबर पारधी, आरआर बेहेरे, विजय लिल्हारे, सुंदर लिल्हारे, योगेश फुंडे, जिवनलाल इंद्रपाल शरणागत, सुनील राउत, मनोज शरणागत, उमेश आर. शेंडे, गोविंद नागोरावजी लीचडे, राजीव ठाकरेले, गणेश जे. बर्डे, सौ. विमल नवलुजी कटरे, सौ. छायाताई शंकरलाल नागपुरे, निरज उपवंशी, मुकेश आर. शेंडे, नरेश परिहार, सुनील बोगाडे, धनंजय मुनिसिन वैद्य, रंजित बारलिंगे, अजित मेश्राम, वाय. टी. कटरे, कैलाश टेंभरे, माधवराव मारोतराव रहांगडाले, राजेश रिठेपुरे, सुरेन्द्र सोनवाने, जितेन्द्र कटरे, राजु चोंढेवार, देवरी, डॉ. प्रदीप रोकडे, बी. एम. करमकर, आनंद कृपाण, गौरव एस. बिसेन, बबलू मारवाडे, सोंड्या, राजकुमार (लल्लू) पटले, विमल कटरे (जि. प. सदस्य), नंदाताई काठो (जि. प. सदस्य), छायाताई नागपुरे (जि. प. सदस्य), उषाताई मेंढे (जि. प. सदस्य), उषाताई शहारे (जि. प. सदस्य), रवि पटले, एकोडी, जितेन्द्र कटरे (जि. प. सदस्य) व अन्य अनेक ओबीसी सदस्य उपस्थित थे।

# महिलाओं को आरक्षण देने की नियत होती तो वर्तमान सीटों पर देती भाजपा महिलाओं को आरक्षण.. वंदना काळे

## गोंदिया में कांग्रेस ने महिला आरक्षण पर किया भाजपा पर वार, कहा आरक्षण पर भाजपा का 'नैरेटिव' झूठा..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***कांग्रेस पार्टी महिला आरक्षण विरोधी नहीं है, बल्कि महिलाओं को आगे लाने का काम कांग्रेस ने ही किया है। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री के रुप में आयरन लेडी के रुप में मशहुर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश का नेतृत्व किया, और कांग्रेस संगठन ने इंदिरा गांधी को प्रधानमंत्री बनाया। कांग्रेस***

शासन में पहली बार महिला राष्ट्रपति की भी नियुक्ति की गई, और यह अधिकार और अवसर भी एक महिला को कांग्रेस ने ही दिया। पंचायती राज व्यवस्थाओं से लेकर 18 वर्ष की उम्र में मतदान का अधिकार देने संहित युवाओं और महिलाओं को आगे अवसर देने का कार्य कांग्रेस ने किया, जबकि कांग्रेस ही महिला आरक्षण का बिल लेकर आई, और महिला आरक्षण पर पुरजोर समर्थन कांग्रेस ने किया, जबकि इसके विपरित महिलाओं को उनके अधिकार देने के संदर्भ में भाजपा की नियत साफ नहीं है, इसलिये भाजपा ने वर्तमान सीटों पर नहीं बल्कि सीटें बढ़ाकर महिलाओं को आरक्षण देने की कूटनीतिक चाल खेली।

तथा इस नीति के माध्यम से भाजपा 2029 में फिर सत्ता पर वापस लौटकर संविधान संशोधन का सब्जबाग देख रही है, जिसे ध्वस्त करने का काम जरुर कांग्रेस ने किया है, यह बात आज गोंदिया में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दिलीप बंसोड एवं महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष वंदना काळे ने कही।

### बोली वंदना काळे..

महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष वंदना काळे ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के मुद्दे पर केवल झूठा नैरेटिव तैयार करने का काम कर रही है। यदि महिला आरक्षण बिल पारित हो चुका है, तो केंद्र सरकार ने वर्तमान की 543 लोकसभा सीटों में महिलाओं को आरक्षण क्यों नहीं दिया? यह तीखा सवाल आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस वार्ता में उठाया।

### भाजपा की महिलाओं से मेरा प्रश्न..

वंदना काळे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मेरा तो भाजपा के साथ साथ भाजपा की महिलाओं से भी एक प्रश्न है। उन्नाव हुआ, कठवा हुआ, मणिपुर जला, अशोक खैरात मामले में पूरा महाराष्ट्र शर्मसार हुआ, कहां है भाजपा की महिला मोर्चा की महिलाएं। महिलाओं के साथ जब अत्याचार हो रहा है, छोटी छोटी बच्चियों से बलात्कार हो रहा है।

जहां आपकी सरकार है, केन्द्र में आपकी सरकार है, सत्ता पक्ष के नशे में आप भी महिला अत्याचारों के विरोध में मुखर क्यो नहीं हो। वंदना काळे ने महिला आरक्षण के संदर्भ में कहा कि संसद में महिला आरक्षण बिल फेल हो गया, तो 10 मिनट में भाजपा की महिलाएं संसद का घेराव करने के लिये पहुंच गई, बैनर पोष्टर तैयार हो गए, तो क्या पहले से मालुम था भाजपा को कि महिला आरक्षण लागु नहीं होगा, मतलब महिला आरक्षण लागु नहीं करना चाहती थी, बल्कि महिला आरक्षण के नाम पर महिलाओं को बरगलाना जरुर चाहती है, लेकिन अब महिलाएं जागरुक हो गई है, भाजपा की झूठी बातों को पहचानने लगी है।

### जाति जनगणना से दूर भाग रही भाजपा.. विमलताई कटरे

कांग्रेस नेत्री विमलताई कटरे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भाजपा महिला आरक्षण के नाम पर महिलाओं के साथ खिलवाड़ करते हुए उन्हें आधा अधूरा आरक्षण देने की नियत रखती है, इसलिये महिला आरक्षण को लेकर परिसिमन का अड़ंगा लगाया गया है। श्रीमती कटरे ने कहा कि जातीगत जनगणना की मांग कांग्रेस निरंतर कर रही है, जातीगत जनगणना होगी, तो महिला आरक्षण के साथ ही ओबीसी आरक्षण, आदिवासी को और अनुसुचित जाती को उनका अधिकार देना पड़ेगा, लेकिन ऐसे वंचित वर्ग को वंचित रखने के लिये कूटनीतिपूर्ण महिला आरक्षण देने की भाजपा के षडयंत्र को कांग्रेस ने सफल नहीं होने दिया। कांग्रेस महिला आरक्षण लागु करना चाहती है तो यथास्थिति सीटों पर आरक्षण लागु करे, और जातीगत जनगणना का भी मार्ग प्रशस्त करे।

### बोले दिलीप बंसोड़..

प्रेस को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष दिलीप बंसोड ने कहा कि भाजपा महिलाओं के हक की बात केवल चुनावी फायदे के लिए करती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस ने हमेशा महिला सशक्तिकरण का समर्थन किया है। नेताओं ने सवाल उठाया कि जब संसद में कानून को लेकर सहमति बन चुकी है, तो इसे लागू करने के लिए जनगणना और परिसीमन का इंतजार क्यों किया जा रहा है? वर्तमान व्यवस्था के तहत ही 543 सीटों पर महिलाओं को प्रतिनिधित्व क्यों नहीं दिया गया?

### बोले अमर वराड़े..

प्रदेश सचिव अमर वराडे ने कहा कि भाजपा अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए विपक्ष के खिलाफ गलत धारणाएं बना रही है। कांग्रेस की मांग है कि महिलाओं को उनका हक तुरंत मिलना चाहिए, न कि भविष्य के खोखले वादों के रूप में।

# प्रोग्रेसिव्ह ग्रुप ऑफ स्कूल्स में मनाया गया विश्व वसुंधरा दिवस..






जगप्रेरणा गोंदिया।

***श्रीमती उमाबाई बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था, गोंदिया द्वारा संचालित प्रोग्रेसिव्ह ग्रुप ऑफ स्कूल्स के विद्यालय प्रोग्रेसिव्ह इंग्लिश स्कूल एवं प्रोग्रेसिव्ह इंटरनेशनल स्कूल में विश्व वसुंधरा दिवस***

उत्साहपूर्वक मनाय गया। इस असवर पर विद्यालयों द्वारा 'पर्यावरण संरक्षण' के उद्देश को लेकर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में स्पीच, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का समावेश था, जिसमें विद्यार्थीयों ने बढ़-चढकर प्रतिभाग किया।

संस्थाध्यक्ष डॉ. पंकज कटकवार, उपाध्यक्ष, श्रीमती अल्का पंकज कटकवार, सचिव डॉ. निरज कटकवार, श्रीमती लिना निरज कटकवार के मार्गदर्शन में आयोजित इस उपक्रम का मुख्य उद्देश पर्यावरण संरक्षण व वृक्षारोपन के तहत एक जन एक वृक्ष अभियान में प्रत्येक विद्यार्थी की भागीदारी को प्रोत्साहित करना था।

**कार्यक्रम के सफलतार्थ प्राचार्य श्रीमती वाय. आशा राव, मिनाक्षी महापात्रा, विकास पटले व सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी वर्ग ने अथक प्रयास किया।**

उत्कृष्टता एवं गुणवत्ता के 24 वर्ष..
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुलव्याध (बवासीर) फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा संशोधन केन्द्र
• मुळव्याध (बवासीर) • भगंदर (नासुर)
• फिशर • कड निकलना व अन्य गुदारोग
अत्याधुनिक लेजर, व्हेसल सिलर, क्षारसुत्र व आयुर्वेद द्वारा गुदा रोगों की दर्द रहित सफल चिकित्सा..
जटिल भगंदर के इलाज में विशेष प्राविण्यता..
डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Ayu.) CCKS (Guj)
बवासीर, भगंदर व गुदारोग तज्ञ
मो. 09823021274
साकेत पब्लिक स्कूल के पास, गणेश नगर गोंदिया (महा.) मो. 09823021274

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोस की जांच
■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

# दिल्ली में आईआरएस की होनहार बेटी के दुष्कर्मी को प्रतिदिन 100 कोड़े की और फांसी की सार्वजनिक सजा दी जाए..

## वरिष्ठ समाजसेवी छैलबिहारी अग्रवाल ने की न्यायाधीशों से मांग..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***दिल्ली में हाल ही में एक घरेलू नौकर बनकर विश्वास अर्जित कर सेवानिवृत्त आईआरएस अधिकारी के घर में उनकी होनहार बेटी के साथ दुष्कर्म एवं हत्या के अपराध को अंजाम देने की घटना हुई। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते***

हुए आरोपी घरेलु नौकर को गिरफ्तार कर लिया है, तथा उसे निश्चित ही कड़ी सजा मिलेगी, लेकिन अब न्यायालय को इस मामले में स्वतः कड़े कानून का प्रावधान करते हुए दुष्कर्मी को ऐसी सजा दी जानी चाहिए कि इस सजा से इस तरह के अपराध की मानसिकता रखने वालों में बड़ा खौफपैदा किया जा सके और कोई भी दुष्कर्मी और अपराधी ऐसे अपराध को अंजाम देने से पहले इतना खौफजदा हो जाए कि वह कभी किसी मासूम के साथ ऐसी बर्बरता ना कर सके।

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि आईआरएस अधिकारी के परिवार में उनकी इकलौती बेटी थी। जो कि खुद आईएएस अधिकारी बनने की तैयारी कर रही थी, वह युवती सिर्फ परिवार नहीं बल्कि देश का भी स्वर्णिम भविष्य थी, ऐसी बिटिया के साथ घरेलू नौकर बनकर विश्वास अर्जित कर विश्वास का गला घोंटते हुए नौकर ने दुष्कर्म और हत्या के घृणित अपराध को अंजाम देकर क्रूर हदें पार कर दी। श्री अग्रवाल ने कहा कि इस अपराधी के संदर्भ में यह भी सामने आया है कि उसने इस अपराध को अंजाम देने के 1 दिन पहले ही अपने मित्र की पत्नी से भी दुष्कर्म के अपराध को अंजाम दिया था। इस तरह का अपराधी जो कि इंसानियत का भी अपराधी है तथा उसका अपराध कड़ी से कड़ी सजा का हकदार है।

छैलबिहारी अग्रवाल ने कहा कि इस दुष्कर्मी और हत्यारे को प्रतिदिन तड़पाते हुए सार्वजनिक सजा दिए जाने की आवश्यकता है। अपराधी को जब सजा मिले तो उस सजा को पूरा देश देखे, ताकि ऐसे अपराध की मानसिकता के अंदर खौफपैदा हो। श्री अग्रवाल ने यह भी कहा कि इस अपराधी को फांसी की सजा भी सार्वजनिक रूप से दी जानी चाहिए, वहीं इस तरह के अपराध में कानून में न्यायाधीश को यह अधिकार भी दिया जाना चाहिए कि न्यायाधीश ऐसे अपराध की सजा स्व विवेक से अपराध की प्रकृति के अनुसार दे सके।

आवश्यकता है..
डायमंड फायटोरेमिडिज इंटरप्राईजेस, आयुर्वेदिक दवा कंपनी में एम.आर. की आवश्यकता है। शैक्षणिक योग्यता - पदवीधर या अनुभवी। गोंदिया, गोरेगांव या आमगांव क्षेत्र के निवासी को प्राथमिकता।
संपर्क करें - मो. 8087219155

आवश्यकता है..
दैनिक समाचार पत्र जगप्रेरणा के गोंदिया कार्यालय में आवश्यकता है।
पद - प्रेस रिपोर्टर / कैमरामेन
अधिक जानकारी के लिये संपर्क करें..
93290-33433
99226-07145
नोट - कृपया गोंदिया तहसील के निवासी ही संपर्क करें..
स्वयं का दुपहिया वाहन होना आवश्यक..

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com